CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28° C
न्यूनतम : 18° C

मुरादाबाद, शनिवार 9 मई 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 263 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2083 21 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में महिलाओं के खिलाफ अपराध के सबसे अधिक मामले: एनसीआरबी पेज 2



आईपीएल 2026: टॉप-4 की जंग में उतरेंगे राजस्थान और गुजरात खेल टाइम्स



अफसोसजनक है राजनीति में बदले की भावना सम्पादकीय



अमेरिका ने फिर की ईरान पर बमबारी कहा: हमने पलटवार किया पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### देशभर में अपराध छह फीसदी घटे: NCRB

**नई दिल्ली।** देशभर में 2024 में दर्ज अपराधों की संख्या में 6 फीसदी की गिरावट आई है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक, 2023 में 62.41 लाख मामलों के मुकाबले 2024 में 58.85 लाख केस दर्ज हुए। यह जानकारी बुधवार को जारी रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, क्राइम रेट यानी प्रति एक लाख आबादी पर दर्ज मामलों की संख्या भी कम हुई है। यह 2023 में 448.3 से घटकर 2024 में 418.9 रह गई। इससे साफ है कि कुल मामलों के साथ अपराध दर में भी गिरावट आई है। 2024 में हत्या के कुल 27,049 मामले दर्ज हुए। यह 2023 के मुकाबले 2.4 फीसदी कम है। रिपोर्ट के मुताबिक, हत्या के मामलों में सबसे बड़ा कारण आपसी विवाद रहा। इसके बाद बदला या दुश्मनी और लालच जैसी वजहें सामने आईं।

### मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद

**इम्फाल।** मणिपुर में सेनापति और चुराचांदपुर जिलों में चलाए गए अलग-अलग अभियानों के दौरान सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक और सामरिक उपकरण बरामद किए। सुरक्षा बलों ने सेनापति जिले के सेनापति पुलिस थाना अंतर्गत मरेमई-हेंगबुंग पहाड़ी श्रृंखलाओं में एक तलाशी अभियान शुरू किया और वहां से विभिन्न प्रकार के हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किए। बरामद किए गए सामानों में मैगजीन के साथ दो-22 राइफलें, मैगजीन के साथ एक -303 राइफल, मैगजीन के साथ एक एमपी-5 राइफल, मैगजीन के साथ एक एके-47 राइफल, चार स्थानीय स्तर पर बनी बोल्ट-एक्शन राइफलें, एक स्थानीय निर्मित शॉटगन, मैगजीन के साथ तीन -32 पिस्तौलें और मैगजीन के साथ दो -22 पिस्तौलें शामिल थीं।

### 'आश्चर्य का तत्व ' विकसित करें कमांडर: राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तेजी से बदलते भू-राजनीतिक सुरक्षा परिदृश्य में हर तरह की स्थिति से निपटने को तैयार रहने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वायत्त प्रणालियों, डेटा विश्लेषण और सुरक्षित संचार नेटवर्क में क्षमताओं को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि भविष्य के संघर्ष हाइब्रिड खतरों, सूचना प्रभुत्व तथा साइबर, अंतरिक्ष और विद्युतचुंबकीय क्षेत्रों में एक साथ संचालित अभियानों से प्रभावित होंगे। श्री सिंह ने संयुक्त कमांडरों के सम्मेलन के दूसरे और अंतिम दिन कमांडरों को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर को राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए की त्वरित, सटीक और संयुक्त जवाबी कार्रवाई का प्रतीक बताया।

### मुझे डांटकर चैम्बर से बाहर निकाल दिया था : सीजेआई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने शुक्रवार को अपनी निजी जिंदगी से जुड़ा एक किस्सा सुनाया। केस की सुनवाई के दौरान सीजेआई ने बताया कैसे एक जज ने उन्हें डांट लगाते हुए चैंबर से बाहर निकल जाने को कहा था।

# राष्ट्रपति ट्रम्प की टैरिफ नीति को लगा बड़ा झटका

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका में राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ नीति को बड़ा झटका लगा है। अमेरिकी संघीय व्यापार अदालत ने ट्रम्प प्रशासन द्वारा लगाए गए नए वैश्विक आयात शुल्क को खारिज कर दिया है।

अदालत ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन ने 1974 के ट्रेड एक्ट के तहत मिली सीमित शक्तियों का गलत इस्तेमाल किया और कानून से बाहर जाकर 10 प्रतिशत आयात अधिभार (इंपोर्ट सरचार्ज) लगाने की कोशिश की। अमेरिकी कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड ने 2-1 के फैसले में कहा कि ट्रम्प प्रशासन 1974 के व्यापार अधिनियम की

- **अमेरिकी अदालत ने खारिज किया नया टैरिफ आदेश, कहा- व्यापार कानून का हुआ गलत इस्तेमाल**
- **ट्रम्प की घोषणा यह साबित करने में विफल रही कि कानून के जरिये आवश्यक शर्तें पूरी हुई हैं: अदालत**



धारा 122 का इस्तेमाल व्यापक व्यापार घाटे और चालू खाता घाटे के आधार पर नहीं कर सकता। अदालत के मुताबिक, यह कानून 1970 के दशक की विशेष बैलेंस ऑफ पेमेंट्स यानी भुगतान संतुलन संकट से निपटने के लिए बनाया गया था, न कि आधुनिक दौर के सामान्य व्यापार घाटे के लिए। जज मार्क ए. बार्नेट और क्लेयर आर. केली ने अपने फैसले में कहा कि ट्रम्प की घोषणा यह साबित करने में विफल रही कि कानून के जरिये आवश्यक शर्तें पूरी हुई हैं। बता दें कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फरवरी में ये टैरिफ लगाए थे। अदालत ने यह भी चेतावनी दी कि अगर राष्ट्रपति को इतनी व्यापक व्याख्या की अनुमति दे दी जाए, तो उन्हें लगभग असीमित टैरिफ लगाने की शक्ति मिल जाएगी। कोर्ट ने कहा कि ऐसा करना संवैधानिक सवाल खड़ा कर सकता है, क्योंकि टैरिफ और व्यापार नीति तय करने का अधिकार मुख्य रूप से कांग्रेस के पास है। दरअसल, इस साल की शुरुआत में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प की पहले वाली टैरिफ व्यवस्था को भी खारिज कर दिया था, जिसे उन्होंने आपातकालीन शक्तियों वाले कानून के तहत लागू किया था। इसके बाद फरवरी में ट्रम्प ने धारा 122 का इस्तेमाल करते हुए नया टैरिफ लागू किया।

## ईरान ने अमेरिका के विध्वंसक जहाजों पर किया हमला

**तेहरान।** ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) की नौसेना ने शुक्रवार सुबह अमेरिकी विध्वंसक जहाजों पर हमले किए। ईरान का दावा है कि यह कार्रवाई संघर्ष विराम के उल्लंघन और उसके एक तेल टैंकर के खिलाफ अमेरिकी सेना की आक्रामक गतिविधियों के जवाब में की गई है। यह घटना ईरान के दक्षिणी बंदरगाह 'जास्क' के पास हुई। ईरानी नौसेना के अनुसार, जब अमेरिकी युद्धपोत 'होर्मुज स्ट्रेट' की ओर बढ़ रहे थे, तब आईआरजीसी ने जवाबी हमला किया। इस अभियान में ईरान ने एंटी-शिप बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों के साथ-साथ विस्फोटक वारहेड वाले ड्रोन का भी इस्तेमाल किया। ईरानी नौसेना ने बताया कि खुफिया निगरानी से पता चला है कि इस हमले में अमेरिकी सैन्य जहाजों को काफी नुकसान पहुंचा है। ईरान का दावा है कि हमले के बाद अमेरिकी सेना के तीन जहाज होर्मुज स्ट्रेट से तेजी से पीछे हट गए हैं। इस घटना के बाद क्षेत्र में सैन्य तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया है।

## ईडी ने 1000 करोड़ के घोटाले में तीन को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ईडी ने कथित 1,000 करोड़ रुपये के ऑनलाइन सट्टेबाजी और मनी लॉन्ड्रिंग रैकेट से जुड़े बड़े अभियान के तहत दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु और अन्य स्थानों पर लगभग 18 ठिकानों पर व्यापक छापेमारी की। गुरुवार सुबह शुरू हुई यह छापेमारी कल देर रात एक बजे तक चली। जांच एजेंसी के सूत्रों के अनुसार, तलाशी के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम दीपक सिंह अहलावत, पृथ्वी कुमार और विकास तनेजा है। दीपक सिंह अहलावत हरियाणा का रहने वाला है, जबकि पृथ्वी कुमार उत्तराखंड का निवासी है।

# बंगाल में सुवेंदु व तमिलनाडु में विजय आज लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

कोलकाता, वार्ता

**सुवेंदु अधिकारी** पश्चिम बंगाल के नए सीएम होंगे। कोलकाता में कन्वेंशन सेंटर में आयोजित विधायक दल की बैठक में उन्हें नेता चुना गया। बैठक के बाद अमित शाह ने उनके नाम का ऐलान किया। इसके बाद सुवेंदु राज्यपाल से मिलने लोकभवन पहुंचे और सरकार बनाने का दावा पेश किया।

सुवेंदु शनिवार सुबह 11 बजे कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी, शाह समेत एनडीए के कई बड़े नेता शामिल होंगे। उधर शाह ने विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ममता जी के शासन में अपराधी राजनेता बन गए, तो विकास की गुंजाइश ही नहीं रही। हम घुसपैठ,



- **सुवेंदु अधिकारी राज्यपाल से मिलने पहुंचे, सरकार बनाने का दावा पेश किया**

हिंसा, कट मनी खत्म करेंगे। महिला सुरक्षा टॉप प्रायोरिटी होगी। 56 साल के सुवेंदु ने सीएम ममता बनर्जी को भवानीपुर से हराया है। वे नंदीग्राम से भी लगातार दूसरी बार चुनाव जीते। यहां से 2021 में उन्होंने ममता को हराया था। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में 207 सीटें जीती हैं। अमित शाह ने सुवेंदु के नाम का ऐलान करने के बाद उन्हें सबसे पहले माला पहनाई।

## विजय को गवर्नर ने दिया सरकार बनाने का न्योता

**चेन्नई।** तमिलनाडु में सरकार गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के प्रमुख विजय शुक्रवार को तीसरी बार लोकभवन पहुंचकर राज्यपाल से मिले। विजय द्वारा समर्थन पत्र सौंपने के बाद राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने उन्हें सरकार बनाने का न्योता दिया। सूत्रों के अनुसार, यह मुलाकात संक्षिप्त रही।

शनिवार सुबह 11 बजे विजय मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। विजय की शपथ में राहुल गांधी भी शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस और वामपंथी दलों से समर्थन मिलने के बाद विजय ने सरकार बनाने का दावा पेश किया। वामपंथी दलों द्वारा बिना शर्त समर्थन देने के कुछ घंटों बाद विजय शुक्रवार को तीसरी बार राजभवन पहुंचे, उन्होंने सरकार बनाने के जरूरी आंकड़े का समर्थन पत्र सौंपा। टीवीके ने चुनाव में कुल 108 सीटें जीतकर मजबूत प्रदर्शन किया है। राज्य में सरकार बनाने के लिए बहुमत का



आंकड़ा 118 सीटों का है। ऐसे में विजय को सरकार गठन के लिए अभी और विधायकों के समर्थन की जरूरत है। वर्तमान स्थिति के अनुसार, सीपीआई, वीसीके और मार्क्सवादी (सीपीआई- एम) के पास 2-2 विधायक हैं। वहीं कांग्रेस के 5 विधायकों का समर्थन टीवीके को पहले से मिला हुआ है।

### कर्नल सोफिया पर विजय शाह की टिप्पणी

# मप्र सरकार पर सख्त हुआ सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं।

शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में अभियोजन स्वीकृति देने में हो रही देरी पर राज्य सरकार को फटकार लगाई। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत ने कड़े शब्दों में कहा कि बस बहुत हुआ, अब हमारे आदेश का पालन कीजिए। कोर्ट ने कहा कि यह सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण नहीं, बल्कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था। सुनवाई के दौरान जब सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मंत्री का बचाव करते हुए कहा कि शायद उनके बयान को गलत समझा गया और वे महिला अधिकारी की प्रशंसा करना चाहते थे, तो सीजेआई सूर्यकांत ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण



- **कर्नल सोफिया मामले में एमपी सरकार को फटकार, कहा: बहुत हुआ, आदेश का पालन करें**

नहीं, बल्कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था। एक राजनेता के तौर पर उन्हें अच्छी तरह पता है कि किसी महिला अधिकारी की प्रशंसा कैसे की जाती है। कोर्ट ने एसआईटी की स्टेटस रिपोर्ट का हवाला देते हुए टिप्पणी की कि मंत्री को इस तरह के कमेंट करने की आदत है। यह विवाद पिछले साल भारत की ओर से पाकिस्तान के खिलाफ की गई क्रॉस-बॉर्डर सैन्य कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के बाद शुरू हुआ था।

# ग्रेटर नोएडा के निर्माणाधीन हॉस्टल में दो मालियों के शव मिले

शाह टाइम्स ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्धनगर जिला क्षेत्र ग्रेटर नोएडा के नॉलेजपार्क थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक निजी इंस्टीट्यूट के निर्माणाधीन हॉस्टल में दो व्यक्तियों के शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस हत्या की

- **मेरठ के रहने वाले थे दोनों मृतक**

आशंका के आधार पर मामले की पड़ताल कर रही है। पुलिस ने बताया गया कि उसको डायल-112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि एक निजी संस्थान के निर्माणाधीन हॉस्टल के कमरे में दो लोगों के शव पड़े हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना नॉलेजपार्क पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पूछताछ के दौरान मृतकों की पहचान इंद्र पुत्र निवासी अब्दुल्लापुर, मेरठ तथा शीशपाल निवासी ग्राम इंचौली, मेरठ के रूप में हुई। दोनों की उम्र लगभग 45 वर्ष बताई जा रही है। दोनों व्यक्ति करीब दो से तीन दिन पहले ही संस्थान में माली का कार्य करने के लिए आए थे और निर्माणाधीन हॉस्टल परिसर में ही रह रहे थे।

## कांग्रेस और द्रमुक के अलग हुए रास्ते

**नई दिल्ली।** द्रमुक सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर संसद में द्रमुक सांसदों के लिए अलग बैठने की व्यवस्था करने की मांग की है। कनिमोझी ने अपने पत्र में लिखा कि वह लोकसभा में द्रमुक सांसदों की सीटिंग व्यवस्था में उपयुक्त बदलाव करने का सम्मानपूर्वक अनुरोध करती हैं। बदले हुए राजनीतिक हालात और कांग्रेस के साथ गठबंधन समाप्त हो जाने के बाद सदन में कांग्रेस सांसदों के साथ मौजूदा सीटिंग व्यवस्था में बैठना अब उचित नहीं माना जा सकता।



चेन्नई: टीवीके प्रमुख विजय के समर्थन में पोस्टर दिखाती एक कांग्रेस कार्यकर्ता।

# स्वदेशी ग्लाइड हथियार प्रणाली 'तारा' का सफल परीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। स्वदेशी रूप से विकसित ग्लाइड वेपन सिस्टम टैक्टिकल एडवांस्ड रेंज ऑग्मेंटेशन (तारा) का पहला सफल परीक्षण उड़ान किया गया है।

ओडिशा तट के पास गुरुवार को किए गए इस परीक्षण को भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय वायुसेना (आईएएफ) ने संयुक्त रूप से अंजाम दिया। रक्षा मंत्रालय ने इसे भारत की प्रिसिजन स्ट्राइक क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण




- **डीआरडीओ ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की**

कदम बताया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, 'तारा' भारत का पहला स्वदेशी ग्लाइड वेपन सिस्टम है। इसे बिना दिशा-निर्देश वाले वारहेड को अत्यधिक सटीक निशाना साधने वाले प्रिसिजन गाइडेड हथियार में बदलने के लिए विकसित किया गया है। इस तकनीक के जरिये पारंपरिक और कम लागत वाले हथियारों की मारक क्षमता और सटीकता को कई गुना बढ़ाया जा सकता है। मंत्रालय ने बताया कि इस प्रणाली को हैदराबाद स्थित डीआरडीओ की प्रमुख प्रयोगशाला रिसर्च सेंटर इमारत (आरसीआई) ने अन्य डीआरडीओ लैब्स के सहयोग से विकसित किया है। इसका उद्देश्य कम लागत में ऐसे अत्याधुनिक हथियार तैयार करना है, जो दुश्मन के जमीनी ठिकानों को बेहद सटीकता के साथ निशाना बना सकें। विशेषज्ञों के मुताबिक, ग्लाइड वेपन सिस्टम पारंपरिक बमों को आधुनिक गाइडेंस तकनीक से लैस करता है, जिससे वे लंबी दूरी तक जाकर लक्ष्य को अधिक सटीकता से भेद सकते हैं। 'तारा' प्रणाली में अत्याधुनिक लेकिन कम लागत वाली तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है, जिससे भविष्य में भारतीय सशस्त्र बलों को कम खर्च में उच्च क्षमता वाले प्रिसिजन हथियार उपलब्ध हो सकेंगे।

# यूपी में आंधी-बारिश से पारा 10 डिग्री तक गिरा

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड और गंगा से सटे बंगाल के इलाकों में आंधी-बारिश का अलर्ट है।

दक्षिण में केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु के कई जिलों में भी अगले 7 दिन तक भारी बारिश होगी। शुक्रवार को एमपी में आंधी-बारिश के बाद तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यूपी में भी बारिश से राहत रही। 7 दिन पहले जिस बांदा में तापमान 47.6 डिग्री सेल्सियस था, वह 7 मई को 38 डिग्री तक पहुंच गया। हालांकि, गुजरात और महाराष्ट्र में गर्मी और उमस वाला मौसम बना हुआ है। गुजरात का राजकोट देश में सबसे गर्म रहा, यहां का तापमान 42.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

- **गुजरात और महाराष्ट्र में गर्मी और उमस वाला मौसम बना**

CMYK

# गोवंशीय अवशेष मिलने पर चेतावनी

## 48 घंटे में कार्रवाई न होने पर आंदोलन की धमकी, पुलिस जांच जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** साहनपुर में गोवंशीय अवशेष मिलने के बाद बजरंग दल ने प्रशासन को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर अवशेषों को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा है।



यह घटना तब सामने आई जब अमरोहा से चार धाम यात्रा पर निकले अनुज ने साहनपुर के रास्ते हरिद्वार जाते समय गोवंशीय अवशेष पड़े देखे। उन्होंने इसकी सूचना बजरंग दल को दी। बजरंग दल के जिला सुरक्षा प्रमुख अभिषेक त्यागी और प्रखंड संयोजक पीयूष बजरंगी के अनुसार आज सुबह करीब 7:30 बजे साहनपुर के रिहायशी इलाके में अवशेष मिलने की जानकारी मिली थी।

बजरंग दल ने प्रशासन से इस घटना में शामिल लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि 48 घंटे के भीतर आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। इस संबंध में एक ज्ञापन भी सौंपा गया, जिसमें अभिषेक त्यागी, पीयूष बजरंगी, गजेंद्र प्रजापति, मनीष कुमार, लक्की कुमार, अजय कुमार, विवेक कुमार, योगेश और सचिन कुमार सहित कई कार्यकर्ताओं के नाम शामिल हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद अंजनी कुमार चतुर्वेदी, थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार, इंस्पेक्टर क्राइम और एसआई सौरभ कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और गोवंश के अवशेषों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस क्षेत्राधिकारी चतुर्वेदी ने बताया कि डॉक्टरों की प्रारंभिक जांच में ये अवशेष पुराने बताए गए हैं। सड़ी-गली खाल को यूरिया वाले खाद की बोरी में भरकर सड़क किनारे झाड़ियों में भरे पानी में फेंक दिया गया था। पुलिस ने अवशेषों को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा है।

इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# शिक्षक पर मारपीट व गाली-गलौज का आरोप

## बिजनौर में बीएसए कार्यालय पर प्रदर्शन, कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नहटौर।** नहटौर ब्लॉक क्षेत्र स्थित मीमला जमालपुर के कम्पोजिट विद्यालय के दर्जनों बच्चे आज बीएसए कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एक शिक्षक पर मारपीट और गाली-गलौच के गंभीर आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया और कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।



बच्चों का आरोप है कि शिक्षक सौरभ उनके साथ मारपीट और गाली-गलौच करता है, जिससे वे भयभीत हैं। उनका कहना है कि पिछले एक महीने से शिक्षक के डर के कारण कई बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। पीड़ित बच्चों ने बताया कि एक महीने पहले भी इस संबंध में ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन अब तक शिक्षक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बच्चों ने आरोपी शिक्षक को विद्यालय से हटाने की मांग की है।

बच्ची नंदिनी, आयशा और इकरा सहित कई स्कूली बच्चों ने बताया कि स्कूल टीचर उनके साथ बदसलूकी करते हैं, गंदी गालियां देते हैं और मारपीट भी करते हैं। इसी शिकायत को लेकर वे आज बीएसए कार्यालय पर आए हैं। ग्राम प्रधान अशोक कुमार ने भी आरोपों का समर्थन करते हुए बताया कि शिक्षक सौरभ बच्चों के साथ मारपीट करते हैं। जब बच्चों के परिजन शिकायत करने स्कूल जाते हैं, तो शिक्षक उनके साथ भी बदसलूकी करते हैं। उन्होंने कई बार शिक्षक को समझाने और शिकायत करने की बात कही, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसान यूनियन के नेता मुनेश कुमार ने बच्चों का समर्थन करते हुए कहा कि शिक्षक सौरभ का आचरण ठीक नहीं है और वह बच्चों के साथ मारपीट करता है। उन्होंने बताया कि सौरभ जूनियर टीचर होते हुए भी सीनियर का चार्ज संभाल रहा है और उसकी शिकायतें पहले भी हो चुकी हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# नगर अतिक्रमण मुक्त बनाने को पालिका ने चलाया अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नगर पालिका प्रशासन ने शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए बड़ा अभियान चलाया। इस दौरान कोतवाली देहात और नूरपुर मार्ग पर सड़क किनारे अवैध कब्जा करने वाले 10 दुकानदारों के चालान काटे गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार अभियान के तहत इन दुकानदारों से कुल 2500 रुपए का जुर्माना वसूला गया। नगर पालिका की टीम ने सड़कों पर रखे सामान और अवैध ठेलों को हटवाया।

टीम ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी है कि यदि दोबारा अतिक्रमण पाया गया, तो और भी कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका टीम ने बताया कि सड़कों पर बढ़ते

### दस दुकानदारों के चालान काटे

अतिक्रमण के कारण यातायात बाधित हो रहा था, जिसे देखते हुए यह कदम उठाया गया है। भविष्य में भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे।

यह कदम शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और पैदल चलने वालों की सुविधा के लिए उठाया गया है। स्थानीय प्रशासन ने सभी व्यापारियों से सहयोग की अपील की है। इस अभियान के दौरान कपिल शर्मा, गौरव त्यागी, दीप कुमार, विशाल वर्मा, आशीष कुमार, तालिब और हुजैफा सहित नगर पालिका के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# भाकियू ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

## ज्वलंत समस्याओं का मुद्दा उठाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक अध्यक्ष विकास चौधरी के नेतृत्व में क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को लेकर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा।



यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि किसानों और स्थानीय जनता की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो संगठन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर ब्लॉक सभागार में भाकियू टिकैत की एक पंचायत आयोजित हुई। यूनियन द्वारा सौंपे गए 17-सूत्रीय ज्ञापन में कृषि, बुनियादी ढांचे और जन सुविधाओं से संबंधित कई मांगें शामिल हैं। कृषि क्षेत्र में, नहटौर ब्लॉक में गेहूं क्रय केंद्र संचालित करने, सहक. ारी समितियों पर समय से खाद उपलब्ध कराने और कृषि विभाग द्वारा बीज व दवाओं का बिना भेदभाव वितरण करने की मांग की गई।

बिजली संबंधी समस्याओं पर भी जोर दिया गया। किसानों के नलकूपों के लिए मुफ्त बिजली देने, रोस्टर के नाम पर हो रही अघोषित कटौती बंद करने और स्मार्ट मीटर लगाने का कड़ा विरोध जताया गया। इसके अतिरिक्त, नहटौर नगर में लोड डिवाइड करने के लिए वाल्मीकि बस्ती के पास स्थित 200 केवी के ट्रांसफार्मर को चालू करने की मांग भी रखी गई।

बुनियादी ढांचे के तहत, ग्राम फूलसन्दा से ढकौली मार्ग पर बनी सीसी रोड के दोनों ओर मिट्टी भरवाने, कश्मीरी अड्डे से गारा. ्पुर-फिरोजपुर मार्ग के गड्ढों को भरने और ग्राम पाडली मांडू में बाजार के पास लगे कूड़े के ढेर को हटाने की मांग की गई।

जनसुविधाओं के मुद्दों में आवारा पशुओं और नगर में घूम रहे कुत्तों को पकड़वाने, नगर के चौराहों पर शौचालयों व प्याऊ की व्यवस्था करने तथा नालों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने का मुद्दा उठाया गया।

ज्ञापन के माध्यम से ब्लॉक अध्यक्ष विकास चौधरी ने स्पष्ट किया कि किसान समय से खाद न मिलने और बिजली की समस्याओं के कारण अपनी फसलों को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि भाकियू (टिकैत) हमेशा किसानों के हितों के लिए लड़ती रही है और प्रशासन को इन मांगों पर तत्काल संज्ञान लेना चाहिए।

ज्ञापन सौंपते समय पुनीत तुषियार, राजेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह (तहसील अध्यक्ष धामपुर), विजयपाल सिंह, जयपाल सिंह, जैनेंद्र सिंह, धीरेंद्र सिंह और सुनील कुमार सहित भारी संख्या में किसान व यूनियन पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मनोज कुमार अध्यक्ष प्रदीप कुमार महामंत्री चुने गए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा एसोशिएशन जिला इकाई के अधिवेशन में मनोज कुमार को निर्विरोध जिला अध्यक्ष तथा प्रदीप कुमार को जिला महामंत्री चुना गया।

इस मौके पर संगठन के पदाधिकारी ने कर्मचारियों की समस्याओं का निस्तारण करने पर जोर दिया। जिला बीएसए कार्यालय के सभागार में आयोजित उत्तर प्रदेश लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा का अधिवेशन सेवानिवृत्ति सहायक लेखा अधिकारी डीके पांडेय की देखरेख में आयोजित किया गया। इस मौके पर संगठन को मजबूत करने के लिए मनोज कुमार को निर्विरोध जिला अध्यक्ष, प्रदीप कुमार को जिला महामंत्री, संजीव कुमार मिश्रा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, तपेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष, मौहम्मद नईम संयुक्त मंत्री, राकेश कुमार कोषाध्यक्ष, मीनाक्षी संगठन मंत्री, मौहम्मद अली नकी निर्विरोध प्रचार मंत्री चुने गए। जबकि डीके पांडेय को संगठन का संरक्षक चुना गया। निर्वाचित सभी पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

संगठन के संरक्षक डीके पांडेय ने कहा कि समस्याओं के निस्तारण को संगठन को मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने एकजुट होकर कार्य करने पर जोर दिया। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि वह कर्मचारियों की समस्याओं का निस्तारण कराने के लिए काम करेंगे।

# डा. अभिषेक आसपा में शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** आगामी चुनावों से पहले नहटौर विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। क्षेत्र के सक्रिय चेहरे डा. अभिषेक कुमार ने औपचारिक रूप से आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की सदस्यता ग्रहण कर ली है। उनके इस कदम को नहटौर की राजनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।



प्राप्त समाचार के अनुसार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना लोकसभा के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने डा. कुमार को पार्टी की सदस्यता दिलाई। यह घटनाक्रम क्षेत्र में राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित कर सकता है। सदस्यता ग्रहण करने के बाद डा. अभिषेक कुमार ने अपने उद्देश्यों को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि उनका यह कदम केवल एक पार्टी में शामिल होना नहीं, बल्कि समाज के हर वंचित वर्ग की आवाज बनने की नई शुरुआत है। उन्होंने सामाजिक न्याय, युवाओं को मंच प्रदान करने और संविधान की मजबूती के लिए संघर्ष करने को अपना मुख्य लक्ष्य बताया। डॉ. कुमार पिछले काफी समय से नहटौर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क और सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे हैं। पार्टी में शामिल होने के साथ ही उन्होंने नहटौर विधानसभा से अपनी चुनावी दावेदारी को और मजबूत कर दिया है। उनके समर्थकों में इस फैसले को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। सदस्यता ग्रहण के दौरान उन्होंने 'जय भीम! जय संविधान' का उद्घोष किया। डा. कुमार की युवाओं के बीच मजबूत पकड़ और उनकी सक्रियता से आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) को नहटौर विधानसभा क्षेत्र में मजबूती मिलने की उम्मीद है। पार्टी का प्रमुख एजेंडा अधिकार, सम्मान और सामाजिक बदलाव है।

# भनेड़ा में खुलेआम अवैध मिट्टी खनन

## प्रशासन से अवैध खनन के खिलाफ सख्त अभियान चलाकर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** भनेड़ा व मौअज्जमपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर (मौजा औरंगाबाद) के जंगलों में रात में न नहर के पास, मुस्सेपुर के जंगलों तथा आसपास के कई इलाकों में अवैध मिट्टी भरान का कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है।

खनन माफिया बेखौफ होकर दिन-रात मिट्टी भरान का अवैध काम कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि देर रात तक जेसीबी मशीनों, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों व डंपरों के माध्यम से खनन किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही मिट्टी के अवैध भरान से राजस्व को भी बड़ा नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से खनन के कार्यों में अचानक काफी तेजी आ गई है। आरोप है कि मिट्टी भरान माफियाओं ने भरान करने का तरीका भी बदल दिया है और दिन के बजाय रात के अंधेरे में 30-35 ट्रैक्टर-ट्रॉली व डंपर लगाकर अवैध मिट्टी का भरान किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह सब कथित रूप से हल्का दरोगा की मिलीभगत से हो रहा है। मालूम हो कि शुक्रवार रात भी ग्राम हुसैनपुर के निकट एक प्लॉट पर करीब 30 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों द्वारा भरान किए जाने की चर्चा क्षेत्र में रही। लगातार चल रहे भारी वाहनों की आवाजाही से गांव की सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं और



धूल-मिट्टी के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं लगातार हो रहे अवैध मिट्टी के भरान से पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद संबंधित विभाग और प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

क्षेत्रवासियों ने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर किसकी मिलीभगत से यह अवैध मिट्टी भरान का कारोबार खुलेआम चल रहा है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो भविष्य में स्थिति और गंभीर हो सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अवैध खनन के खिलाफ सख्त अभियान चलाकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने तथा तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

# विदेशी मुद्रा भंडार 7.79 अरब डॉलर घटा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 01 मई को समाप्त सप्ताह में 7.794 अरब डॉलर घटकर 690.693 अरब डॉलर रह गया। यह विदेशी मुद्रा भंडार का पांच सप्ताह का निचले स्तर और इसी अवधि में सबसे बड़ी गिरावट भी है। इससे पहले, 24 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में यह 4.821 अरब डॉलर घटकर 698.487 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट की मुख्य वजह स्वर्ण भंडार में गिरावट रही। रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि 01 मई को समाप्त सप्ताह में देश का स्वर्ण भंडार 5.021 अरब डॉलर घटकर 115.216 अरब डॉलर रह गया। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति भी



2.797 अरब डॉलर की कमी के साथ 551.825 अरब डॉलर रहा। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा जापानी एन, ब्रितानी पाउंड और यूरो भी शामिल हैं। इनके मूल्य का आंकलन डॉलर की तुलना में इनकी संदर्भ दर के आधार पर किया जाता है। आलोच्य सप्ताह में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 80 लाख डॉलर बढ़कर 4.863 अरब डॉलर पर और विशेष आहरण अधिकार 1.5 करोड़ डॉलर की वृद्धि के साथ 18.789 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# अब मिशन यूपी की तैयारी में बीजेपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में से तीन पर बीजेपी ने भगवा लहरा दिया है। जल्द ही पश्चिम बंगाल और असम में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हो जाएगा। इसके बाद बीजेपी का पूरा फोकस उत्तर प्रदेश पर रहने वाला है।देश की राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाने वाले उत्तर प्रदेश के 2027 के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर ही यह बदलाव किए जाएंगे।

इसी दिशा में उत्तर प्रदेश में योगी मंत्रिमंडल के विस्तार और प्रदेश इकाई में बदलाव की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। खबर है कि 7 मई के बाद कभी भी मंत्रिमंडल का विस्तार किया जा सकता है। योगी मंत्रिमंडल के लिए नामों की सूची पर काम शुरू कर दिया गया है, लेकिन बीजेपी मंत्रिमंडल विस्तार में ज्याद बदलाव करने के मूड में नहीं है। हालांकि अटकलें हैं कि मंत्रिमंडल में कुछ नए चेहरों को शामिल किया जा सकता है और कुछ ही पुराने चेहरे

**मंत्रिमंडल के साथ-साथ संगठन में भी हो सकता है बदलाव!**

हटाए जा सकते हैं। इसका उद्देश्य जातीय समीकरण को साधना है। बीजेपी 2027 के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर ही मंत्रिमंडल का विस्तार करने पर विचार कर रही है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश के मंत्रिमंडल में 54 मंत्री हैं। प्रदेश के मंत्रिमंडल की क्षमता 60 सीटों की है और अभी 6 सीटें खाली हैं, जिन्हें भरने पर फोकस किया जाएगा।

वर्तमान के मंत्रिमंडल में ज्यादा बदलाव न करने का उद्देश्य राज्य सरकार में जातीय समीकरणों के संतुलन को बनाए रखना है। अलीगढ़ की सुरक्षित सीट से विधायक सुरेंद्र दिलेर का नाम मंत्री पद के लिए चर्चा में है। इसके अलावा सुरेंद्र दिलेर वाल्मीकि समाज से ताल्लुक रखते हैं। इस तरह मंत्रिमंडल में एक वाल्मीकि चेहरा भी शामिल हो सकता है। ब्राह्मण जाति से रायबरेली के मनोज पांडे और मथुरा विधानसभा क्षेत्र से श्रीकांत शर्मा का नाम भी मंत्री पद के लिए चर्चा में है। इसके अलावा पिछड़ी जाति से हंसराज विश्वकर्मा का नाम भी मंत्रीपद के लिए चर्चा में है। इसके अलावा बीजेपी योगी की टीम में महिलाओं की भागीदारी को भी बढ़ाने पर विचार कर रही है। फतेहपुर से तीन बार विधायक रहीं कृष्णा पासवान को मंत्री बनाया जा सकता है, जिससे महिला के साथ-साथ दलित समीकरण को साधा जा सके। इसके अलावा महमूदाबाद की विधायक आशा मौर्य को भी मंत्री बनाने की चर्चा है।

आशा मौर्य पिछड़ी जाति से हैं। जानकारी के लिए बता दें कि पिछले कुछ समय से बीजेपी यूपी को लेकर दिल्ली से लेकर लखनऊ तक कई बैठकें कर रही थी। मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद प्रदेश संगठन में बदलाव के लिए प्रस्तावित नामों की सूची केंद्रीय नेतृत्व को सौंप दी गई हैं।

# बंगाल फिर बनेगा व्यापार, उद्योग और रोजगार का केंद्रः खंडेलवाल

**नई दिल्ली।** कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा है कि पश्चिम बंगाल फिर से व्यापार, उद्योग और रोजगार का केंद्र बनेगा।

खंडेलवाल ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि व्यापार एवं उद्योग जगत अब राज्य में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार बनने की संभावना के साथ नई आशा और विश्वास से भर गया है। पिछले 15 वर्षों में राज्य में उद्योग, व्यापार, सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई), पारंपरिक कारोबार और उद्यमिता को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ा। नीति अस्थिरता, निवेशकों का घटता विश्वास, उद्योगों का पलायन, सिंडिकेट संस्कृति, प्रशासनिक दबाव और कमजोर औद्योगिक वातावरण ने बंगाल की ऐतिहासिक औद्योगिक पहचान को कमजोर किया। खंडेलवाल ने कहा कि एक समय देश के प्रमुख औद्योगिक राज्यों में गिने जाने वाला पश्चिम बंगाल आज निवेश, रोजगार और औद्योगिक विकास की दौड़ में पीछे चला गया है।

हजारों एमएसएमई इकाइयां बंद हुईं या अन्य राज्यों में स्थानांतरित हो गईं। व्यापारियों, छोटे उद्योगों, कारीगरों और पारंपरिक क्षेत्रों को पर्याप्त संरक्षण एवं प्रोत्साहन नहीं मिला, विशेष रूप से चाय, जूट, हैंडलूम, चमड़ा, मिठाई उद्योग और छोटे व्यापार से जुड़े लाखों लोगों को बढ़ती लागत, जटिल नियमों और कमजोर बुनियादी ढांचे का सामना करना पड़ा। छेना आधारित मिठाइयों पर जीएसटी ने भी पारंपरिक मिठाई उद्योग पर अतिरिक्त बोझ डाला।

# पूर्व मंत्री ओमवती का निधन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** पूर्व सांसद व पूर्व मंत्री श्रीमती ओमवती देवी का आज शाम निधन हो गया। कल (आज) दोपहर बाद ढाई बजे स्योहारा क्षेत्र के ग्राम रूपपुर शाहपुर में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनका पार्थिव शरीर सुबह 11 बजे आवास-विकास कॉलोनी स्थित आवास पर अंतिम दर्शन के बाद नगीना आवास पर दोपहर 12 बजे ले जाया जाएगा। वहां से उनका पार्थिव शरीर धामपुर क्षेत्र के ग्राम मिलक तखावली में मायके में ले जाया जाएगा। उनके निधन का समाचार मिलते ही पूरे जनपद में



शोक की लहर दौड़ गई। वह बसपा सरकार में मंत्री रहीं थीं। वह बिजनौर की पूर्व सांसद भी थीं। वह सपा व बसपा से लम्बे समय तक जुड़ी रहीं। वह सन 1983 से 1989 तक नगीना से कांग्रेस की विधायक रहीं। इसके बाद 1996 से 1998 तक नगीना से सपा की विधायक रहीं। 1998 से 1999 तक वह बिजनौर से सपा की सांसद रहीं। सन् 2002 सन 2007 तक वह नगीना से सपा की विधायक रहीं। इसके बाद सन 2007 से 2012 तक वह नगीना से विधायक एवं बसपा सरकार में राज्यमंत्री रहीं। वह वरिष्ठ आईएएस अधिकारी रहे आरके सिंह की पत्नी थीं। उनकी पुत्रवधु श्रीमती हेनरीता राजीव सिंह वर्तमान में कांग्रेस की जिलाध्यक्ष हैं। उन्होंने अपने पूरे जीवन में दबे-कुचले समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया।

# भाकियू की पंचायत में समस्याओं पर विचार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) की मासिक पंचायत तहसील परिसर में आयोजित हुई, जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। पंचायत के बाद किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की।

पंचायत को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह धंकड़ ने कहा कि किसानों की समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों पर जबरन स्मार्ट मीटर लगाने का प्रयास किया गया, तो भारतीय किसान यूनियन इसका पुरजोर विरोध करेगी और स्मार्ट मीटर नहीं लगने दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बिलाई शुगर



## एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

मिल द्वारा किसानों के गन्ने का भुगतान समय से नहीं किया जा रहा है, जिससे किसानों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा गुलदार की बढ़ती समस्या से ग्रामीण क्षेत्रों में भय का माहौल बना हुआ है और किसानों का खेतों पर जाना मुश्किल हो गया है।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि गर्मी के मौसम में नहरों में पर्याप्त पानी नहीं आने से फसलें सूखने की कगार पर हैं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि नहरों में शीघ्र पर्याप्त पानी छोड़ा जाए, गन्ना भुगतान जल्द कराया जाए और गुलदार की समस्या से राहत दिलाई जाए।पंचायत के बाद किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

पंचायत में जिलाध्यक्ष हेमेंद्र सिंह धनखड़, मंडल अध्यक्ष मुरादाबाद भूपेश चौधरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश प्रधान, राष्ट्रीय संरक्षण के गुरुदेव प्रधान, कोषाध्यक्ष यशपाल राठी, मंडल महासचिव भोर सिंह आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता प्रदेश महासचिव सुरेश चौधरी ने की।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की दर्दनाक मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** धामपुर-स्योहारा मार्ग पर गुरुवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम हसनपुर पालकी निवासी मुनीश्वर सिंह उम्र लगभग 48 वर्ष बाइक से धामपुर से अपने गांव लौट रहे थे। बताया जाता है कि जब वह धामपुर क्षेत्र के सरकड़ा चकरा. जमल के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही रोडवेज बस ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मुनीश्वर सिंह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। परिजनों को भी घटना की जानकारी दी गई। घायल अवस्था में मुनीश्वर सिंह को तत्काल धामपुर के एक निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित



## परिजनों में मचा कोहराम

कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं दुर्घटना के बाद बस चालक मौके से फरार बताया जा रहा है।

सीओ अभय पांडे ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही हादसे के संबंध में जांच भी शुरू कर दी गई है।

# यूनिवर्सल एकेडमी में मनाया मदर्स डे

## मां के प्रति स्नेह जताया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** यूनिवर्सल एकेडमी में मातृ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम विद्यालय प्रधानाचार्य डा. अनुज त्यागीजी एवं उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधक राकेश कर्णवाल, अपर्णा कर्णवाल, प्रधानाचार्य डा. अनुज त्यागी एवं उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने भगवान गणेश जी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से की। इसके बाद गणेश वंदना की प्रस्तुति दी गई।



सर्वप्रथम विद्यालय में अपने बच्चों के साथ आई माताओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विद्यालय प्रबंधक राकेश कर्णवाल ने सभी को मातृ दिवस की बधाई दी और कहा कि मां बच्चे की पहली गुरु होती है, जो जीवन की हर राह को आसान बनाती है। इस दौरान अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा अपने माता-पिता के स्वागत में स्वागत गीत गाया गया। बच्चों ने अपने माता-पिता के स्वागत में नृत्य, गीत व लघु नाटिका आदि विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने इन कार्यक्रमों में अपने अपने तरीकों से अपनी मां के प्रति प्यार व मां की महिमा को बताया।

इस अवसर पर बच्चों के लिए कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता, फोटो फ्रेम प्रतियोगिता, चित्र कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और इन गति. विधियों के माध्यम से मां के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को व्यक्त किया।

इसके अलावा विभिन्न प्रतियोगिताएं फन गेम्स और नृत्य आदि में माताओं ने प्रतिभाग किया। माताओं के द्वारा किए गए ये कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहे। इन कार्यक्रमों में लकी ड्रॉ के आधार पर विजेताओं को मदर्स डे बैज व उपहार देकर सम्मानित किया गया। गेम्स में विजेता को उपहार देकर सम्मानित किया गया। उपहार पाकर सभी माताएं भावुक दिखी और स्कूल प्रबंधन की प्रशंसा की। कार्यक्रम में मंच संचालन कक्षा चार के अथर्व, आकृति और कक्षा तीन की इनाया, ज्येष्ना ने रीना मैडम की देखरेख में किया।

कार्यक्रम एक्टिविटी इंचार्ज अभिलाष एवं अनिता चौधरी की देख रेख में संपन्न हुआ। प्रधानाचार्य डा.अनुज त्यागी ने सबको मातृ दिवस की बधाई दी और सबका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मां का हमारे जीवन मे बहुत बड़ा महत्व है। हमें सदैव मां का सम्मान एवं सेवा करनी चाहिए। उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने मां अपने बच्चों और परिवार की खुशियों के लिए सब कुछ त्याग देती है अत: हमें मां का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोओर्डिनेटर फराह, अनीता, रूपाली डांस शिक्षक ओम, संगीत शिक्षक नितिन, संजय, फाइन आर्ट विभाग नितिन प्रज्ञा सभी कक्षा शिक्षकों का योगदान रहा।

## एक नजर

### अनिल यादव ने जताया शोक

**बिजनौर।** सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने पूर्व मंत्री श्रीमती ओमवती के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वह एक मजबूत नेत्री थीं। उन्होंने अपना पूरा जीवन शोषित समाज की सेवा के लिए समर्पित कर रखा था। उन्होंने कहा कि उनके निधन से खाली हुई जगह को आसानी के साथ नहीं भरा जा सकता है।

### इफ्तेखार ने बताया बहादुर नेत्री

**बिजनौर।** पीस पार्टी के जिलाध्यक्ष इफ्तेखार हुसैन ने पूर्व मंत्री श्रीमती ओमवती के इंतकाल पर रंजो गम इजहार करते हुए कहा कि वह एक बहादुर नेत्री थी। उन्होंने हमेशा सच्चाई का साथ दिया और अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद की। उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद श्रीमती ओमवती बहादुर नेत्री थी।

### बकरी फार्म में लाखों की चोरी

**बिजनौर।** स्थानीय मौहल्ला कस्साबान निवासी हनीफ अहमद के बकरी फार्म व गोदाम से लाखों रुपये का सामान चोरी हो गया। पुलिस चोरो को ढूंढ़ने के बजाये हनीफ को एक दूसरे का हलका बता कर टालने में लगी हुई है। पीड़ित के अनुसार उसका बकरी फार्म व गोदाम गंज रोड पर पेरिस गार्डन के पीछे है। 1/2 1/2 मई की रात को चोरों ने ताला तोड़कर इन्वर्टर, 6 बैटरियां, जनरेटर का अल्टीनेटर, कैमरों की डीवीआर व पंखे समेत करीब तीन लाख रुपए का सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी पड़ोसी द्वारा फोन पर मिलने के बाद पीड़ित मौके पर पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि शिकायत के बाद भी पुलिस कार्रवाई करने के बजाय घटना स्थल एक दूसरे के हलके में बता कर टाल मटोल कर रही है। जाटान पुलिस चौकी प्रभारी घटना स्थल को हल्का नम्बर 4 का क्षेत्र बता रहे हैं, जबकि हल्का नम्बर 4 के दरोगा इसे जाटान चौकी क्षेत्र में बता रहे हैं। पीड़ित हनीफ अहमद का कहना है कि वह पिछले एक सप्ताह से पुलिस के चक्कर काट रहा है, लेकिन अब तक न तो मुकदमा दर्ज हुआ और न ही चोरी के खुलासे के लिए कोई ठोस कार्रवाई की गई। पीड़ित ने उच्च अधिकारियों से मामले में हस्तक्षेप कर कार्रवाई और चोरी हुए सामान की बरामदगी की मांग की है।

# विद्यार्थियों को मिला संसद भवन देखने का आमंत्रण

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** प्रियंका मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल के लिए गौरवपूर्ण रहा क्योंकि भारत की संसदीय समिति की ओर से यहां के विद्यार्थियों और शिक्षकों को संसद भवन देखने का आमंत्रण मिला। पूरे जनपद में इस स्कूल का चयन वास्तव में एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। इस आमंत्रण में सीमित विद्यार्थियों और शिक्षकों को ही ले जाना सुनिश्चित था।

प्रधानाचार्य डीएस नेगी ने भ्रमण में जाते समय अपने संबोधन में कहा कि निश्चित रूप से यह अवसर हमारे विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए अनुभवों से भरा हुआ होगा क्योंकि जब हम प्रत्यक्ष, जीवन्त, प्रयोगात्मक और व्यवहारिक माध्यमों से सीखने की प्रक्रिया से जुड़ते हैं तो उसका प्रभाव स्थायी होता है।

एकेडमिक कॉर्डिनेटर मयंक कौशिक के मार्गदर्शन में चार



## प्रियंका मॉडर्न स्कूल के बच्चों में उत्साह का माहौल

शिक्षक रूपराज सिसौदिया, डीपी सिंह, विवेक कुमार और किरन शर्मा के साथ कक्षा दस के पचास विद्यार्थियों को भारत की संसद और इसकी प्रणाली को देखने का अवसर मिला। दिल्ली की ओर जाते समय विद्यार्थियों का कौतुहल और जिज्ञासा सांतवें आसमान पर था। वे पूरी यात्रा के दौरान वे अपने शिक्षकों से विभिन्न प्रश्नों को पूछते हुए प्रियंका स्कूल की शिक्षा-प्रक्रिया को रोचक बनाते हुए व्यक्त कर रहे थे।

इस मौके पर स्कूल निदेशक राणा प्रियंकर सिंह और प्रशासिका अदिती सिंह ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा किया कि ष्हमारे विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए यह अवसर निश्चित रूप से भारत की संसदीय प्रणाली को समझने में मददगार होगा।

इस शैक्षणिक भ्रमण के संबंध विद्यालय के प्रधानाचार्य डीएस नेगी ने कहा कि मैं स्कूल प्रबंधन का आभारी हूं, उनके प्रयासों से हमारे शिक्षकों और विद्यार्थियों को नए अनुभवों और सीखों से रूबरू होने के अवसर मिलते रहते हैं। साथ ही स्कूल के वरिष्ठ शिक्षकों राजीव चौहान, एसके देवरा, तबरेज खान, कमल भट्ट, शुभम अग्रवाल, कामेंद्र कुमार, संजय चौहान और रीता राणा आदि ने भी इस आयोजन की।

# व्यापारी नेता राहुल वर्मा हॉउस अरेस्ट

## बढ़ती मंहगाई व बढ़ते गैस के दामों के विरुद्ध देना था ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** व्यापारी एकता परिषद के नेतृत्व में बढ़ते कामर्शियल गैस के दामों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन देने का आह्वान किया था। लेकिन इससे पूर्व ही आज सुबह जिला प्रशासन ने राहुल वर्मा को हॉउस अरेस्ट कर लिया।



प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा ने कहा कि कामर्शियल गैस सिलेंडर के लगातार बढ़ते दामों ने छोटे व्यापारियों, होटल, ढाबा, मिठाई एवं रेस्टोरेंट व्यवसायियों की कमर तोड़ दी है। व्यापारी पहले ही स्मार्ट मीटर, बढ़ते टैक्स और आर्थिक मंदी की मार झेल रहा है, ऊपर से गैस सिलेंडर की लूट ने व्यापार चौपट करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार यह सोचती है कि व्यापारियों को डराकर आंदोलन रोका जा सकता है, तो यह उसकी सबसे बड़ी भूल है। व्यापार मंडल अन्याय, शोषण और महंगाई के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगा। व्यापारी एकता परिषद चेतावनी देता है कि यदि व्यापारियों की समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया गया और दमनात्मक कार्रवाई बंद नहीं हुई, तो प्रदेशभर में उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। सूचना मिलते ही संगठन के पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा के आवास पर पहुंचना शुरु कर दिया। जिसमें मंडल प्रभारी मौहम्मद काशीफ, जिला अध्यक्ष अनुज मानव शर्मा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नईम अहमद अंसारी, जिला मंत्री राजीव कुमार, मुस्तकीम अहमद, आबिद अहमद, विकास कुमार, अंशुल कुमार, आशीष गुप्ता, इलियास शाह आदि पदाधिकारी शामिल रहे।

# सत्ता की हनक में बेखौफ अवैध खनन

## हरे-भरे आम के बाग को काट कर बनाई गई अवैध कालोनी में चल रहा मिट्टी खनन कर भराव





शाह टाइम्स संवाददाता

**मंडावर।** सत्ता की हनक में कुछ माफियाओं द्वारा बेखौक होकर अवैध कालोनी में अवैध मिट्टी खनन कर भराव किया जा रहा हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार किरतपुर मार्ग पर ग्राम मौंहडिया लल्लू द्वार के सामने हरे-भरे आम के बाग को काट कर बनाई गई अवैध कालोनी में दिन के उजाले में मिट्टी खनन कर भराव किया जा रहा हैं।

सूत्रों के अनुसार मिट्टी खनन से भराव का काम सुबह 4 बजे से चल रहा था, जो साढ़े 11 बजे तक चलता रहा। अवैध खनन करती टैक्टर ट्रालियों के फोटो कुछ व्हाट्सएप ग्रुप पर वायरल होने पर खनन में संलिप्त एक नेता और एक कर्मचारी ने आनन-फानन में अवैध खनन फिलहाल बंद कराया।

बताते हैं कि सत्ता की हनक में कुछ नेता और भ्रष्ट अधिकारी की साठगांठ से अवैध खनन किया जा रहा हैं।

डीएम जसजीत कौर लगातार खनन को प्रतिबंधित बता चुकी हैं और घोषणा कर चुकी हैं कि किसी भी कीमत पर अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा। इसके बाद भी क्षेत्र में कई जगह रातों रात मिट्टी खनन कर भराव हो जाता है और कोई अधिकारी खनन करने वाले लोगों पर कार्यवाही नहीं करता। जिससे सत्तासीन इसके महंगे दामों पर ठेके लेते हैं और मौका देख कर मिट्टी खनन कर भराव करते हैं। इस अवैध खनन से पर्यावरण प्रेमियों में रोष व्याप्त है।

### जनसंवाद में सुनी शिकायतें

**अफजलगढ़।** ग्राम पंचायत कादराबाद के पंचायत घर में आयोजित जनता संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर डीएम जसजीत कौर को शिकायत पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की। डीएम ने ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को कई शिकायतों के तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। ग्राम कादराबाद निवासी कृपाल भंडारी ने पंचायत भवन की मरम्मत में वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाते हुए डीएम को प्रार्थना पत्र सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायत भवन की मरम्मत के लिए शासन द्वारा लगभग 22 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई थी, जबकि मौके पर करीब 5 से 7 लाख रुपए तक ही कार्य कराया गया। शेष धनराशि पंचायत ठेकेदार, पंचायत सचिव तथा ग्राम प्रधान की मिलीभगत से गबन किए जाने का आरोप लगाया गया। इस पर जिलाधिकारी ने मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान डीएम ने भूतपूर्व सैनिकों की समस्याएं भी सुनीं और उनके शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। इसके अलावा उन्होंने अगवानपुर गौशाला, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# पेड़ों के अवैध कटान से ग्रामीणों में रोष

## प्रधान प्रतिनिधि पर गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ग्राम पंचायत शेरगढ़ के मौजा बहादनगर स्थित गौशाला की ग्राम समाज भूमि पर खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ों के कथित अवैध कटान को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रधान प्रतिनिधि पर चोरी-छिपे पेड़ों का कटान कराने का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार बीती रात गौशाला परिसर स्थित ग्राम समाज की भूमि पर यूकेलिप्टस के पेड़ों का कटान किया जा रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि पुलिस मौके पर पहुंची तो ट्रैक्टर में कटान की लकड़ी भरी मिली, लेकिन पुलिस बिना कोई कार्रवाई किए ट्रैक्टर को मौके पर ही छोड़कर वापस लौट गई। इसे लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है।





ग्रामीण सौरभ शर्मा, रजत प्रताप सिंह, लवप्रीत सिंह, युवराज सिंह, हरपिंदर सिंह, अरुण कुमार और कर्मवीर सिंह समेत अन्य लोगों का आरोप है कि ग्राम प्रधान पुष्पा देवी के देवर के पुत्र शीतल कुमार, जो प्रधान प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर रहे हैं, अब तक ग्राम पंचायत की भूमि से करीब 24 लाख रुपए मूल्य के यूकेलिप्टस के पेड़ों का कटान करा चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान पुष्पा देवी और शीतल कुमार के विरुद्ध कई बार शिकायतें किए जाने के बावजूद पुलिस और प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे संबंधित लोगों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम समाज की लगभग 120 बीघा सरकारी भूमि पर लाखों रुपये मूल्य के यूकेलिप्टस के पेड़ खड़े हैं। आरोप है कि इससे पूर्व भी कई बार इस भूमि से पेड़ों का अवैध कटान किया जा चुका है। ग्रामीणों ने पूरे प्रकरण की गहन और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

वहीं नगीना रेंज क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि कटे हुए पेड़ों का मूल्यांकन कराया जा रहा है तथा मामले की रिपोर्ट तैयार कर विभाग के उच्च अधिकारियों को कार्रवाई हेतु भेजी जा रही है।

ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि घटना की जानकारी बीडीओ और ग्राम पंचायत सचिव को दिए जाने के बावजूद नामजद शिकायत पर कार्रवाई करने के बजाय अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा मौके पर लकड़ी काटते हुए लोगों को पकड़ने के बावजूद ग्राम पंचायत सचिव प्रधान पक्ष के दबाव में कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। इसके साथ ही ग्रामीणों ने शेरगढ़ गौशाला की व्यवस्थाओं पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि गौशाला में लगभग 600 गौवंश मौजूद हैं, जबकि वहां करीब 150 पशुओं को रखने की ही क्षमता है। ग्रामीणों के अनुसार केवल लगभग 350 पशुओं के लिए ही चारे की व्यवस्था उपलब्ध है। क्षमता से अधिक पशु होने और पर्याप्त चारा न मिलने के कारण आए दिन पशुओं की हालत खराब हो रही है तथा कई पशुओं की मौत तक हो चुकी है। आरोप है कि पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी नियमित रूप से नहीं कराया जा रहा। गौशाला में पानी का पंप होने के बावजूद गोवंश गड्ढों में भरे गंदे पानी को पीने के लिए मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शेरगढ़ गौशाला और पेड़ कटान प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार उजागर हो सकता है। उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

गौरतलब है कि अफजलगढ़ ब्लॉक क्षेत्र में गौशालाओं की व्यवस्थाओं और वित्तीय अनियमितताओं को लेकर समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं, जिससे यह मामला भी चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्राम प्रधान पुष्पा देवी ने उपरोक्त आरोपों को निराधार बताया।

# जीजा पर धारदार हथियार से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** मौहल्ला पटवारियान में आज शाम एक व्यक्ति पर उसके साले और दो अज्ञात साथियों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना दावत के बहाने बुलाकर की गई।



## गर्दन पर वार, गंभीर रूप से घायल

पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, मौहल्ला शेखान निवासी रईस अहमद पुत्र रफीक अहमद ने बताया कि आज शाम करीब साढ़े चार बजे उसके साले शाहिद पुत्र अकबर हुसैन ने उसे अपने घर (मौहल्ला पटवारियान) दावत पर बुलाया था। रईस के वहां पहुंचते ही, पहले से मौजूद शाहिद और उसके दो अज्ञात साथियों ने उस पर हमला कर दिया। आरोपियों ने धारदार छुरे से रईस की गर्दन पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर वहीं गिर पड़ा। रईस की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। लोगों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर स्योहारा पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल रईस को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई और उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने पीड़ित रईस अहमद की लिखित तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रशासन के अनुसार, रईस की गर्दन पर चोट के निशान हैं। पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए फरार आरोपियों की तलाश के लिए दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि दोषियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस वारदात के पीछे किसी पुराने पारिवारिक विवाद या रंजिश की आशंका जताई जा रही है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# चोरी की घटनाओं का खुलासा, दो गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर में अलग-अलग स्थानों पर हुई चोरी की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा कर दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरी किया गया सामान भी बरामद किया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार हाईवे स्थित दीपक चौहान की कार वर्कशॉप में चोरों ने रात के समय शटर और ताले तोड़कर बैटरियां व इनवर्टर चोरी कर लिया था। वहीं ब्लॉक कार्यालय के निकट एक बैंक्वेट हॉल से जनरेटर की वायर तथा मौहल्ला खेड़ा के स्विमिंग पूल परिसर से जनरेटर का सामान भी चोरी हुआ था। लगातार हो रही इन घटनाओं से व्यापारियों में रोष बना हुआ था।

पुलिस ने आज मुखबिर की सूचना पर गांव कुंडा बागेन के पास बाइक सवार दो संदिग्धों को पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों ने अपने नाम अबरार व अरबाज निवासी आदोपुर उर्फ आदमपुर रसूलपुर पिरथी बताए। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद कर न्यायालय में पेश किया।

# एडीएम ने की गेहूं खरीद प्रगति की समीक्षा

## खराब प्रदर्शन पर गेहूं खरीद एजेंसियों से मांगा स्पष्टीकरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एडीएम की अध्यक्षता में जनपद में गेहूं खरीद प्रगति की समीक्षा की गई। जनपद में 18500 एमटी के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 6920एमटी की खरीद की गई है, जो लक्ष्य का 37.4 प्रतिशत है।



खाद्य विभाग द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष 51.4%, पीसीएफ द्वारा लक्ष्य का 31%, एनएएफईडी द्वारा लक्ष्य का 27.5%, एफसीआई द्वारा लक्ष्य का 34.6% तथा एनसीसीएफ द्वारा लक्ष्य का 0% गेहूं क्रय किया गया है।

डीएम द्वारा खराब प्रदर्शन करने वाली क्रय एजेंसियों PCF, NAFED, FCI तथा NCCF का स्पष्टीकरण किया गया है। बैठक में क्रय एजेंसियों को कार्य योजना बनाकर, किसानों से संपर्क कर गेहूं खरीद बढ़ाने, 14 मोबाइल क्रय केंद्र के माध्यम से किसानों के घर से गेहूं उठाकर गेहूं खरीद लक्ष्य पूर्ति करने के सख्त निर्देश दिए गए।

बैठक में मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में जांच टीम बनाए जाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें AMO (खाद्य विभाग) मंडी सचिव, सहकारिता विभाग और कृषि विभाग के अधिकारी सम्मिलित रहेंगे।

यह टीम गेहूं अवैध के अवैध संचरण और अवैध भंडारण पर अंकुश लगाएगी। टीम द्वारा जनपद के बाहर हो रहे गेहूं संचरण पर नजर रखी जाएगी और जनपद के फ्लोर मिल्स, आढ़तियों और सीड प्लांट को सघनता से चेक किया जाएगा। सरकारी क्रय केंद्र से गेहूं का यहां उठान हो सके इसके लिए जनपद के परिवहन ठेकेदारों और CWC, SWC तथा FCI के अधिकारियों का सख्त निर्देश जारी किए गए।

बैठक में श्याम मिश्र जिला खाद्य विपणन अधिकारी, उपनिद. ेशक कृषि, ARCS जिला प्रबंधक क्रय एजेंसियां, सभी मंडी सचिव और जनपद के परिवहन ठेकेदारों द्वारा सहभाग किया गया।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान सत्र में गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपए प्रति कुंतल है इसके अतिरिक्त उतराई और सफाई में खर्च होने वाली धनराशि किसानों को 20 रुपए जोड़कर अतिरिक्त दिए जाते हैं। वर्तमान गेहूं खरीद 15 जून 2026 तक चलेगी।

## एक नजर

### राजपुर नवादा में पानी की समस्या



**नजीबाबाद।** ब्लॉक के ग्राम राजपुर नवादा में पेयजल आपूर्ति को लेकर ग्रामीणों ने समस्या उठाई है। उनका कहना है कि उन्हें लंबे समय से पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, जल आपूर्ति से जुड़ी व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि पानी की टंकी और संचालन व्यवस्था से संबंधित कुछ दिक्कतों के कारण नियमित आपूर्ति नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पेयजल व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके। जल निगम के एक्सईएन शुभम सक्सेना से इस संबंध में बात करने पर उन्होंने जांच कराने का आश्वासन दिया है।

### गौशाला व अस्पताल का निरीक्षण



**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर ने हाल ही में अफजलगढ़ क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने तुरतपुर स्थित गौशाला और सरकारी अस्पताल का निरीक्षण किया। साथ ही, उन्होंने पूर्व सैनिकों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। डीएम ने तुरतपुर गौशाला का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला में पशुओं के रखरखाव, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को गौशाला के प्रबंधन में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद, डीएम जसजीत कौर ने पूर्व सैनिकों से मुलाकात की। उन्होंने पूर्व सैनिकों द्वारा बताई गई विभिन्न समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। डीएम ने सरकारी अस्पताल का भी दौरा किया। उन्होंने अस्पताल में मरीजों को दी जा रही सुविधाओं, साफ-सफाई और चिकित्सा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। डीएम ने अस्पताल प्रशासन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

# मुख्यमंत्री दौरे से पहले डीएम ने लिया जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर ने आज रेहड़ के ग्राम छजमलवाला का दौरा किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे से पहले ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सीमावर्ती गांवों में मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया।



गांव के पंचायत घर में आयोजित चौपाल कार्यक्रम में ग्रामीणों ने कई समस्याएं उठाई। इनमें पानी की अपर्याप्त आपूर्ति, वन्य जीवों से फसलों को होने वाले नुकसान के लिए तत्काल मुआवजे की मांग, मुआवजे की राशि बढ़ाने, पट्टह की भूमि को पांच बीघा से बढ़ाकर 15 बीघा करने, खाद की कमी और रास्तों की खराब स्थिति प्रमुख थीं। शिकायतें सुनने के बाद, डीएम ने टंकी परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने जल निगम के अधिकारियों से जल आपूर्ति की जानकारी ली और उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# कार-बाइक की टक्कर में वकील गंभीर रूप से घायल

**नजीबाबाद।** मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर सैद में एक कार और बाइक की टक्कर हो गई। दुर्घटना में 33 वर्षीय बाइक सवार वकील गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार वकील बाइक से मंडावली से नांगल की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही कार से उनकी सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वकील को गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही मंडावली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कर दिया है। पुलिस ने बताया कि कार चालक मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। फरार कार चालक को जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जाएगा।

# नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन ने मनाया हड़ताल दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** रेलवे स्टेशन पर नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन (NRMU) की शाखा ने शहड़ताल दिवसश मनाया।

इंडिया रेलवे फेडरेशन (AIRF) के आह्वान और महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा के निर्देशों के अनुपालन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर दोपहर में C&W कार्यालय पर एक गेट मीटिंग का भी आयोजन किया गया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष फखरुद्दीन ने की, जबकि शाखा सचिव विक्रांत ने इसका संचालन किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कर्मचारी हितों की रक्षा और फेडरेशन के निर्देशों पर एकजुट रहने का संकल्प लिया।

इस दौरान बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारियों ने भाग लिया, जिसमें शाखा उपाध्यक्ष संजय कुमार, सहायक सचिव संजय सिंह, वीरेन्द्र कुमार, नीरज, दुली चंद मीणा, चंदप्रकाश गौतम, असलम, नितिन, कमल और आफताब अहमद प्रमुख थे।

कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की, जिससे उन्होंने अपनी एकजुटता और संगठन की शक्ति का प्रदर्शन किया।

# सांसद चंदन चौहान ने समस्याएं सुनी

## सरकार की योजनाओं की जानकारी भी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** बिजनौर लोकसभा क्षेत्र सासंद चंदन चौहान चांदपुर पहुंचे। जहां उन्होंने जन समस्याएं सुनी और समाधान का आश्वासन दिया।



प्राप्त समाचार के अनुसार आज दोपहर बाद नगर पालिका कार्यालय पहुंचे सांसद चंदन चौहान ने नगर पालिका में आम जनसमस्याओं को सुना और सरकार की योजनाओं के बारे में भी बताया। सांसद का लोकदल और भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। चेयरपर्सन पति शेरबाज पठान ने चांदपुर पहुंचने पर उनका आभार जताया और कहा लगभग 15 वर्ष पूर्व जल निगम द्वारा पानी की टांगियां बनवाई गई थी, उन्होंने सांसद चालू करवाने के लिए अनुरोध किया। सांसद ने शेरबाज पठान की बात को पूरी गंभीरता के साथ सुना और कहा कि वह शीघ्र ही इन समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित मंत्रालय से मिलकर बात करेंगे।

उन्होंने सरकार की कार्य योजनाओं और अपने द्वारा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों को भी जनता के सामने रखा। सांसद ने जन समस्याओं को भी सुना। जिनमें प्रमुख समस्या पानी की टंकियों को चालू कराने का मुद्दा रहा। सासंद चंदन चौहान ने शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम और और बास्टा रोड के निर्माण की जानकारी भी जनता को उपलब्ध कराई। इस दौरान संसद के सामने पीएम आवास योजना में सभासदों द्वारा रुपए मांगने की शिकायत लाभार्थियों ने रखी। जिसमें एक महिला व एक अन्य सभासद पर आवास योजना के रुपए मांगने के आरोप लगाए। इसके निस्तारण के लिए सांसद ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी, हनी तोमर, जिला महासचिव डा. विपिन तोमर, योगेंद्र प्रधान, शीशपाल राठी, मुंजरीन अहमद सहित भाजपा नगर अध्यक्ष आशु गोयल आदि मौजूद रहे।

उधर नगर पालिका की ओर से ईओ प्रिंस कुमार, चेयरपर्सन पति शेरबाज पठान, मौहम्मद आदिल, फैसल हुसैन, आबिद हसन, मौहम्मद शान, मौहम्मद परवेज और चांद सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा बड़ा लड़का नितिश कुमार शर्मा पुत्र सुनील कुमार की शादी सन् 2020 को हुई थी। नितिश कुमार शर्मा गलत संगत में पड़ गया है और आये दिन मुझे व मेरे परिवार वालों को दिक व परेशान करता रहता है। मैंने खूब सोच समझ कर उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरे बड़े लड़के नितिश कुमार शर्मा का मेरे व मेरे परिवार से कोई मतलब वास्ता नहीं है। यदि कोई इससे लेन-देन करता है या यह कोई गलत कृत्य करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सुनील कुमार शर्मा पुत्र नरेंद्र कुमार निवासी नजदीक शिव मंदिर ग्राम चमरू नवादा, थाना नगीना देहात, जिला बिजनौर।**

## नाम परिवर्तन सूचना

मेरा नाम पासपोर्ट में Viqar Ahmad S/o Alahuddin, पत्नी का नाम Shahana Khatoon व मां का नाम Kaloo है, जो गलत है। जबकि मेरा सही नाम Waqar Ahmad S/o Aluddin, पत्नी का नाम Shahana Parveen व मां का नाम Nafisa Khatoon है।

**ग्राम भवानीपुर कलिया, पोस्ट महमदाबाद**
**जिला - बिजनौर (उ.प्र.)**

# कब्र से निकाला सावेज का शव

## पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** ग्राम तिगरी में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब पुलिस सहित तहसील प्रशासन की टीम ग्राम तिगरी के कब्रिस्तान में जा पहुंची और करीब डेढ़ माह पुरानी कब्र खुदवाते हुए सावेज की लाश को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम तिगरी निवासी 22 वर्षीय मृतक सावेज के दादा और चाचा जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए बताया कि उनके पौता/भतीजा दिल्ली में किराना की दुकान चलाता था। जहां उसकी बहन का देवर भी रहता है। बताया जाता है कि शाम को देवर, तो दुकान पर मौजूद मिला जबकि सावेज की हत्या कर दी गई। इस पूरे मामले में बहन के देवर पर ही शक जाहिर किया गया है। परिजनों के प्रार्थना पत्र पर जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए शव को कब्र से निकलवा कर पोस्टमार्टम के आदेश दिए। जिसके क्रम में आज हीमपुर दीपा पुलिस सहित चांदपुर तहसीलदार ग्राम तिगरी के कब्रिस्तान पहुंचे जहां मृतक सावेज का शव कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया गया।

वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक जय भगवान सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर शव को कब्र से निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# खेतों की सेहत सुधारने के लिए संतुलित उर्वरक प्रबंधन जरूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** ब्लॉक कोतवाली के ग्राम रजपुरा में संतुलित उर्वरक प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय वृहद जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान (IIFSR), मेरठ के वैज्ञानिकों, जनपद के कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र (KVK), नगीना के विशेषज्ञों ने किसानों को आधुनिक और टिकाऊ खेती के गुर सिखाए।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के प्रभारी अधिकारी डा. केके सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि अंधाधुंध रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति घट रही है। उन्होंने मृदा परीक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि किसानों को अपनी मिट्टी की जांच रिपोर्ट के आधार पर ही पोषक तत्वों का प्रयोग करना चाहिए। इससे न केवल लागत कम होगी, बल्कि फसल की गुणवत्ता और पैदावार में भी वृद्धि होगी। मेरठ से आए वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. जगन सिंह गोरा और प्रधान वैज्ञानिक डा. एमए अंसारी ने किसानों को संतु. लित उर्वरक उपयोग तकनीक के बारे में विस्तार से बताया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. सुनील कुमार ने हरी खाद की बुवाई और श्अजोलाश उत्पादन की विधि साझा करते हुए बताया कि कैसे किसान घर पर ही जैविक खाद तैयार कर रसायनों पर अपनी निर्भरता कम कर सकते हैं। केवीके नगीना की डा. प्रतिमा गुप्ता और डा. पिंटू कुमार ने खेती में जैव उर्वरकों (Bio-fertilizers) के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अजोला न केवल पशुओं के लिए पौष्टिक आहार है, बल्कि धान के खेतों में नाइट्रोजन स्थिरीकरण का भी एक बेहतरीन स्रोत है।

## एक नजर

### रालोद जिलाध्यक्ष ओपी कश्यप का स्वागत



**किरतपुर।** राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश सचिव व नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र से रालोद एनडीए गठबंधन के संभावित प्रत्याशी काजी तारिक अली के मौहल्ला काजियान स्थित आवास पर आज दोपहर रालोद जिलाध्यक्ष ओपी कश्यप का जोरदार स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष ओपी कश्यप ने कहा कि रालोद एक ऐसी पार्टी है, जो दलित अल्पसंख्यकों कि हितेषी है। पार्टी सुप्रीमो जयंत चौधरी हर छोटे-बड़े कार्यकर्ता की कदर करते हैं, यही कारण है कि पार्टी का जनाधार तेजी से बढ़ता जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने फैज आलम पुत्र इख्तेदार चौधरी को किरतपुर नगर अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की। काजी तारीक अली ने कहा कि वह अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र में डोर टू डोर घूम कर मतदाताओं से जनसंपर्क कर रहे हैं। उन्हें मतदाताओं का भरपूर सहयोग मिल रहा है। क्षेत्रवासी अबकी बार परिवर्तन चाहते हैं। उन्होंने नौजवानों का आह्वान करते हुए कहा कि वह राजनीति में आकर रालोद को मजबूत करने का काम करें। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष फैज आलम ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है, उसका वह बखूबी निर्वाह करेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ रालोद नेता चौधरी जगबीर सिंह, राजेश कश्यप, खुर्शीद कुरैशी, मौहम्मद जाईम सिद्दीकी, काजी सलीम अहमद, काजी रशीद अहमद, डा. नदीम, कघजी अदनान, रिहान, बिलाल ,अंकित कुमार, समीर, अमन, साकिब, फैसल, आमिर, बहार आलम तथा शकील कुरैशी आदि मौजूद रहे।

### समस्याओं को लेकर भाकियू ने उठाई आवाज



**नगीना।** भाकियू (अराजनीतिक) के पदाधिकारियों ने क्षेत्र की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर तहसील में धरना शुरू कर दिया है। यूनियन ने भ्रष्टाचार, अवैध कब्जों और किसानों की बदहाली पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। किसान यूनियन द्वारा एलआरएस डिग्री कॉलेज में सिंचाई विभाग की भूमि और अन्य किसानों की जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग की गई है। साथ ही, अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्तियों की जांच की अपील की गई है। कार्यकर्ताओं ने आईपीएस शुभम अग्रवाल (पंजाब कैडर) की कार्यप्रणाली और जनपद बिजनौर में निवेश की गई उनकी कथित चल-अचल संपत्ति की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। तहसील में लेखपाल और कानूनगो द्वारा निजी तौर पर रखे गए बाहरी व्यक्तियों (बिचौलियों) को तुरंत हटाने की मांग की गई है ताकि भ्रष्टाचार पर लगाम लग सके। ग्राम खुर्रमपुर खड़क में तालाब की सफाई और उसे कब्जा मुक्त कराने, जंगली हाथियों द्वारा नष्ट की गई फसलों का मुआवजा देने और सुरक्षा हेतु तारबाड़ लगाने की मांग की गई है। सहकारी समिति महेश्वरी जट का जो कार्यालय ग्राम रह्मा. पुर में था वह कार्यालय वही रखने की मांग की गई। बढ़ापुर क्षेत्र के सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों की पर्याप्त व्यवस्था करने और जिला सहकारी बैंक कोतवाली में कर्मचारियों की कमी को दूर करने की मांग की गई है, ताकि किसानों को भुगतान में समस्या न हो। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष नरेंद्र चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश काकरान, महासचिव धर्मपाल चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह, नगर अध्यक्ष कुंवर हर्षवर्धन, संजीव कुमार, मुकुल त्यागी, मांगे सिंह, भूरा सिंह और डा. देवेंद्र सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### युवक पर जानलेवा हमला

**नहटौर।** ग्राम पाडली बसेड़ा, थाना धामपुर निवासी फिरोज खान पुत्र शमीम अहमद ने पुलिस को बताया कि वह 6 मई की दोपहर करीब 12 बजे अपनी पार्टनर चाहत के साथ यूनियन बैंक, नहटौर में अपनी फर्म का खाता खुलवाने जा रहे थे। जैसे ही वे नहटौर-नूरपुर बाईपास पर पहुंचे, ग्राम शाहनजरपुर कोट निवासी प्रिंस कुमार पुत्र मनोज कुमार, यश कुमार पुत्र अतर सिंह और अतुल पुत्र चंद्रपाल सिंह ने उन्हें बाइक से रोक लिया। ये तीनों कथित तौर पर पहले से वहां घात लगाकर बैठे थे। तहरीर के अनुसार, आरोपियों ने पहले फिरोज के साथ अभद्र व्यवहार और गाली-गलौच की। इसके बाद उन्होंने उसे लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। इसी दौरान एक आरोपी ने अपने हाथ में पहने भारी कड़े से फिरोज के सिर पर जोरदार प्रहार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके सिर से खून बहने लगा। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप



**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने किसानों की समस्याओं को लेकर विद्युत विभाग के खिलाफ आवाज बुलंद की है। भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष नोबहार सिंह के नेतृत्व में विद्युत उपखंड अधिकारी झालू को प्रार्थना पत्र सौंपकर ट्यूबवेल कनेक्शन ट्रांसफर और बिजली लाइन दुरुस्त कराने की मांग की गई। प्रार्थना पत्र में बताया गया कि ग्राम इमालखेड़ी निवासी चेतराम सिंह पुत्र स्वर्गीय परकी सिंह अपने पिता के नाम दर्ज ट्यूबवेल कनेक्शन संख्या 8360067000 को अपने नाम ट्रांसफर कराना चाहते हैं। चेतराम सिंह के पिता परकी सिंह का निधन वर्ष 2013 में हो चुका है, जिसके बाद से कनेक्शन ट्रांसफर की प्रक्रिया लंबित चल रही है। आरोप है कि संबंधित अधिकारियों को पूर्व में भी अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। भारतीय किसान यूनियन ने मांग की है कि उक्त ट्यूबवेल कनेक्शन जल्द से जल्द चेतराम सिंह के नाम स्थानांतरित किया जाए, ताकि किसान को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही भाकियू नेताओं ने क्षेत्र की खराब पड़ी बिजली लाइन को तत्काल दुरुस्त कराने की मांग उठाई। वहीं गौतम सिंह पुत्र बाजन सिंह पर जोड़े के माध्यम से दर्ज कराए गए कथित आरोपों को वापस लेने की भी मांग की गई। वहीं उपखंड अधिकारी द्वित्तीय अरविंद कुमार बिंद ने बताया कि उपरोक्त कनेक्शन तीन लोगों को संयुक्त रूप से संचालित था, अब परिवार में विवाद है। बिना किसी की सहमति के कनेक्शन किसी के नाम ट्रांसफर नहीं किया जा सकता।

# सीएचसी में अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत सीएचसी में अग्नि सुरक्षा जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्सा अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. बीके स्नेही ने की। इस दौरान अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने तथा आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम में डा.बीके स्नेही ने उपस्थित चिकित्सकों पैरामेडिकल स्टाफ एवं कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा शपथ दिलाते हुए कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन करने और किसी भी आपदा की स्थिति में सतर्क व जिम्मेदार भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## स्टाफ ने ली सुरक्षा शपथ

फायर स्टेशन धामपुर से पहुंचे एएसआई सतवीर सिंह एवं कांस्टेबल धर्मेंद्र पंवार ने अस्पताल स्टाफ को आग लगने की स्थिति में बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग समय-समय पर जांच तथा गैस सिलेंडरों को सुरक्षित एवं रिफिल स्थिति में रखने के संबंध में व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया। कार्यक्रम में मंडलीय स्वास्थ्य सलाहकार डा. सुजीत सिंह सहित अस्पताल के चिकित्सक स्वास्थ्य कर्मचारी एवं पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा। प्रशिक्षण के दौरान सभी को आग से बचाव एवं आपदा प्रबंधन के महत्वपूर्ण तरीके बताए गए।

# रवीन्द्रनाथ टैगोर जयंती पर भाषण प्रतियोगिता

## विवेक विश्वविद्यालय में रोटरी क्लब गंगा ने किया विजेताओं को सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स में रवींद्रनाथ टैगोर जयंती के अवसर पर रोटरी क्लब गंगा द्वारा प्रभावशाली भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के साउथ कैंपस में किया गया। प्रतियोगिता का विषय रवींद्रनाथ टैगोर के जीवन दर्शन एवं भारतीय संस्कृति रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डा. एनके गुप्ता, रजिस्ट्रार डा. हितेश शर्मा, रोटरी क्लब गंगा की ओर से चेयरमैन रोटेरियन राजीव कुमार अग्रवाल एवं स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के डीन डा. सर्वेश कुमार शीतल के द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रक्षिता जिंदल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि लमा आरिफ ने द्वितीय स्थान एवं लक्षिता राजपूत ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली परिचय दिया। प्रतिभागियों के प्रदर्शन को देखते हुए जानवी चौधरी, तनिष्का एवं वृद्धि चौधरी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। विजेता प्रतिभागियों को रोटरी क्लब गंगा की ओर से सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कुलपति डा. एनके गुप्ता ने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर केवल एक महान साहित्यकार ही नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति और मानवता के सच्चे प्रतिनिधि थे। रजिस्ट्रार डा. हितेश शर्मा ने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर का शिक्षा दर्शन आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने विद्यार्थियों को रचनात्मक सोच, नैतिक मूल्यों एवं भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भाषण प्रतियोगिता जैसे मंच विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति क्षमता को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रोटरी क्लब गंगा के अध्यक्ष रोटेरियन राजीव कुमार अग्रवाल ने कहा कि युवाओं को भारतीय संस्कृति एवं महान व्यक्तियों के विचारों से जोडना समय की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों के उत्साह एवं प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि समाज निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी विद्यार्थी, जानवी चौधरी, रिया सैनी, रक्षिता जिंदल, आद्रिका खन्ना, लामा आरिफ लक्षिता राजपूत, तनिष्क, वृद्धि चौधरी, मौहम्मद असद, विभूति भटनागर, रिया सैनी एवं सृष्टि रस्तोगी ने उत्कृष्ट सहभागिता का प्रदर्शन करते हुए अपने विचारों एवं प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया। सभी प्रतिभागियों ने इस भाषण प्रतियोगिता में रवींद्रनाथ टैगोर के व्यक्तित्व एवं भारतीय संस्कृति पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने उनकी शिक्षा, मानवता, राष्ट्रप्रेम एवं सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़े विचारों को अपने भाषण का मुख्य आधार बनाया। निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों के आत्म विश्वास, विषय प्रस्तुति एवं अभिव्यक्ति शैली की सराहना करते हुए प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा की। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के डीन डा. सर्वेश कुमार शीतल ने कहा कि टैगोर का जीवन दर्शन मानवता, प्रेम, शिक्षा एवं सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन, संवाद एवं सकारात्मक सोच के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को विकसित करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के अंदर नेतृत्व क्षमता एवं मंच संचालन कौशल को विकसित करते हैं।कार्यक्रम का संचालन असि. प्रो. अमन रस्तौगी एवं छात्र शुभ शर्मा ने सयुक्त रुप से किया। असि.प्रो. सलोनी वत्सल ने कार्यक्रम का समन्वय किया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में असि. प्रो. विश्वजीत सिंह, डा. शोभित रस्तौगी, मोहित त्यागी, डा.राहुल गर्ग, शिप्रा त्यागी, शिवानी राजपूत, दयानंद ठाकुर, रितु राज, डा.नजमुश, निरूल कुमार, पूर्वी अग्रवाल आदि सभी शिक्षकों का योगदान रहा।

# गजेटियर तैयार किए जाने के उद्देश्य से वार्ड-वार चौपालों का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** पालिका द्वारा नगर के ऐतिहासिक, सामाजिक एवं विकास संबंधी विवरणों को संकलित कर गजेटियर तैयार किए जाने के उद्देश्य से वार्ड-वार चौपालों का आयोजन किया गया।

चौपालों में स्थानीय नागरिकों जनप्रतिनिधियों एवं वार्डवासियों से नगर के इतिहास परंपराओं प्रमुख, स्थलों सामाजिक गतिविधियों तथा विकास कार्यों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी एकत्र की गई। ईओ विजेंद्र सिंह पाल ने बताया कि गजेटियर नगर की ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक पहचान एवं विकास यात्रा को संरक्षित करने वाला महत्वपूर्ण दस्तावेज होगा उन्होंने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड से सही एवं प्रमाणिक जानकारी एकत्र करने के लिए चौपालों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को नगर के इतिहास और विकास की स्पष्ट जानकारी मिल सके। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग बढ़-चढ़कर सहयोग करें और अपने क्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी नगर पालिका को उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता के बिना गजेटियर तैयार करना संभव नहीं है। इसलिए वार्ड स्तर पर संवाद स्थापित कर लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

इस मौके पर प्रधान लिपिक देवेंद्र कुमार मौहम्मद शान पंकज कुमार चांदनी अदनान अमित कुमार ओम प्रकाश हरि ओम व अन्य नगर पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने सौंपा मांग पत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को मांग पत्र सौंपकर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।

पत्र में कहा गया कि शुगर मिल चांदपुर में किसानों को रिजेक्ट गन्ना व सामान्य गन्ना बताकर परेशान किया जा रहा है। गन्ना समिति चांदपुर जरूरत के हिसाब से किसानों को खाद तक उपलब्ध नहीं करा पा रही है। जिससे किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सहकारी समितियों में भी किसानों को खाद नहीं दिया जा रहा है। जिससे किसान काफी परेशान हैं, साथ ही नीलगाय और बंदरों से किसान बहुत परेशान हैं। संबंधित विभाग के अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

संगठन कार्यकर्ताओं प्रशासन से अनुरोध किया कि किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाए और समय पर खाद, बीज, यूरिया आदि उपलब्ध कराया जाए। तहसील चांदपुर में खसरा खतौनी की फर्द लेने में किसानों को काफी परेशानी आ रही है एक काउंटर और बढ़ाया जाए। उपभोक्ता को राशन व गैस में हो रही धांधली से निजात दिलाई जाए। समस्याओं का निस्तारण प्रशासन जल्द से जल्द नही कर पाता, तो राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन धरना प्रदर्शन करेगा। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। मांग पत्र देने वालों में तहसील अध्यक्ष देवेंद्र उर्फ बिट्टू, मीडिया प्रभारी मुस्तकीम राजपूत, तहसील प्रभारी बृजपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष सूरज कश्यप, तहसील संरक्षक नरेंद्र सिंह, विधानसभा अध्यक्ष ताहर सिंह, सुनील सिंह, सतीश सिंह, जोगिंदर यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उपखनिजों से लदे वाहनों की चैकिंग



**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में खनन अधिकारी एवं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रर्वतन) द्वारा संयुक्त रूप से तहसील धामपुर क्षेत्र अंतर्गत काशीपुर व मुरादाबाद की ओर से आने वाले उपखनिजों से लदे वाहनों की चैकिंग की गई। अधिकारियों द्वारा उपखनिज से लदे वाहनों में लदी खनिज के प्रपत्र चैक किए जाने पर वाहनों के प्रपत्र सही पाए गए। एक वाहन की बॉडी एक्सटेंड होने पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रर्वतन) द्वारा वाहन के विरुद्ध एमवी एक्ट में कार्यवाही की गई। खनन अधिकारी एवं संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रर्वतन) द्वारा यह बताया गया कि डीएम द्वारा अवैध खनन, परिवहन/ ओवरलोंडिग की शिकायतें प्राप्त होने पर खनिज विभाग, परिवहन विभाग व राज्य कर विभाग को संयुक्त रूप से प्रर्वतन की कार्यवाही किए जाने के निर्देशों के अनुपालन जनपद में अवैध खनन / परिवहन / ओवरलोंडिग करने वाले वाहनों के विरुद्ध संयुक्त कार्यवाही की जा रही है।

# बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर छात्र सम्मानित

## एमएम कॉलेज में सम्मान समारोह




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** एमएम इंटर कॉलेज में मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंधक द्वारा शिक्षा सत्र 2026 की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले 12वीं एवं 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कॉलेज के विद्यार्थियों ने वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए कॉलेज का नाम रोशन किया। 12वीं कक्षा में मौहम्मद अर्श ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अब्दुर्रहमान ने 71.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा कई अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और अपने अभिभावकों का गौरव बढ़ाया है।

10वीं कक्षा में मौहम्मद फैज आलम ने 82.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान हासिल किया। जबकि हाफिज अबूबकर कुरैशी ने 77.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इसी क्रम मे मोहम्मद रेहान ने 75.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंधक मुमताज अहमद द्वारा सभी मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मेहनत, लगन और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर कॉलेज प्रधानाचार्य इशरत जमाल आरिफ, मास्टर काजी फिरोज अहमद, सैयद बिलाल अकबर, रिजवान बारी, सुलेमान सिद्दीकी, नौशाद अली, इजहार नूरानी, तैयब अली खान, मौहम्मद आसिफ, मौहम्मद अय्यूब, विरेंद्र कुमार, मास्टर दिलशाद कुरैशी, नवाब शरीफ, नबाज शरीफ, चांद खां, डा. रोंं. हताश जगदम्बानी तथा काजी फिरोज अहमद, फाउंडेशन अध्यक्ष सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# डरा धमकाकर बाबा गैंग के लोग वसूलते थे रकम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** लोगों को डरा धमकाकर रकम वसूलने वाला कथित बाबा गैंग का पुलिस ने भंडफोड़ किया है। पुलिस ने गैंग के आधा दर्जन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए गैं के सदस्य एक लाख रूपये की मांग कर रहे थे।

**0पुलिस ने गैंग के आधा दर्जन सदस्य किए गिरफ्तार**

जुनावई थाना क्षेत्र के ग्राम दबथ्रा हिमंचल निवासी रामपाल पुत्र भूदेव ने अंकित और अवधेश व उसके 10-15 साथियों द्वारा उससे एक लाख रूपयों की मांग करने की शिकायत थाना पुलिस से की थी। जबकि रूपये न देने पर फायरिंग कर जान से मारने की ध मकी दी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जबकि एसपी के अपराधियों की र पकड़ अभियान के दौरान थाना पुलिस के अलावा एसओजी, सर्विलांस टीमों का गठन कर आरोपियों की तलाश की। पुलिस टीम ने अथक प्रयास कर छह आरोपी अंकित उर्फ दिपेन्द्र पुत्र राकेश उर्फ जयवीर नि. दबथरा हरलाल, अवधेश उर्फ उपदेश कुमार पुत्र मुकेश नि. ग्राम अजीजपुर, प्रिंस, पुत्र दिनेश शर्मा नि. यादव कालोनी बहजोई और कुलदीप जडेजा पुत्र बाबूराम, नि. यादव कालोनी बहजोई, अमन शर्मा पुत्र मनोज शर्मा नि. बिजलीघर थाना बहजोई, सुरेन्द्र पुत्र सरवन नि. नंगला डुमाईल को गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अध ीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी बाबा गैं के सदस्य है। इनो 25-30 लोगों का एक ग्रुप है। सभी व्हाटसएप्प, इंस्टाग्राम और फेसबुक आदि पर बाबा नाम से ग्रुप बना रखा है। सभी आपस में जुड़े हैं और अपने शौक व मौज मस्ती को पूरा करने के लिए लोगों को घ्रा उमकाकर पैस लेते हैं। हर की वजह से लोग शिकायत नहीं करते हैं। पकड़े गए गैं के सदस्यों को मुखबिर की सूचना पर जुनावई से शनिवार बाजार से सराय ग्राहम्ण जाने वाले रास्ते पर दबौचा गया। इनमें से दो अवैध तमंचा 315 ोर दो जिंदा कारतूस बरामद किय हैं।



सम्भल। डरा धमकाकर रकम वसूलने के बाबा गैंग के पकड़े गए सदस्यों की जानकारी देते एएसपी।

# हर माह दस तारीख तक मिलेगा बिजली बिल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** आरडीएसएस योजना के तहत लगाए गए स्मार्ट प्रीपेड मीटर अब पोस्टपेड प्रणाली में बदल दिए गए हैं। पावर कॉर्पोरेशन ने इस संबंध में वितरण कंपनियों को आदेश जारी कर दिए हैं। अब उपभोक्ता पहले की तरह बिजली उपयोग के बाद बिल जमा कर सकेंगे। मई माह की बिजली खपत का बिल जून में पोस्टपेड पद्वति से जारी किया जाएगा। बिल एसएमएस और व्हाट्सएप के माध्यम से भेजे जाएंगे। तकनीकी कारणों से ऑटोमैटिक रीडिंग न मिलने पर मैनुअल रीडिंग से बिल तैयार किया जाएगा। बिल जमा करने के लिए 15 दिन का समय और उसके बाद

**0पन्द्रह दिन में करना होगा भुगतान**

सात दिन की विच्छेदन अवधि दी जाएगी। घरेलू उपभोक्ताओं को 30 अप्रैल तक के बकाए का भुगतान किस्तों में करने की सुविधा भी मिलेगी। बिजली विभाग ने बिल संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए 15 मई से 30 जून तक अधि शासी अभियंता और उपखंड अधि कारी कार्यालयों में विशेष शिविर लगाने की घोषणा की है। अधि शासी अभियंता अजय शुक्ला ने बताया कि विभाग उपभोक्ताओं को बिल जमा करने को जागरूक कर रहा है। अधिकारी विभाग के आदेशों के पालन करने में लगे हैं।

# डीएम के एक्शन से जन औषधी केन्द्र हुए क्रियाशील

**0गुन्नौर सीएचसी में प्रतिदिन 5-6 मरीज आने का मामला सामने आने पर प्रशासन आया एक्शन मोड में**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जिले में सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं को पंख लगने लगे हैं। डीएम की मॉनीटरिंग से जन औषद्यी केन्द्र की तस्वीर बदलने लगेगी। जबकि आधा दर्जन जन औषद्यी केन्द्र सक्रिये हो गये है।

जिले में गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को महंगी दवाओं के बोझ से निजात दिलाने के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना अब तेज रफ्तार पकड़ रही है। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल की सक्रिय मॉनिटरिंग और लगातार समीक्षा के चलते जिले के 10 प्रमुख चिकित्सालयों में से 6 में जन औषधि केंद्र पूरी तरह से क्रियाशील होकर मरीजों को अपनी सेवाएं देने लगे हैं। हाल ही में गुन्नौर सीएचसी में मरीजों की कम संख्या (प्रतिदिन महज 5-6 मरीज) की बात सामने आने पर प्रशासन तुरंत एक्शन मोड में आ गया। जिलाधिकारी ने मामले का संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश इन केंद्रों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। प्रशासन की इस सकारात्मक पहल और सख्ती के बाद अब मरीजों को बाहर के मेडिकल स्टोर से महंगी दवाइयां खरीदने की मजबूरी से हमेशा के लिए छुटकारा मिलने जा रहा है।

## छह केन्द्रों ने दी राहत चार की तैयारी हुई तेज़

**सम्भल।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और अंतिम पायदान पर खड़े व्यकित तक लाभ पहुंचाने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। सेवा प्रदाता एजेंसी 'सुमन मेडिकल स्टोर' झांसी के जरिए इन केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में जुनावई, रजपुरा, गुन्नौर, सम्भल, नरौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला संयुक्त चिकित्सालय सम्भल में जन औषधि केंद्र सुचारू रूप से चल रहे हैं। जिलाधिकारी की दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि असमोली, बहजोई, पवांसा और चन्दौसी सीएचसी में भी इन केंद्रों के लिए कक्ष पहले ही उपलब्ध करा दिए गए हैं। इन चारों केंद्रों पर डीएम की पैनी नजर है और इन्हें भी जल्द से जल्द क्रियाशील करने की प्रक्रिया जोरों पर चल रही है।

# जागरूता से मिटेगा भ्रम, मरीजों को मिलेगा सीधा लाभ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अक्सर देखा गया है कि मरीज सरकारी अस्पताल की मुफ्त दवाओं और जन औषधि केंद्र की सस्ती दवाओं के बीच के अंतर को लेकर भ्रमित रहते हैं। इस भ्रांति को दूर करने के लिए डीएम के निर्देशों के बाद स्वास्थ्य महकमा पूरी तरह सक्रिय हो गया है। गुन्नौर सीएचसी प्रभारी डा. राजकिशोर के नेतृत्व में अब मरीजों को विशेष रूप से जागरूक किया जा रहा है। मरीजों को समझाया जा रहा है कि जो दवाएं अस्पताल के स्टॉक में नहीं हैं, उन्हें बाहर से भारी कीमत पर खरीदने के बजाय अस्पताल परिसर में मौजूद जन औषधि केंद्र से बेहद कम और रियायती दरों पर प्राप्त करें। अस्पताल प्रशासन अब परिसरों में जगह-जगह जागरूकता बोर्ड लगाने जा रहा है ताकि अस्पताल आने वाला हर मरीज इस कल्याणकारी योजना का पूरा लाभ उठा सके।

# व्यापारी समाज ओर सरकार के बीच करता है सेतु का काम



सम्भल- व्यापारियों की समस्याओं को लेकर बैठक में चर्चा करते।

**0अ. भा. उ. व्यापार मंडल की बैठक में लिया संकल्प**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की महत्वपूर्ण बैठक में व्यापारियों को हो रही परेशानियों और उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई।

गुरुवार रात्रि युवा अध्यक्ष हर्षित शर्मा 'हनी' के कोटपूर्वी स्थित प्रतिष्ठान पर आयोजित बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के निर्देशानुसार व्यापारी वर्ग द्वारा बड़ा मंगल पर विशेष आयोजन करने एवं व्यापारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में मुख्य बाजार में व्यापारियों को हो रही परेशानियों पर विशेष विचार-विमर्श किया गया। साथ ही संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, व्यापारियों के हितों की रक्षा तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने पर भी गहन चिंतन हुआ। बैठक में पूर्व में आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा भी की गई। जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों ने एकमत से संकल्प संगठन को सशक्त बनाने के लिए वे पूर्ण एकजुटता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर व्यापार मंडल में नव नियुक्त उपाध्यक्ष विकास वर्मा एवं अमित गुप्ता को नियुक्ति पत्र देकर एवं माला पहनाकर तथा शील्ड देकर स्वागत किया गया। बैठक में चेयरमैन गौरीशंकर चौधरी ने कहा कि व्यापारी समाज वह मजबूत कड़ी है जो सरकार और समाज के बीच सेतु का काम करता है। यह वर्ग राजस्व वृद्धि के माध्यम से देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हर्षित शर्मा हनी ने कहा कि व्यापारी देश के लिए ध न, रोजगार और प्रगति के सशक्त माध्यम हैं। वे न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं, बल्कि देश को वैश्विक मंच पर भी जोड़ते हैं। बैठक में जिला उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, जसपाल सिंह, युवा महामंत्री प्रतीक गुप्ता, शिवम गर्ग, दीपक गुप्ता, हर्ष गुप्ता, रजत रेवड़ी, अमूल्य भारद्वाज, वैभव छाबड़ा, अक्षय गुप्ता, मयंक गुप्ता, पुष्कल गुप्ता, नीरज ठाकुर, प्रयास अग्रवाल, सौरभ गुप्ता सहित अनेक प्रमुख व्यापारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में युवा अध्यक्ष हर्षित शर्मा 'हनी' एवं युवा महामंत्री प्रतीक गुप्ता ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया और संगठन की प्रगति के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। अध्यक्षता गौरी शंकर चौधरी ने की।

# राहुल को पीएम बनाने के लक्ष्य पर काम करेंगे कांग्रेसी



सम्भल। जिला कांग्रेसय कमेटी के कार्यालय पर बैठक में बोलते आरिफ तुर्की।

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक संगठन को मजबूत बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। जबकि आगामी चुनाव में भाजपा को हराकर कांग्रेस का जीत का परचम फहराने पर फोकस करने पर ज़ोर दिया गया।

चन्दौसी रोड स्थित जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिला अध्यक्ष आरिफ तुर्की ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव को पूरी मजबूती और तैयारी के साथ लड़ेंगे। उन्होंने सभी पदाधि कारियों और कार्यकर्ताओं से अभी से अपने-अपने पदों की जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और लगन के साथ निभाने की अपील की। उन्होने कहा कि हमारा लक्ष्य स्पष्ट है कि 2027 हमारा हो। इसके लिए हर स्तर पर संगठन को चुस्त-दुरुस्त और जन-जन तक पहुंचाना होगा। बैठक में संगठन विस्तार और बूथ स्तर तक मजबूती लाने की रणनीति कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने के तरीके आने वाले चुनाव की तैयारियों को समय रहते शुरू करने पर चर्चा की। इसके अलावा जन समस्याओं को उठाना और पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाना है। बैठक में सभी जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार व्यकरते हुए कार्यकर्ताओं से पार्टी के झंडे को मजबूती से आगे बढ़ाने का आहवान किया। जबकि प्रदेश से बीजेपी को हर हाल में भागना है और अगले साल 2027 में यूपी विधान सभा चुनाव में बीजेपी को भगाकर जीत का परचम लहराना है। इसी पर फोकस करते हुए पार्टी संगठन और अपने नेता राहुल गांधी के हाथों को और अधिक मजबूती देने के लिए अभी से कमर कस लेने पर ज़ोर दिया।वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस के सभी साथी और राहुल गांधी के बब्बर शेर पार्टी संगठन और राहुल गांधी के हाथों को और अधिक मजबूती देने का संकल्प लें। यूपी जीतने के बाद 2029 के लोकसभा चुनाव में भी फतेह हासिल कर राहुल गांधी को पीएम बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखकर चलना होगा। बैठक में 20 मई के बाद विधान सभा वार एक यात्रा निकालने पर भी विचार हुआ। इस मौके पर दुष्यंत कुमार सिंह, अशरफ अंसारी, अंजार मंसूरी, कोस्तुभ रस्तोगी,डीके वाल्मीकि, दाऊद पाशा, जयप्रकाश सहगल ,डा. मरगूब, डा. सलाउद्दीन सैफी, राशिद हुसैन सैफी, युनुस अंसारी, नोमान हैदर, शारीरिक तुर्की, जुबेर नादिर, हाशिम, जीशान अहमद, मोहम्मद अमन, मोहम्मद गोरी,मोहम्मद रजा, शरिक, मोबीन अमान, फहद,नूरुल, आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता आरिफ तुर्की ने की।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-प्रीपेड मीटर व्यवस्था समाप्त करने पर खुशी व्यक्त करते व्यापारी।

## प्रीपेड व्यवस्था खत्म करने से व्यापारी वर्ग में खुशी

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** व्यापारी सुरक्षा फोरम की बैठक में प्रीपेड बिजली मीटर व्यवस्था समाप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त की और सरकार के निर्णय से राहत की सांस ली।

संजय गुप्ता पॉली के प्रतिष्ठान पर आयोजित बैठक में उत्तर प्रदेश सकार द्वारा बिजली के प्रीपेड मीटर व्यवस्था को समाप्त करने पर हर्ष जताया। साथ ही योगी सरकार के इस निर्णय से जनता के साथ व्यापारी वर्ग को भी राहत मिलना कहा। बैठक में आम जनता के हित में चार बिंदुओं पर संगठन के विस्तार के लिए हिमांशु कश्यप को जिला महामंत्री, नमन अग्रवाल को नगर संगठन मंत्री और मनी अरोड़ा को नगर मंत्री नियुक्त किया। इस मौके पर अनिल रस्तोगी, मणि अरोड़ा, राहुल शर्मा, राजीव गुप्ता, हरीश रसतोगी, रोहिल्ला, अरविंद गुप्ता, शरद गुप्ता आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता संजय गुप्ता पोली ने व संचालन टिंकू टंडन ने किया।




बबराला- स्वगणना प्रक्रिया पूर्ण कर आमजन से भी अपील करते।

## स्वगणना को किया जागरूक

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** जनगणना से जनकल्याण के साथ प्रारंभ जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अन्तर्गत जनप्रतिनिधि यों, विधायक गुन्नौर राम खिलाड़ी सिंह यादव, पूर्वमंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार उर्फ राजू यादव, सहित अन्य नगर पालिका अध्यक्षों, ब्लॉक प्रमुखों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा स्व गणना की प्रक्रिया पूर्ण की गयी। स्व गणना सुविधा के अन्तर्गत आमजन 07 मई 2026 से 21 मई 2026 तक स्व गणना पोर्टल पर पर लॉगइन कर घर बैठे अपनी जानकारी स्वयं ऑनलाइन करें दर्ज। प्रक्रिया पूर्ण होने पर एक स्व गणना आईडी प्राप्त होगी। जिसे घर आने वाले प्रगणक के साथ साझा करना होगा।उपजिलाधिकारी गुन्नौर विकास चन्द्र ने सभी से स्व गणना करने की अपील की है।



सम्भल। मध्य गंगा नहर के अधिकारियों के साथ वार्ता कर विवाद समाप्त कराते।

## भाकियू असली के प्रयासों से शुरू हुआ कार्य

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** भाकियू के प्रयासों से मध्य गंगा नहर के तीन स्थानों पर चले आ रहे विवाद को सर्वसम्मति से नापतोल कराकर कार्य शुरू कराया गया।

मध्य गंगा नहर निर्माण खंड आठ के उप खंड अधिकारी कृष्ण गोपाल, अवर अभियंता उस्मानी व जिलेदार नवीन कुमार माईनर निर्माण में भदरोला सुजातपुर व हिसामपुर तीन स्थानों पर विवाद था। भाकियू असली से पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी चौधरी संजीव गांधी समरपाल सिंह, राहीद, हाजी भूरे, गिरीराज सिंह, वेदपाल सिंह व गुड्डू चौधारी आदि के प्रयासों से विवाद वाले स्थानों की नापतोल करके सर्व सम्मति से निशानदेही करायी और निर्माण कार्य शुरू करवा दिया गया। जबकि सुजातपुर अधूरे पुल निर्माण को शीघ्र पूरा करने का ऐलान विभाग की ओर से किया। इसी के साथ हिसामपुर में एक नये पुल के निर्माण की किसानो की मांग से उच्च अधिकारियों को अवगत कराने का आश्वासन दिया गया। जबकि तय किया गया कि आगे कोई समस्या आने पर इसी तरह विभाग व भाकियू असली मोके पर ही आपसी सहमति से समाधान करेंगे

# शिक्षकों की टीम ने महाविद्यालय में प्रवेश को किया प्रोत्साहित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पंजीकरण अनुपात बढ़ाने तथा विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु, प्रेरित करने के लिए शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक किया।

एमजीएम पीजी कॉलेज के प्राचार्य योगेन्द्र सिंह के निर्देशन में चल रही शिक्षकों की जागरूकता टीम डा. नीलेश कुमार के नेतृत्व ने शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज पहुंच कर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक किया। टीम के डा.निलेश कुमार ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरुक करते हुए ,कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी युग में उच्च शिक्षा किस प्रकार उनके व्यक्तित्व विकास कौशल प्रबंधन तथा रोजगार प्राप्ति में सहायक सिद्व हो रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लाभों के प्रति जागरूक किया। इसके अतिरिक्त डा. राजेश कुमार डा. विकास कुमार यादव डा. रितु भटनागर ने भी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में व अपने महाविद्यालय में प्रवेश के लिए प्रोत्साहित किया। तथा सरकार द्वारा संचालित अभ्युदय कोचिंग योजना की विशेषताओं पात्रता पंजीकृत प्रक्रिया तथा इसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।इसके साथ ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं नीट, एसएससी, यूपीएससी बैंकिंग रेलवे आदि की तैयारी की रणनीति व समय प्रबंधन अध्ययन पद्वति पर भी महत्वपूर्ण सुझाव साझा किये।

# फूल माला पहनाकर हज यात्रा पर रवाना किए कासिम खां

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** नगर के मोहल्ला चौध री सराय निवासी ठेकेदार हाजी साजिद खान के भाई कासिम अली खान पवित्र हज के सफर के लिए रवाना हो गए। उनके हज यात्रा पर जाने से पूर्व निवास पर महफिले मिलाद का आयोजन किया गया। जिसमकें मिलादख्वां और उलेमाओं ने नात व मनकबत के नजराने पेश कर माहौल को रूहानी बना दिया। जबकि उलेमाओं ने हज यात्रा के दौरान अदा करने वाले फराइजों की जानकारी देकर देश दुनिया में अमन तथा हर इंसान को हज का सफर पर जाने की दुआ करायी। इस दौरान हाजी साजिद खान और उनके भाई कासिम अली खान के शुभचिंतकों, रिश्तेदारों और मोहल्ले के लोगों की काफी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे माहौल भावुक हो गया। रवाना होने से पहले लोगों ने दोनों हज जायरीन कासिम अली खान को फूल-मालाएं पहनाकर मुबारकबाद दी। इस दौरान लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत किया और अल्लाह हू अकबर के नारे लगाए उनके सुरक्षित और सफल हज यात्रा की कामना की।मुबारक बाद देने वालों में पूर्व पालिका उपाध्यक्ष याकूब उर्फ गामा एड., नगर पालिका परिषद के नामित सभासद सय्यद शान अली, गुडडू चौधरी, बब्बू खान, सलमान तुर्की, शोएब खान, उस्मान कुरैशी, तहसीन कुरैशी, हाजी नासिर खान, पूर्व मेंबर मुख्तार किदवइ, नेता शरीफ, शकील अहमद ठेकेदार, मौलाना मुकिम कुरैशी, बाबू कुरैशी, चंदा मियां गोहर अली, हुसैन अफसर, सय्यद फारूक हुसैन आदि मौजूद रहे।



सम्भल- हज पर रवाना होते कासिम खां को माला पहनाकर रवाना करते भाजपा नेता।

## मीट कारोबारी से एक करोड़ से अधिक की ठगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पुलिस ने एक मीट कारोबारी से 1.25 करोड़ की ध ोखाधाड़ी करने में छह के खिलाफ मामले में मुरादाबाद के 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

हयातनगर थाना क्षेत्र के सरायतरीन निवासी नूर हसन, एक मीट कारोबारी हैं। आरोपियों ने नूर हसन को जमीन बेचने का झांसा दिया। जो पहले से ही न्यायालय में विचाराधीन थी और जिसकी बिक्री पर रोक लगी हुई थी। सौदा बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव भुलावई में जमीन खरीदने के लिए 7 करोड़ में सौदा तय हुआ था, जिसके लिए पीड़ित ने 1.25 करोड़ अग्रिम भुगतान के रूप में दिए थे। जब बैनामा रजिस्ट्री की अवधि पूरी होने पर पीड़ित तहसील पहुंचे, तो पता चला कि मुरादाबाद आयुक्त न्यायालय में मामला लंबित होने के कारण जमीन की रजिस्ट्री नहीं हो सकती थी।

# गुरुजन ऐंसी शिक्षा दें कि छात्र जीवन पर्यंत सफल जीवन यापन करे

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** बेसिक शिक्षा विभाग सम्भल तथा भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वाधान में गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन कर शिक्षकों और विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

जनपद में चल रहे क ख ग घ मिशन के अंतर्गत मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में छात्रों और गुरूओं के बीच आजीवन के लिए गुरू शिष्य सम्बंध स्थापना के उद्देश्य से गुरू वंदन छात्र अभिनंदन का आयोजन जिले के 1289 विद्यालयों मे आयोजित किया गया। भारत विकास परिषद के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में में जिले के 2578 शिक्षकों एवं 6445 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए गुरुओं को प्रेरित करने पर बल दिया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के प्रांतीय संयोजक सम्पर्क डा. एस एन शर्मा ने कहा कि गुरुओं को छात्रों का सम्मान एवं छात्रों को गुरुओं का सम्मान करना चाहिए। गुरुओं को छात्रों के लिए आदर्श नागरिक निर्माण करने हेतु शिक्षा प्रदान करनी चाहिए तथा छात्रों को अपना स्वयं का बालक समझ कर भावनात्मक रूप से शिक्षण कार्य करना चाहिए। विद्यार्थी जीवन से ही आदर्श नागरिक तथा भविष्य निर्माण हेतु प्रेरित करना चाहिए शिक्षकों को चाहिए कि वह अपने विद्यार्थियों को आजीवन के लिए शिष्य माने तथा उन्हें इस प्रकार की शिक्षा प्रदान करें कि वह जीवन पर्यंत सफल जीवन यापन कर सकें। गुरु वंदन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम जनपद सम्भल के 1289 विद्यालयों में आयोजित हुआ। भारत विकास परिषद के दायित्वधारियों एवं सदस्यों ने विभिन्न विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इनमें प्रांतीय उपाध्यक्ष सोम प्रकाश वार्ष्णेय, प्रांतीय कोषाध्यक्ष राहुल वार्ष्णेय, प्रांतीय पर्यावरण संयोजक अतुल शंकर चौधरी, चंदौसी शाखा के संरक्षक महेश कठेरिया, अमित साहनी, अनिल कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।



सम्भल-गुरूवंदन छात्रवंदन कार्यक्रम में सम्मानित प्रतिभागी छात्र।

# उत्साह और रोमांच के साथ खेला गया फाइनल मुकाबला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** राजथल क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला राजथल और वेरनी टीम के बीच बड़े उत्साह और रोमांच के साथ खेला गया। मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन अंत में राजथल टीम ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए 47 रनों से शानदार जीत दर्ज की। फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए राजथल टीम ने कप्तान अनमोल यादव के नेतृत्व में निर्धारित 16 ओवरों में 148 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से विवेक यादव ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 38 रन बनाए और नवनीत यादव ने गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट चटकाए,जबकि ओम हरि ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 32 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। दोनों खिलाड़ियों ने गेंदबाजी में भी शानदार योगदान दिया और 2-2 विकेट अपने नाम किए। 149 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेरनी टीम ने कप्तान लक्ष्मण यादव के नेतृत्व में संघर्ष करने का प्रयास किया, लेकिन राजथल की घातक गेंदबाजी के सामने टीम टिक नहीं सकी और पूरी टीम 13 ओवरों में मात्र 101 रन पर ऑलआउट हो गई। राजथल टीम के खिलाड़ियों ने फिल्डिंग और गेंदबाजी में बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए मैच पर शुरू से अंत तक पकड़ बनाए रखी।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र मनन पाठक का उत्तर प्रदेश राज्य रोल बाल टीम के लिए चयन

**कांठ( शाह टाइम्स )** दिल्ली पब्लिक स्कूल में कक्षा 9 के छात्र मनन पाठक का चयन उत्तर प्रदेश राज्य रोल बाल टीम के लिए किया गया है उक्त जानकारी प्रेस को जारी विज्ञप्ति में प्रधानाचार्य सुदर्शन सोनार ने दी उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता 15 से 17 मई तक शिमला हिमाचल प्रदेश स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में आयोजित होगी मनन पाठक का चयन 1 से 3 मई 2026 तक गाजियाबाद में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय रोल बाल प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। इस सफलता में उनके प्रशिक्षक रिंपी सिंह का विशेष मार्गदर्शन रहा है इस उपलब्धि पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है विद्यालय परिवार की ओर से प्रो वाइस चेयरमैन संदीप जैन प्रधानाचार्य सुदर्शन सोनार एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नितिन जैन एवं उनके माता-पिता ने मनन पाठक को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने बताया कि यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता भारतीय रोल बाल महासंघ के तत्वाधान में आयोजित की जा रही है।




# सपा नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी बोले: 'मेरे घर बुलडोजर नहीं चला सकते, चारों ओर आर्मी है'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री नसी मुद्दीन सिद्दीकी ने शुक्रवार को राम गंगा विहार स्थित किल्फटन बैंकट हॉल में प्रेस वार्ता की। उन्होंने 'मिशन 2027' का ऐलान करते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोला। सिद्दीकी ने कहा कि मिशन 2027 शुरू हो चुका है। पीडीए के बलबूते सपा सत्ता में वापसी करेगी। सत्ता में आने पर महिलाओं को 40 हजार रुपये की आर्थिक सहायता और उपभोक्ताओं को 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त दी जाएगी। बंगाल समेत पांच राज्यों के चुनाव परिणाम पर उन्होंने कहा कि वास्तव में इन राज्यों में चुनाव हुआ ही नहीं। भाजपा शासित राज्यों से अधिकारियों को प्रशिक्षित कर भेजा गया था कि चुनाव में कैसे गड़बड़ी की जाए।




उन राज्यों में संविधान की धज्जियां उड़ाई गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि जो सरकार के खिलाफ बोलता है, उसके घर बुलडोजर चला दिया जाता है। मेरे घर नहीं चला सकते क्योंकि मेरे घर के चारों तरफ आर्मी के आवास हैं। उन्होंने कहा कि बजरंग दल के लोग पीडीए लोगों का उत्पीड़न कर रहे हैं। सिद्दीकी ने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा की कठपुतली है। उसे कहो बैठ जाओ तो बैठ जाता है, खड़ा होने को कह दो तो खड़ा हो जाता है। चुनाव से पहले ही एसआईआर क्यों किया जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई चरम पर है। एक हजार का सिलिंडर, मुरादाबादी दाल महंगी हो गई, खाना महंगा हो गया। बेरा. जगारी, महंगाई, अपराध चरम पर है। भाजपा ने गंगा-जमुनी तहजीब में खाई पैदा कर दी है। ओवैसी के सवाल पर बोले, ये कौन हैं, कहां रहते हैं, हमें नहीं पता। आज ही नाम सुना है।

उन्होंने बताया कि सपा में शामिल होने के बाद होली, रोजा अफ्तार और ईद पर घर रहने के अलावा प्रदेश के 50 जिलों का दौरा कर पीडीए को मजबूत कर रहे हैं।

आजम खान को बड़ा नेता बताते हुए कहा कि उनकी कोई बराबरी नहीं कर सकता। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, विधायक नवाब जान, सलीम अख्तर, महानगर अध्यक्ष इकबाल अंसारी, पूर्व विधायक बलराम सैनी, पूर्व विधायक हाजी शब्बन, जिला महासचिव फुरकान अली, पूर्व प्रत्याशी लाखन सिंह सैनी, धर्मेंद्र यादव समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### जनगणना की तैयारी पूर्ण, सुपरवाइजरों व प्रगणकों को दिए नियुक्ति पत्र



**कांठ( शाह टाइम्स )** नगर पंचायत कांठ में जनगणना 2027 के लिए पूरी तैयारी कर ली गई हैस जनगणना 22 मई से प्रारंभ होगी स नगर पंचायत कार्यालय पर शुक्रवार को जनगणना में लगे सुपरवाइजरों एवं प्रगणको को अधिशासी अधिकारी रामेश्वर दयाल ने नियुक्ति पत्र एवं मकान सूचीकरण और मकान की गणना के लिए अनुदेश पुस्तिका का वितरण किया स उन्होंने जनगणना का कार्य पूरी निष्पक्षता और ईमानदारी के साथ करने के आह्वान किया।

नगर पंचायत कांठ द्वारा जनगणना 2027 में लगे 11 सुपरवाइजर एवं 64 प्रगणकों को नियुक्ति पत्र एवं बुकलेट वितरित की गई स इस अवसर पर वरिष्ठ लिपिक अमित बिश्नोई, कंप्यूटर ऑपरेटर नितिन बिश्नोई एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### भीतखेड़ा गांव में ग्राम चौपाल का आयोजन

**मूंढापांडे।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत भीतखेड़ा में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, इस चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श हुआ। विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे, जहां ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं,कार्यक्रम में कुंदरकी विधायक प्रतिनिधि जयवीर सिंह ठाकुर, कृषि विभाग अरविंद कुमार सचिव सुरेंद्र प्रकाश प्रदीप कुमार लेखपाल, रोजगार सेवक मनोज कुमार पंचायत सहायक पूजा ग्राम प्रधान श्यामलाल सिंह सभी ने आशा बहू की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया और महिलाओं के घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ जैसी समस्याओं से निपटने की जानकारी दी,इस अवसर पर ग्राम प्रधान श्यामलाल की सक्रिय भूमिका की विशेष सराहना की गई। उनके प्रयासों से ही ग्राम चौपाल का आयोजन सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सका। ग्रामीणों ने प्रधान की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे गांव के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए लगातार तत्पर रहते हैं,पेयजल, सफाई, आवास और पेंशन जैसी योजनाओं को लागू कराने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है, भीतखेड़ा में ग्राम चौपाल में ग्राम प्रधान श्यामलाल ने कहा कि गांव का समग्र विकास और प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि ग्राम पंचायत में विकास कार्यों को और गति दी जाएगी तथा ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा,इस ग्राम चौपाल के माध्यम से प्रशासन और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ। इससे लोगों में विश्वास और सहभागिता की भावना मजबूत हुई, इस दौरान विधायक प्रतिनिधि जय वीर सिंह ने कहा कि सभी की समस्याओं को जल्द से जल्द निपटा दिया जाएगा इस मौके पर पूजा सुरेंद्र प्रकाश मनोज कुमार प्रदीप कुमार अरविंद कुमार सोनू सागर बलबीर सिंह आशीष कुमार राजेंद्र सिंह गणेश कुमार श्याम लाल सिंह प्रधानआदि मौजूद रहे।



## पहले दो दिनों में 7304 से ज्यादा लोग स्व गणना करने में हुए कामयाब

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** जन गणना की प्रक्रिया स्व-गणना के साथ बृहस्पतिवार से शुरू हो गई। दूसरे दिन शाम 5:00 बजे तक 7304 लोगों ने स्व-गणना का काम पूरा किया। इसमें अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल हैं। स्व गणना 21 मई तक चलेगी। दूसरे चरण में 22 मई से प्रगणक घर घर जाकर जनगणना करेंगे। बृहस्पतिवार को स्व-गणना की शुरुआत हुई। जनगणना के तहत मकान सूचीकरण और मकानों की गणना (एचएलओ) 22 मई से 20 जून तक निर्धारित है। घरों की गणना से पहले नागरिकों को 15 दिनों की स्व-गणना की सुविधा दी गई है। se.census.gov पोर्टल पर स्व-गणना के माध्यम से प्रत्येक परिवार अपने मकान एवं परिवार से संबंधित विवरण स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकता है। दूसरे दिन मुरादाबाद जनपद में खबर लिखे जाने तक करीब 7500 लोगों ने स्व-गणना का कार्य पूरा किया था।

## राशन डीलरो को भी मिली स्व गणना में सहयोग करने की जिम्मेदारी

**कांठ( शाह टाइम्स )** तहसीलदार राजकुमार सिंह ने आज राशन डीलरो की बैठक बुलाई और उनकी स्व गणना कराई उन्होंने राशन डीलरो से कहा कि इस कार्य में वह भी सहयोग करें और राशन लेने आने वाले कार्ड धारकों की स्व गणना कराकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करें। उन्होंने बैठक के दौरान स्व गणना करने के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उन सभी की बैठक में ही स्व गणना कराई। इस मौके पर काफी संख्या में राशन डीलर मौजूद रहे।



## मुस्ताक मियां का सालाना 81वां दो रोजा उर्स कुल शरीफ के बाद हुआ सम्पन्न

**कुन्दरकी।** क्षेत्र के ग्राम हरियाना में मुस्ताक मियाँ का सालाना 81 वाँ दो रोजा उर्स कुल शरीफ होकर सम्पन्न हुआ शुक्रवार को कुन्दरकी क्षेत्र के ग्राम हरियाना में स्थित मुस्ताक मियाँ का दो रोजा उर्स अकीदत व एहतमाम के साथ हुआ सम्पन्न जिसमें पहले दिन जलसे का प्रोग्राम रहा जलसे में मुफ्ती गुलफाम रजा रामपुरी,हाफिज मुनाजिर मुरादाबादी, शायर हाफिज जुबैर अजहरी एवं सैय्यद फैजान मियाँ,सैय्यद अजीम मियाँ,मेहमान ए खुशूसी रहे। इस दौरान उर्स में थाना कुन्दरकी पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा उर्स में मुख्य रूप से उर्स कमेटी अध्यक्ष मुख्त्यार मुल्लाजी,रियाजुल हुसैन सैफी,डीलर खालिक अन्सारी,अकरम मुल्लाजी,जरीफ अहमद, तौफीक अहमद,रफीक अहमद, डॉक्टर आदिल,आसिफ अन्सारी, एवं पूर्व ग्राम प्रधान अफसर अली खान,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शरीफ उस्ताद,पूर्व ग्राम प्रधान पति इब्ले हसन खान,जावेद खान मुगल पूर्व जिला सचिव,जीशान खान,असद खान,मौमीन सैफी, मुर्तजा सैफी,चाँद खान,काफी भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# विद्यामंदिर क्लासेस द्वारा नेशनल एडमिशन टेस्ट मई 2026 में आयोजित होगी

**मुरादाबाद।** विद्यामंदिर क्लासेज (वीएमसी) देश का जाना-माना कोचिंग संस्थान है जो जेईई (मेन व एडवांस), नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में विशिष्टता रखता है. वीएमसी अपने फ्लैगशिप टेस्ट यानी एनएटी के लिए तैयार है जिसके जरिए छात्र एडमिशन और स्कॉलरशिप पा सकेंगे. ये टेस्ट 9, 10 , 16 और 17 मई को होगा जिसके जरिए देशभर के अच्छे छात्रों को प्रोत्साहित किया जाएगा और उनकी परफॉर्मेंस के लिए रिवॉर्ड भी दिया जाएगा. यह स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट छात्रों को प्रोत्साहित करने और उन्हें शैक्षिक सफलता की ओर प्रेरित करने के लिए आयोजित किया जाएगा। यह परीक्षा उन छात्रों के लिए है जो कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं, 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं में जा रहे हैं। उन्हें विद्यामंदिर क्लासेज के विभिन्न प्रोग्राम्स में दाखिले और 100% तक की स्कॉलरशिप पाने का अवसर मिलेगा।

इस टेस्ट के माध्यम से छात्र जेईई और नीट जैसी परीक्षाओं की तैयारी में भी बढ़त हासिल करेंगे। इसके तहत वीएमसी संस्थापकों और विशेषज्ञों द्वारा मेंटॉरशिप / मोटिवेशनल सेशंस, निःशुल्क डाउट रिजॉल्यूशन, निकटतम वीएमसी केंद्र पर अकादमिक सहायता, अच्छी तरह से शोधित और वैज्ञानिक आधार पर तैयार किया गया ई-स्टडी मैटेरियल और असीमित मॉक टेस्ट का लाभ भी दिया जाएगा। वीएमसी पूरे देश में नेशनल एडमिशन टेस्ट का आयोजन अपने प्रतिष्ठित क्लासरूम और ऑनलाइन प्रोग्राम्स के लिए छात्रों का चयन करने हेतु करता है। इन प्रोग्राम्स को जेईई और नीट के साथ-साथ ओलंपियाड्स और बोर्ड्स जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। विद्यामंदिर क्लासेज के सह-संस्थापक श्री बृज मोहन ने कहा "विभिन्न चरणों में छात्रों की जरूरतों को समझना वीएमसी की शिक्षण पद्धति की प्रेरणा रहा है। यही कारण है कि हमारे छात्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। वीएमसी में कक्षाओं का नेतृत्व संस्थापकों और अत्यधिक अनुभवी फैकल्टी सदस्यों द्वारा किया जाता है, जो जेईई और नीट जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए छात्रों को तैयार करते हैं।" विद्यामंदिर क्लासेज का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिक और तकनीकी ज्ञान की एक ठोस नींव तैयार करना और योग्य और प्रेरित इंजीनियरों और डॉक्टरों को तैयार करना है। जेईई और नीट जैसी परीक्षाओं के लिए तैयारी करने वाले छात्रों को, जो देश के शीर्ष इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेजों में अध्ययन करना चाहते हैं, इस परीक्षा को जरूर देना चाहिए।

### शादी के 15 महीने बाद ही ससुरालियों पर विभिन्न आरोपों में केस दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** क्षेत्र के गांव निवासी लड़की की शादी करीब 15 माह पूर्व मुस्तफा पुत्र वकील अहमद के साथ हुई थी जिसके चार माह की बेटी भी है महिला का आरोप है कि उसके ससुराल में जेठ करीब 4 महीने से उसके प्रति गंदी नजर रखे हुए हैं और अवैध संबंध बनाने के लिए लगातार दबाव बनाता चला रहा है इसकी शिकायत पति से की तो उन्होंने उसे चुप रहने की सलाह दी और कहा कि इससे खानदान की बदनामी होगी लेकिन उसके ससुरालिया अमानवीय व्यवहार करते रहे अप्रैल महीने में रात करीब 10:00 बजे जेठ ने महिला को बुरी नियत से दबोच लिया उसने शोर मचाया तो पति और ससुर भी आ गए लेकिन इन्होंने महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी और गला घोटने का प्रयास किया।पीड़िता ने डायल 112 को फोन किया तो पुलिस मौके पर पहुंची और उसे ससुराल वालों के चंगुल से बचा लिया पीड़िता ने एसएसपी को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराते हुए ससुरा. लियों पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की उनके आदेश से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

# सीडीपीओ कार्यालय में आंगनवाड़ी व सहायिकाओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**बिलारी।** बिलारी स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में शुक्रवार को सीडीपीओ सुरेंद्र पाल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य सेविकाओं, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं ने भाग लिया। इस दौरान विभागीय योजनाओं की प्रगति, बच्चों एवं महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं , एवं स्व गणना में भागीदारी स्वयं की गणना प्रपत्र के साथ ही परिवार का भी जनगणना प्रपत्र ऑनलाइन फीड कराने तथा आगामी कार्य योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सीडीपीओ सुरेंद्र पाल ने कार्यालय में कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्य सेविकाओं से क्षेत्रवार जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचना चाहिए। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण, टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं से संवाद करते हुए सीडीपीओ ने कहा कि केंद्रों पर नियमित उपस्थिति, साफ-सफाई तथा बच्चों को मिलने वाले पोषण आहार की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने अभिलेखों को अद्यतन रखने और शासन द्वारा संचालित योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने पर भी जोर दिया साथ ही विभागीय कार्यो की सुगमता हेतु कार्यकत्रियों को मोबाइल फोन दिए गए, मुख्य सेविकाओं ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं से सीडीपीओ को अवगत कराया, जिस पर जल्द समाधान का आश्वासन दिया गया। बैठक में विभागीय कार्यों को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए।




## दवाई लेने गया वृद्ध आगरा में ट्रेन से लापता बेटे ने कराई गुमशुदी दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** आगरा से दवाई लेने गया वृद्ध वापसी में ट्रेन से लापता हो गया लापता के पुत्र ने थाना कांठ में गुमशुदी दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के गांव पहाड़मऊ निवासी खचेडू सिंह पुत्र बुद्ध सिंह आगरा से पहली बार दवाई लेने के लिए गए थे। उन्होंने 6 मई को वापसी की और ट्रेन में सवार हो गए रात को करीब 8:00 बजे बेटे शुशील की उनसे फोन पर बात हुई उन्होंने कहा कि वह खाना खाकर ट्रेन में बैठ गए हैं और सीट भी मिल गई है। लेकिन रात 10:00 बजे फोन करने पर उनका फोन रिसीव नहीं हुआ परि. जनों ने दोबारा फोन लगाया तो फिर भी बात नहीं हुई फोन रिसीव न होने पर परिवार के लोग परेशान हो गए सुबह को उन्होंने फोन लगाया तो किसी अनजान व्यक्ति द्वारा फोन रिसीव किया गया और उनसे अपने पिता के बारे में जानकारी की तो उसने फोन स्विच ऑफ कर दिया और तब से उनका फोन स्विच ऑफ चल रहा था। पीड़ित पुत्र सुशील कुमार थाने पहुंचा और पिता की गुमशुदी दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया पुलिस ने गुमशुदी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। वृद्ध के न मिलने पर परिवार के लोग अपने स्तर से भी तलाश के लिए निकले हुए हैं।



# मुरादाबाद में 'एक पुष्प-एक पुस्तक' अभियान: 1500 रुपये के बुके की जगह अब मिलेगी किताब, डीएम का आदेश लागू

### 24 घंटे में मुरझाने वाले फूलों पर अपव्यय रोकने और पॉपकॉर्न माइंड सुधारने की पहल, सरकारी कार्यक्रमों में बुके पर लगा पूर्ण प्रतिबंध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** स्मार्टफोन के दौर में 7 से 10 सेकंड तक सिमट चुकी लोगों की एकाग्रता को वापस लाने और पर्यावरण को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए मुरादाबाद में एक अभिनव शुरुआत हुई है। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने जिले में श्एक पुष्प, एक पुस्तकश और श्सब पढ़ें, आगे बढ़ेंश अभियान का शुभारंभ किया है। इसके तहत अब जिले में भविष्य में आयोजित होने वाले सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी और सार्वजनिक कार्यक्रमों में अतिथियों के स्वागत में 200 से 1500 रुपये तक के महंगे और प्लास्टिक युक्त बुके (पुष्पगुच्छ) नहीं दिए जाएंगे। इसके स्थान पर अतिथियों को मात्र एक फूल और एक अच्छी किताब भेंट की जाएगी। डीएम ने इस व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से सभी विभागों में सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी डॉ. पैंसिया ने मुरादाबाद में कार्यभार ग्रहण करने के बाद अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि उनके स्वागत में बड़ी संख्या में बुके आए थे। इनमें से 10 से 20 प्रतिशत बुके पूरी तरह प्लास्टिक के थे, जबकि ताजे फूलों वाले बुके में भी प्लास्टिक का भारी इस्तेमाल हुआ था। एक बुके की शेल्फ लाइफ महज 24 से 48 घंटे होती है; पानी में रखने पर भी यह अधिकतम एक सप्ताह ही टिकता है। इसके बाद यह प्लास्टिक और कचरे के रूप में हमारे पर्यावरण और स्वास्थ्य को भारी नुकसान पहुंचाता है। इस अपव्यय और पर्यावरणीय खतरे को देखते हुए ही बुके की जगह पुस्तक भेंट करने का निर्णय लिया गया, जो जीवनभर की स्मृति बन जाती है और एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक ज्ञान का प्रसार करती है। आज के डिजिटल युग में मोबाइल के अत्यधिक उपयोग ने आम आदमी के मस्तिष्क को श्पॉपकॉर्न माइंडश में तब्दील कर दिया है। लोगों में स्थिरता का अभाव हो गया है और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता (कंसंट्रेशन) घटकर महज 7, 8 या 10 सेकंड से लेकर अधिकतम एक मिनट तक रह गई है। इस प्रवृत्ति को सुधारने और इस गंभीर मनोवैज्ञानिक समस्या से निपटने के लिए पुस्तकों का अध्ययन बेहद जरूरी है। जब कोई व्यक्ति किताब पढ़ता है, तो उसकी एकाग्रता स्वत: बढ़ने लगती है। यह अभियान इसी खोई हुई एकाग्रता को वापस लाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। आर्थिक दृष्टिकोण से भी यह पहल बेहद फायदेमंद है। बाजार में एक सामान्य बुके की कीमत 200 से 250 रुपये से शुरू होकर 1500 रुपये तक होती है। वहीं, 200 से 250 रुपये की शुरुआत से लेकर 800 या 1000 रुपये तक में बेहत. रीन से बेहतरीन किताबें आसानी से आ जाती हैं। डीएम का स्पष्ट मानना है कि जितने पैसे हम चंद घंटों में मुरझा जाने वाले फूलों पर खर्च करते हैं, उतने में हम किसी को उसका सबसे अच्छा दोस्त हमेशा के लिए भेंट कर सकते हैं। इससे कार्यालयों और घरों में एक छोटी लाइब्रेरी तैयार होगी और श्घर-घर पुस्तक, घर-घर वाचनश का लक्ष्य साकार होगा। प्रधानमंत्री की प्रेरणा और मंडलायुक्त के सहयोग से शुरू किए गए इस अभियान को सिर्फ सरकारी दफ्तरों तक सीमित नहीं रखा गया है। जिलाधिकारी ने मुरादाबाद के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने निजी आयोजनों जैसे- गृह प्रवेश, विवाह समारोह, जन्मदिन या किसी से सामान्य मुलाकात के दौरान भी बुके की जगह किताब देने की संस्कृति को अपनाएं। डीएम ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को यह सख्त निर्देश भी दिए हैं कि वे अपने कार्यालयों के प्रमुख स्थलों पर इस अभियान से जुड़े पोस्टर, फ्लेक्स और प्रचार सामग्री अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें ताकि अधिकारी, कर्मचारी और आमजन इस मुहिम से प्रेरित होकर एक बड़े जनआंदोलन का हिस्सा बन सकें।

# हीटवेव से मजदूरों की सुरक्षा को लेकर नागरिक एकता परिषद ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ती हीटवेव के बीच मजदूरों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं को लेकर नागरिक एकता परिषद ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर तत्काल प्रभाव से आवश्यक कदम उठाने की मांग की। परिषद के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी मुरादाबाद के प्रतिनिधि एवं अपर श्रम आयुक्त अजित कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए श्रमिकों के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। ज्ञापन में कहा गया कि जनपद में पड़ रही भीषण गर्मी का सबसे अधिक प्रभाव निर्माण कार्यों, फैक्ट्रियों और असंगठित क्षेत्र में कार्यरत मजदूरों पर पड़ रहा है।

तेज धूप और अत्यधिक तापमान के बीच पर्याप्त सुरक्षा सुविधाओं के अभाव में श्रमिक लगातार कार्य करने को मजबूर हैं, जिससे डिहाइड्रेशन, चक्कर, थकान और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ गया है। परिषद ने मांग की कि दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक खुले स्थानों पर होने वाले श्रम कार्यों पर अस्थायी रोक लगाई जाए। साथ ही सभी कार्यस्थलों पर स्वच्छ पेयजल, छायादार विश्राम स्थल और प्राथमिक उपचार की समुचित व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराई जाए।

मजदूरों के लिए नियमित रेस्ट ब्रेक देने, सरकारी अस्पतालों में प्राथमिकता के आधार पर उपचार उपलब्ध कराने तथा हीटवेव से प्रभावित श्रमिकों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन में श्रम विभाग से नियमित निरीक्षण कर हीटवेव सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने और श्रमिकों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाने की भी मांग की गई। इस दौरान प्रेम कुमार, कपिलराज, हरप्रसाद सैनी एवं फकीर चंद नागवंशी सहित कई लोग मौजूद रहे।


### नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम दिलीप भाटिया DALIP BHATIA से बदलकर दिलीप कुमार भाटिया DILIP KUMAR BHATIA रख लिया है। भविष्य में मुझे दिलीप कुमार भाटिया के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**दिलीप कुमार भाटिया पुत्र खेमचंद्र भाटिया निवासी डी-101 टीडीआई नगर राम गंगा विहार -2, एम०डी०ए०, सिविल लाइंस, मुरादाबाद।**

### बेदखली/संबंध विच्छेद सूचना

मैने अपने पुत्र गुलफाम पुत्र मौहम्मद इरफान को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से (आक) बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में गुलफाम के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। मौहम्मद इरफान पुत्र निजामुद्दीन निवासी मोहल्ला घोसीपुरा तहसील व थाना कांठ, जिला मुरादाबाद।

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सिमरन पुत्री राम भेजे, निवासी: गोविंद नगर, मुरादाबाद, अपने बच्चों पलक त्यागी व रोहन त्यागी की एकमात्र कानूनी अभिभावक हूँ। बच्चों के स्कूल रिकॉर्ड से गौरव त्यागी पुत्र स्व. अजय कुमार त्यागी का नाम गलत होने के कारण हटाया जा रहा है। भविष्य में गौरव त्यागी का बच्चों पर कोई अधिकार नहीं होगा और न ही बच्चों का उसकी संपत्ति पर कोई दावा होगा। भविष्य में बच्चों की पहचान केवल माता (सिमरन) के नाम से होगी।

# शराब के नशे में युवक को नाले किनारे छोड़ने का आरोप, गैर-इरादतन हत्या में आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना मझोला पुलिस ने गैर-इरादतन हत्या के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी युवक अपने साथी को शराब पिलाने के बाद नाले की पुलिया पर छोड़कर चला गया था, जिसके बाद युवक की नाले में गिरकर मौत हो गई।पुलिस को दी गई तहरीर में महिला शिकायतकर्ता, जो थाना सिविल लाइंस क्षेत्र की निवासी हैं, ने आरोप लगाया कि आरोपी उनके बेटे को अपने साथ ले गया था। आरोप है कि आरोपी ने युवक को शराब पिलाई और नशे की हालत में श्रीराम चौक स्थित गहरे गंदे नाले की पुलिया पर बैठाकर वहां से चला गया। इसी दौरान युवक संतुलन खो बैठा और नाले में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना मझोला पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

विवेचना के दौरान पुलिस ने साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर आरोपी की पहचान की।थाना मझोला पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी बन्टी कश्यप पुत्र राजू कश्यप निवासी आसियाना, मुस्कान अस्पताल रोड, थाना



सिविल लाइंस, मुरादाबाद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# युवा क्लब के गठन के महत्व पर दी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मेरा युवा भारत इकाई द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार युवा विकास मंडल कार्यक्रम एवं अभियान का संचालन मुरादाबाद के विकासखंड मुंडापाडे एवं मुरादाबाद सदर मे किया गया इसके बारे में बताते हुए सचिन कुमार जिलाधिकारी ने बताया कि हमारे विभाग द्वारा गाँव में युवाओं को संगठित करने के उद्देश्य से हर एक गाँव में एक युवा क्लब का गठन किया जाता है यह क्लब कम से कम 7 एवं असीमित अधिकतम सदस्यों के साथ गठित किए जाते हैं क्लब के सदस्य कम से कम 15 एवं अधिकतम 29 वर्ष की आयु के होते हैं में अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष के पद के साथ उन्हें विभिन्न जिम्मेदारियां दी जाती हैं सोसाइटी अधिनियम 1860 के तहत पंजीकृत कराये जाते हैं वह उन्हें सभी अधिकार प्राप्त होते हैं इस कड़ी में इस वित्तीय वर्ष में हमें दो विकासखंडों में क्लब गठन के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त हुई एवं दोनों विकासखंडों मुरादाबाद 28 अप्रैल से 2 मई एवं मुढापांडे ब्लॉक में 30 अप्रैल से 4 मई तक अभियान संचा. लित किया गया और अभियान के दौरान दोनों ही विकासखंडों में 50 से अधिक क्लब गठित किए गए एवं इस अभियान को लेकर कार्यक्रम अधिकारी रंजीत कुमार सैनी ने बताया कि इसके लिए स्थानीय ब्लॉक के युवाओं को कार्य दिए गए थे उन्होंने इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करवाया।

हमारे नवनियुक्त क्लब के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई एवं उन्हें विभाग के उद्देश्य एवं क्रिया कलापों के बारे में बताया गया इस अभियान में निकिल कुमार ,विकास कुमार, आक. श कुमार ,सौरभ सिंह, महेन्द्र सिंह , चंद्रसिंह चंचल ,जैसे युवाओं विशेष भूमिका रही।

# बारात में डांस को लेकर बवाल, जमकर मारपीट में दो घायल

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव फरीदनगर में गुरुवार की देर रात एक शादी समारोह उस समय रणक्षेत्र में बदल गया, जब बारात चढ़त के दौरान डांस को लेकर बराती और घराती आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्षों में जमकर लात-घूंसे व बेल्टें चलने लगीं। मारपीट में एक युवक और उसका बुजुर्ग चाचा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से बारात में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर भगदड़ जैसे हालात बन गए। जानकारी के अनुसार गांव पीलकपुर गुमानी निवासी अनुज की बारात गुरुवार देर रात गांव फरीदनगर पहुंची थी। शाम करीब 8 बजे बारात की चढ़त चल रही थी। इसी दौरान दूल्हा पक्ष के युवक और दुल्हन पक्ष की महिलाओं के बीच डांस को लेकर विवाद शुरू हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पहले कहासुनी हुई, फिर मामला हाथापाई तक पहुंच गया। घायल बुजुर्ग पूनम ने आरोप लगाया कि उनका भतीजा अनमोल बारात में डांस कर रहा था। इसी बात को लेकर दुल्हन पक्ष के कुछ लोगों ने आपत्ति जताई और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि युवक को कमरे में बंद कर बेल्टों से पीटा गया। बीच-बचाव करने पहुंचे पूनम के साथ भी मारपीट की गई, जिससे दोनों घायल हो गए। पीड़ितों का कहना है कि घटना की सूचना तत्काल 112 पुलिस को दी गई, लेकिन पुलिस समय पर मौके पर नहीं पहुंची। बाद में बारात में शामिल लोग घायल अनमोल और पूनम को लेकर कोतवाली पहुंचे, जहां से पुलिस ने दोनों को मेडिकल परीक्षण के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज ने बताया कि मामले में अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# चलती पिकअप से बालक गिरकर हुआ अचेत

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव धर्मपुर रत्ता में शुक्रवार को समय करीब ग्यारह बजे गांव के निकट खेल रहा था तभी गांव में होते हुए छाबड़ा की ओर एक पिंकअप गाड़ी गुजर रही थी। वहां खेल रहे बच्चों में आठ वर्षीय गौरव पुत्र धर्मेन्द्र यादव ने चलती गाड़ी के पीछे भागकर डाला पकड़ना चाहा तभी गाड़ी के डाले से छूटकर बालक नीचे सड़क पर गिर कर अचेत हो गया। वहां से गुजर रहे लक्ष्मन यादव ने बालक को उठाकर उसके घर पहुंचाया। बालक गौरव को अचेतावस्था में माता पिता रीठ में एक निजी चिकित्सक के यहां उपचार को ले गए जहां से स्वास्थ्य लाभ न मिलने पर परिजन चन्दौसी ले गए।

## एक नजर

### नाबालिग साली का जीजा पर अपहरण का आरोप, अश्लील फोटो से ब्लैकमेल करने की भी शिकायत

ठाकुरद्वारा/काशीपुर। एक महिला ने अपने पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि उसके पति ने उसकी नाबालिग बहन का अपहरण कर लिया और लंबे समय से उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करता रहा। मामले को लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के काशीपुर क्षेत्र निवासी महिला का निकाह ठाकुरद्वारा क्षेत्र के एक गांव निवासी शाने आलम के साथ हुआ था। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शादी के बाद से ही उसका पति उसे परेशान करता था। आरोप है कि आरोपी पति ने उसकी अश्लील तस्वीरें भी अपने पास रख ली थीं और उन्हीं के जरिए उसे लगातार ब्लैकमेल करता रहा। पीड़िता का कहना है कि कुछ दिन पहले उसका पति उसकी नाबालिग बहन को अपने साथ बहला-फुसलाकर ले गया। काफी तलाश के बाद भी जब बहन का कोई सुराग नहीं मिला तो उसने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति की नीयत पहले से ही खराब थी और वह उसकी बहन पर गलत नजर रखता था। घटना के बाद परिवार में दहशत और आक्रोश का माहौल है। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। काशीपुर पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी शाने आलम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि नाबालिग की तलाश की जा रही है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

### कादलपुर मस्ती में लगी ग्राम चौपाल, मौके पर हुआ कई समस्याओं का समाधान



**कुंदरकी।** 'गांव की समस्या, गांव में ही समाधान' की मंशा से कुंदरकी ब्लॉक के ग्राम कादलपुर मस्ती में गुरुवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल का शुभारंभ कुंदरकी विधायक प्रतिनिधि विक्की ठाकुर ने किया। विधायक प्रतिनिधि विक्की ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता से सीधा संवाद है और उनकी समस्याओं का समय पर समाधान करना जरूरी है। उन्होंने ग्रामीणों को सरकार की उपलब्धियों व कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि अधिकारों के साथ जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी जरूरी है, ताकि पात्र लोगों को लाभ दिलाकर मुख्यधारा से जोड़ा जा सके और भाजपा सरकार का अंत्योदय का मंत्र साकार हो। चौपाल में सैकड़ों ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे।

विद्युत, कृषि और समाज कल्याण विभाग से जुड़ी कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। ग्राम चौपाल में समाज कल्याण, कृषि, पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, विद्युत, पंचायती राज आदि विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप, बबलू जाटव, संजय दिवाकर, विजेंद्र सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में 1100 विद्यार्थियों ने बनाए प्रधानमंत्री मोदी के पोस्टर, भाजपा की जीत पर मनाया उत्सव

**मुरादाबाद।** शहर के चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में पश्चिम बंगाल और असम में भाजपा की सफलता के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। करीब 1100 विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पोस्टर बनाकर भाजपा की जीत पर खुशी जताई और



शुभकामनाएं प्रकट कीं।विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंग-बिरंगे पोस्टरों और संदेशों के माध्यम से प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना की। पूरे परिसर में देशभक्ति के गीतों और उत्साहपूर्ण माहौल ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।विद्यार्थियों ने कहा कि देश के विकास और मजबूत नेतृत्व से प्रेरित होकर उन्होंने यह आयोजन किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्र ध्रुव यादव, केशव, प्रिंस और रुद्राक्ष की विशेष भूमिका रही। इन विद्यार्थियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर पोस्टर निर्माण और आयोजन की व्यवस्थाओं में सक्रिय योगदान दिया।विद्यालय के प्रबंधक नवनीत शमशेर तथा प्रधानाचार्य मेजर सुदेश भटनागर ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके रचनात्मक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और सामाजिक जागरूकता की भावना विकसित करती हैं।

### स्व-गणना अभियान को लेकर डीआईओएस ने प्रधानाचार्यों संग की ऑनलाइन बैठक

**मुरादाबाद।** जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडे ने स्व-गणना अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से माध्यमिक राजकीय, अशासकीय, वित्तविहीन, सीबीएसई एवं आईसीएसई विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ ऑनलाइन बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों की स्व-गणना प्रक्रिया दो दिन के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश दिए।बैठक के दौरान डीआईओएस ने कहा कि भारत सरकार द्वारा संचालित स्व-गणना अभियान में सभी कर्मचारियों की सहभागिता अनिवार्य है। ऑनलाइन बैठक में स्व-गणना प्रक्रिया का लाइव प्रशिक्षण भी दिया गया, जिसमें पोर्टल पर लॉगिन, जानकारी भरने तथा फॉर्म सबमिट करने की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। प्रशिक्षण के दौरान आने वाली संभावित तकनीकी समस्याओं और उनके समाधान की जानकारी भी साझा की गई।डीआईओएस ने प्रधानाचार्यों से अभिभावकों को भी अभियान के प्रति जागरूक करने की अपील की, अधिक लोग स्व-गणना प्रक्रिया में भागीदारी कर सकें। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत स्व-गणना पूर्ण कराना सभी विद्यालयों की जिम्मेदारी है।

### मांगो को लेकर भारतीय किसान यूनियन का ब्लॉक पर धरना प्रदर्शन

**बिलारी।** मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने ब्लॉक परिसर में धरना प्रदर्शन किया। इस बीच अवैध वसूली का मुद्दा भी उठाया गया। एसडीएम विनय कुमार सिंह धरना स्थल पर पहुंचे। जहां सभी मांगों को माना गया और कार्यवाही की बात भी कही गई। इसके बाद किसानों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया। शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी धरना प्रदर्शन पर बैठ गए. जहां मनरेगा में भुगतान का मुद्दा उठाया गया, इसके अलावा जल जीवन मिशन के तहत गांवों में खोदी गई सड़कों का मुद्दा जोर-जोर से उठाया गया, कहा कि सड़क खोदे जाने से बरसात के समय में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही ब्लॉक परिसर में किसानों से जल व मृत्यु सर्टिफिकेट के नाम पर अवैध वसूली का मुद्दा जोर-जोर से उठाया गया। चीनी मिल पर बकाया भुगतान न करने को लेकर दबाव बनाने को कहा ताकि किसानों का भुगतान हो सके। रुस्तम नगर सहसपुर से थावंला रोड पर टूटी हुई सड़क का मुद्दा उठाया गया। दोपहर बाद एसडीएम विनय कुमार, एसडीओ विद्युत, खंड विकास अधिकारी मौके पर पहुंचे। जहां किसानों की मांगे पूरी करने का आश्वा. सन भी दिया। जिसके बाद किसानों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष रनवीर सिंह, जिला प्रवक्ता चौधरी जयवीर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष माजिद हुसैन अंसारी, ब्लॉक मीडिया प्रभारी गुड्डू कुरेशी, कुंदरकी ब्लाक अध्यक्ष डॉक्टर अनीस अहमद आदि सहित भारी तादाद में किसान मौजूद है।

## शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में तीन महिलाओं समेत छह लोगों का चालान

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए तीन महिलाओं सहित छह लोगों का शांतिभंग की आशंका में चालान किया। सभी आरोपियों को धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार ग्राम बहाद. रनगर निवासी अरुण कुमार पुत्र राजेन्द्र सिंह एवं रविता पुत्री राजेन्द्र सिंह को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार किया गया। वहीं ग्राम शरीफनगर में दो पक्षों के बीच विवाद की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रथम पक्ष से कलसुम जहां पत्नी अजीम अहमद तथा अजीम अहमद पुत्र सिराजुल हक को हिरासत में लिया। क्षेत्र में कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## आईएफटीएम विश्वविद्यालय में "शौर्य संवाद" कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में यूपी एनसीसी निद. शालय के निर्देश के अनुपालन में 2/9 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी इकाई द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में "शौर्य संवाद" कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.



संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। यह कार्यक्रम एनसीसी की लेफ्टिनेंट सुश्री रश्मि पांडे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। सुश्री पांडे ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों और एनसीसी की कैडेट्स के मन में गर्व और प्रेरणा की भावना जगाई गई। उन्होंने बताया कि शौर्य संवाद एक अत्यंत प्रेरणादायक और सार्थक कार्यक्रम साबित हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 30 से अधिक विद्यार्थियों और एनसीसी की कैडेट्स ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का समापन सभी गणमान्य व्यक्तियों, आयोजकों और प्रतिभागियों को धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ, जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

# चार्ज संभालते ही एक्शन में दिखे थाना प्रभारी हम्बीर सिंह

**कुन्दरकी।** मुरादाबाद के थाना कुन्दरकी में नवागत थाना प्रभारी हम्बीर सिंह ने चार्ज संभालते ही क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद उन्होंने पुलिस बल के साथ कस्बे और संवे. दनशील इलाकों में पैदल गश्त कर जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान बाजारों, मुख्य चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस की सक्रियता देखने को



मिली। थाना प्रभारी हम्बीर सिंह ने साफ शब्दों में कहा कि क्षेत्र में अपराध और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने लोगों से पुलिस का सहयोग करने और किसी भी संदिग्ध गति. विधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

पैदल गश्त के दौरान थाना प्रभारी ने व्यापारियों और स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। पुलिस की इस सक्रियता से क्षेत्रवासियों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है और लोगों ने नए थाना प्रभारी की कार्यशैली की सराहना की।

## स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी का विस्तार

**ठाकुरद्वारा।** स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ (उ.प्र.) नगर शाखा ठाकुरद्वारा की कार्यकारिणी का विस्तार मंगलवार को सर्वसम्मति से किया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राजकुमार के आवास पर आयोजित बैठक में संगठन को मजबूत बनाने और सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक प्रदेश प्रमुख महामंत्री राजेन्द्र सहदेव के निर्देश पर आयोजित की गई, जिसमें नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। पदाधिकारियों ने कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। घोषित कार्यकारिणी में अशोक सम्राट और मुकेश चौधरी को संरक्षक बनाया गया। वहीं राजकुमार राजा को अध्यक्ष, रामकिशोर को उपाध्यक्ष, संजय बाबू को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आयुष वाल्मीकि को महामंत्री तथा आदेश रांगे को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि सफाई कर्मचारी समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनके अधिकारों, सुविधाओं तथा समस्याओं के समाधान के लिए संगठन लगातार संघर्ष करता रहेगा। पदाधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि कर्मचारियों की आवाज को मजबूती के साथ शासन-प्रशासन तक पहुंचाया जाएगा।

# खूंखार कुत्तों के आगे बेबस प्रशासन!

## 10-12 आवारा कुत्तों ने मासूम को नोचा, जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा पांच वर्षीय अहरान

**ठाकुरद्वारा।** नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का आतंक अब इस कदर बढ़ चुका है कि सड़कों पर इंसानों से ज्यादा खौफ कुत्तों का दिखाई देने लगा है। जिम्मेदार विभाग फाइलों में अभियान चलाकर अपनी पीठ थपथपाने में व्यस्त हैं, जबकि मासूम बच्चे खूंखार कुत्तों का शिकार बन रहे हैं। शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव फरीदनगर में ऐसा ही दिल दहला देने वाला मामला सामने आया, जहां 10 से 12 खूंखार कुत्तों के झुंड ने पांच वर्षीय मासूम अहरान पर हमला बोलकर उसे बुरी तरह लहूलुहान कर दिया। गंभीर हालत में बच्चे को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार थाना डिलारी क्षेत्र के गांव तुमरिया कला निवासी जुल्फिकार अपनी पत्नी और पांच वर्षीय बेटे अहरान के साथ गांव फरीदनगर स्थित अपने बीमार साढ़ू का हालच. ाल जानने आए थे। घर के अंदर बड़े लोग बातचीत में मशगूल थे, जबकि मासूम अहरान परिवार के अन्य बच्चों के साथ खेलते हुए घर से बाहर निकल गया। बताया जाता है कि जैसे ही अहरान सड़क पर पहुंचा, तभी वहां घूम रहे 10-12 आवारा खूंखार कुत्तों के झुंड ने अचानक उस पर हमला बोल दिया। कुत्तों को हमलावर होते देख बाकी बच्चे तो किसी तरह जान बचाकर भाग निकले, लेकिन मासूम अहरान उनके बीच फंस गया। इसके बाद कुत्तों ने बच्चे को जमीन पर गिराकर बेरहमी से नोचना शुरू कर दिया। मासूम की दर्दनाक चीखें सुनकर मोहल्ले के लोग घरों से बाहर दौड़े। लोगों ने लाठी-डंडों से कुत्तों को खदेड़कर किसी तरह बच्चे की जान बचाई। तब तक मासूम का शरीर जगह-जगह से लहूलुहान हो चुका था। आनन-फानन में उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लंबे समय से बना हुआ है। कई बार शिकायतें करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ कागजी खानापूर्ति कर रहे हैं। लोगों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा अब मासूम बच्चों को अपनी जान जोखिम में डालकर भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि आखिर नगर और गांवों में घूम रहे खूंखार कुत्तों पर नियंत्रण के लिए अभियान कब चलेगा? क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे या मासूम की मौत का इंतजार कर रहा है? अब देखना यह है कि इस घटना के बाद जिम्मेदार अधिकारियों की नींद टूटती है या फिर हमेशा की तरह यह मामला भी कुछ दिनों की चर्चा बनकर फाइलों में दफन हो जाएगा।

**न्यायालय श्रीमान जिला जज महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**मिस0 वाद संख्या:**-96/2026
**तारीख पेशी:** 12.05.2026

1. स्मृति अग्रवाल पत्नी स्व० अमित कुमार अग्रवाल, 2. कु० महक अग्रवाल पुत्री स्व० अमित कुमार अग्रवाल द्वारा अपनी सगी माता संरक्षिका स्मृति अग्रवाल निवासीगण शंकर फ्लोर मिल कम्पाउण्ड निकट महिलाल स्कूल खुशहालपुर रोड, थाना मझोला, तह. व जिला मुरादाबाद

**बनाम**

1. आभा रानी पत्नी स्व० राकेश कुमार निवासी कायस्थान महल, जिला अमरोहा, 2. उ०प्र० राज्य द्वारा कलेक्टर महोदय, मुरादाबाद,
**3. जनता आम मुरादाबाद।**

चूंकि उपरिनामकिंत आवेदिका ने इस न्यायालय में यह आवेदन अपनी नावालिग पुत्री कु० महक अग्रवाल पुत्री स्व० अमित कुमार अग्रवाल की शिक्षा व उज्जवल भविष्य के लिये वादपत्र में वर्णित एक रिक्त आवासीय भूखण्ड सं0-12/59 सेक्टर 12 स्थित मझोला योजना सं0-4 भाग 2 जिला मुरादाबाद में से उसके 1/2 अंश भाग को विक्रय किये जाने की अनुमति हेतु गार्जियन एण्ड वाईस एक्ट की धारा-8 के अन्तर्गत आवेदन किया है।

**अतः जनता आम** उपरोक्त विधिक वाद प्रार्थना पत्र में जबाबदेही प्रस्तुत करने के लिये दिनांक 12.05. 2026 को प्रात: 11:00 बजे स्वंय या अपने अधिवक्ता द्वारा न्यायालय में उपस्थित हो। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के 04 माह 22 दिवस को निकाली गयी।

**न्यायालय के आदेशानुसार (वरिष्ठ सहायक) जिला न्यायाधीश न्यायालय, मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र सागर को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में सागर के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यो/लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का सागर से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। श्रीमती वीरवती पत्नी स्वर्गीय राकेश सागर निवासी गली नम्बर-3, न्यू दुर्गा कालोनी, खुशहालपुर रोड, मझोली, तहसील व जिला मुरादाबाद।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# चंदौसी रोड टोल पर हंगामा: किसान यूनियन पदाधिकारियों पर गाली गलौज, नगदी छीनने का आरोप, 5 नामजद समेत 20 पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** चंदौसी रोड स्थित इब्राहिमपुर टोल प्लाजा पर भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के पदाधिकारियों पर टोल कर्मियों से मारपीट, गाली-गलौज, फोन व नगदी छीनने और जाति सूचक शब्द बोलने का आरोप लगा है। टोल मैनेजर की तहरीर पर पुलिस ने 5 नामजद व 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कुछ पदाधिकारियों को हिरासत में भी लिया गया है।

हरियाणा के रेवाड़ी निवासी टोल मैनेजर सोनू यादव ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 8 मई की दोपहर टोल पर 4-5 गाड़ियां रुकीं, जिन पर महात्मा टिकैत लिखा था। गाड़ियों से उतरे कुंवरपाल यादव पुत्र जालम सिंह निवासी नांगलिया माजरा कोहरे, थाना गुन्नौर, संभल ने खुद को किसान यूनियन महात्मा टिकैत का जिला अध्यक्ष बताया। उनके साथ रविंद्र कुमार, नज्में आलम, शिवराज सिंह, वीरेश कुमार समेत 15-20 अज्ञात लोग लाठी-डंडे लेकर टोल पर आ गए। उस समय टोल पर सुपरवाइजर विपिन, उर्मिला, टीसी श्वेता व अन्य कर्मचारी मौजूद थे। आरोप है कि यूनियन पदाधिकारियों ने पहुंचते ही कर्मचारियों से गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी और टोल को फ्री कर दिया। इसके बाद वाहन बिना टोल दिए निकलने लगे। शोर सुनकर मैनेजर सोनू यादव मौके पर पहुंचे तो उनके साथ भी धक्का-मुक्की व गाली-गलौज की गई। मैनेजर ने आरोप लगाया कि आरोपी 50,000 रुपये प्रति माह देने की मांग करते हैं और वाहनों को फ्री निकलवाने का दबाव बनाते हैं। महिला सुपरवाइजर से जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया गया। कर्मचारी विपिन से फोन और केबिन में रखे 26,000 रुपये की नगदी छीनने का भी आरा. ेप है। सूचना पर कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप मलिक मौके पर पहुंचे और हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराकर कुछ को थाने ले आए। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि टोल प्रबंधक की तहरीर पर कुंवरपाल यादव, रविंद्र कुमार, नज्में आलम, शिवराज सिंह, वीरेश कुमार समेत 5 नामजद और 15-20 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

**बंगाल में टीएमसी की हार से सपा प्रमुख सतर्क**

# सपा नेताओं में मनमुटाव दूर करने में लगे अखिलेश

- गिले शिकवे भुलाकर चुनाव की तैयारी में जुटें सपाई
- सांसद जावेद अली खां व विधायक कमाल अख्तर से की डेढ़ घंटा बातचीत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बंगाल में टीएमसी की करारी हार के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव सतर्क हो गये हैं। उन्होने पार्टी में गुटबाजी पर लगाम कसने के प्रयास शुरू कर दिये हैं। बताते चलें कि पश्चिमी बंगाल में तृमुल कांग्रेस की चौथी बार सरकार बनने की संभावना सपा को लग रही थी। परन्तु चार मई को चुनाव परिणाम आये उसमें भाजपा 207 सीटों के प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने में सफल रही। बंगाल में ममता दीदी की हार से सपा प्रमुख अखिलेश यादव सतर्क हो गये हैं। पार्टी के जिन नेताओं में आपस में 36 का आंकड़ा है उन्हें वह लखनऊ बुलाकर यह समझा रहे हैं कि भाजपा के खिलाफ एकजुट रहें तभी 2027 में प्रदेश में सपा की सरकार बन सकती है। राज्यसभा सांसद जावेद



अली खां व कांठ विधायक कमाल अख्तर में 36 का आंकड़ा था, इन दोनों नेताओं को अखिलेश यादव ने लखनऊ बुलाकर डेढ़ घंटा बात की तथा उन्हें यह समझाने की कोशिश की कि विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी चयन में सभी नेताओं से सलाह मशविरालिया जायेगा लेकिन पार्टी हाईकमान जिले भी टिकिट पकड़ा दे उसे पूरी ताकत से चुनाव लड़ायें। प्रदेश में हर हाल में सपा की सरकार बनानी है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अभी से विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं वह उन सभी नेताओं को लखनऊ बुला रहे हैं जिनका दूसरे नेताओं से किसी बात को लेकर मतभेद है। इस संबंध में जल्द ही अमरोहा, बिजनौर, संभल, रामपुर के नेताओं को भी लखनऊ बुलाकर उनके आपसी मतभेद दूर करने का प्रयास किया जायेगा।

# युवा टाइग्रेस ने लेबनान को हराकर रचा इतिहास

**सूझोउ (चीन), वार्ता।** भारत ने शुक्रवार को सूझोउ ताइहू फुटबॉल स्पोर्ट्स सेंटर पिच 8 पर खेले गए अपने अंतिम ग्रुप बी मुक. ाबले में लेबनान को 4-0 से हराकर एएफसी अंडर-17 महिला एशियन कप चीन 2026 के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को जीवित रखा। युवा टाइग्रेस के लिए प्रीतिका बर्मन ने दो गोल दागे,

जबकि अल्वा देवी सेनजाम और जोया ने भी गोल किए। इस जीत के साथ भारत ने 2005 के बाद पहली बार एएफसी अंडर-17 महिला एशियन कप में जीत दर्ज की और पहली बार गोल भी किए। इस शानदार जीत के बाद भारत टूर्नामेंट की दो सर्वश्रेठ तीसरे स्थान वाली टीमों में शामिल होकर क्वार्टरफाइनल में पहुंचने की मजबूत स्थिति में है। अब फिलीपींस को चीनी ताइपे को 12 गोल से हराना होगा, जबकि चीनी ताइपेको 13 गोल के अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। करो या मरो वाले इस मुकाबले में भारत ने पिछले मैच की तुलना में केवल एक बदलाव किया, जिसमें पर्ल फर्नांडिस की जगह अनुश्का कुमारी को शामिल किया गया।

भारतीय टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और सातवें मिनट में बढ़त हासिल कर ली। दिव्यानी लिडा ने राइट-बैक पोजिशन से लंबा पास आगे बढ़ाया, जिसे प्रीतिका ने शानदार तरीके से नियंत्रित किया।

उन्होंने लेबनान की डिफेंडर जोया बू असाफ को छकाते हुए बाएं पैर से बेहतरीन शॉट लगाया, जिसे गोलकीपर मैरी जो चेब्ली नहीं रोक सकीं। शुरुआती गोल के बाद भारतीय खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ गया और टीम ने शानदार पासिग व आक्रामक प्रेसिग के जिरए मैच पर पकड़ बना ली। कुछ ही देर बाद भारत को दूसरा गोल करने का मौका मिला जब अनुश्का कुमारी बॉक्स के अंदर जगह बनाने में सफल रहीं।

# DC ने KKR को दिया 143 रन का टारगेट दिया

**6 ओवर में KKR ने दो विकेट खोकर बनाए 43 रन**

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल में शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 143 रन का टारगेट सेट किया है। अरुण जेटली स्टेडियम में कोलकाता ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। दिल्ली ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 142 रन बनाए। जवाब में कोलकाता ने 2 ओवर में बिना नुकसान के 17 रन बना लिया है। कप्तान अजिंक्य रहाणे और फिन एलन क्रीज पर हैं। ओपनर पाथुम निसांका ने 29 बाल पर 50 रन की पारी खेली। जबकि आशुतोष शर्मा ने 39 रन का योगदान दिया। केएल राहुल ने 23 रन बनाए। कोलकाता की ओर से अनुकूल राय और कार्तिक त्यागी ने 2-2 विकेट झटके। वैभव अरोड़ा, सुनील नरेन और कैमरन ग्रीन को एक-एक विकेट मिला। एक बैटर रनआउट हुआ। कोलकाता की पारी के पहले ओवर से 6 रन आए। फिन एलन ने मिचेल स्टार्क की 5वीं बाल पर स्ट्रेट में चौका लगाया। दिल्ली ने कुलदीप यादव को इम्पैक्ट प्लेयर बनाया है। वे आशुतोष शर्मा की जगह मैदान पर आए। 20वें ओवर में दिल्ली के दो विकेट गिरे। कार्तिक त्यागी की बाल पर कप्तान अजिंक्य रहाणे ने आशुतोष शर्मा को कवर्स पर कैच किया। इसी ओवर में मिचेल स्टार्क रनआउट हो गए। वे खाता भी नहीं खोल सके। 19वें ओवर की तीसरी बाल पर दिल्ली ने छठा विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान अक्षर पटेल 22 बाल पर 11 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें वैभव अरोड़ा ने अनुकूल राय के हाथों कैच कराया। अनुकूल ने डीप मिडविकेट बाउंड्री पर रनिंग कैच पकड़ा। ऑफ स्टंप के बाहर धीमी गेंद पर अक्षर ने फ्लैट पुल शाट खेला। अनुकुल बाईं ओर तेजी से दौड़े और कमर की ऊंचाई पर शानदार कैच लपका। कैच लेते समय उनका पैर जमीन में फंस गया और वह गिर पड़े, लेकिन गेंद पर पकड़ नहीं छोड़ी। 17वें ओवर में आशुतोष शर्मा ने वरुण चक्रवर्ती की तीसरी बाल पर छक्का लगाया। यहां 38 बाल के बाद बाउंड्री आई। आशुतोष ने अगली 2 बाल पर पर लगातार दो चौके लगाए। वरुण के इस ओवर से 16 रन आए। 16वें ओवर में दिल्ली ने 100 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। अक्षर पटेल ने सुनील नरेन की आखिरी बाल पर सिंगल लिया। सुनील के इस ओवर से 2 रन आए। उन्होंने अपने कोटे के 4 ओवर में 17 रन देकर एक विकेट लिया। 12वें ओवर में सुनील नरेन ने महज एक रन दिया। यह रन सिंगल के जरिए आया। नरेन ने 5 गेंद डाट कराई। वे 3 ओवर की गेंदबाजी में 15 रन ही दिए हैं। 11वें ओवर में अनुकूल राय ने पाथुम निसांका और ट्रिस्टन स्टब्स को पवेलियन भेजा। निसांका 50 और स्टब्स 2 रन पर आउट हुए। राय ने निसांका को विकेटकीपर अंगकृष रघुवंशी के हाथों स्टंप कराया।



नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज आशुतोष अपनी पारी के दौरान शॉट खेलते।

**खेल विशेष**

## भारत का मैसूर करेगा लेटेप बाय टूर डी फ्रांस स्पर्धा की मेजबानी

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत के कर्नाटक प्रांत का मैसूर शहर चार अक्टूबर को दुनिया भर में मशहूर लेटेप बाय टूर डी फ्रांस साइकि. लिंग स्पर्धा की मेजबानी करेगा। यह भारत में इस रेस का पहला संस्करण है। यह स्पर्धा, एनईबी स्पोर्ट्स ने शुक्रवार को कर्नाटक टूरिज्म और टूर डी फ्रांस के ऑर्गनाइजर, अमौरी स्पोर्ट ऑर्गनाइजेशन (एएसओ) के साथ मिलकर इस रेस के भारत में कराये जाने की घोाणा की। इस घोाणा के साथ 20 से अधिक देशों में होने वाली अंतरराट्रीय लेटेप एमेच्योर साइकिलिंग सीरीज में भारत प्रवेश करने जा रहा है। एनईबी स्पोर्ट्स ने आज यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इस स्पर्धा का आधिकारिक लोगो और वेबसाइट लॉन्च की, और इस इनिशिएटिव को कर्नाटक में स्पोर्ट्स टूरिज्म और एंड्योरेंस स्पोर्ट्स कल्चर के लिए एक बड़ा बूस्ट बताया। लेटेप मैसूर में अलग-अलग स्किल लेवल के साइकिलिस्ट के लिए चार रेस कैटेगरी होंगी।

## भारतीय टीम के स्पिन-बॉलिंग कोच बन सकते हैं सैराज

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पूर्व स्पिनर सैराज बहुतुले, जो अभी पंजाब किंग्स से जुड़े हैं, के मौजूदा आईपीएल सीजन के बाद फ्रेंचाइजी से अलग होने की उम्मीद है। समझा जाता है कि उन्होंने हेड कोच गौतम गंभीर और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सीनियर अधिकारियों सहित सभी संबंधित लोगों से बातचीत की है। बीसीसीआई के सूत्रों का कहना है कि बाहुतुले (53), जिन्होंने 2001 से 2003 के बीच भारत के लिए दो टेस्ट और आठ वनडे मैच खेले हैं, अपनी स्पिन-बॉलिंग कोचिग के हुनर के लिए काफी मशहूर हैं। माना जाता है कि इसी बात ने हेड कोच गौतम गंभीर का ध्यान खींचा है।

## नाहिद, जतिद व अजय 'प्लेयर ऑफ द मंथ' की दौड़ में

**दुबई, वार्ता।** बंगलादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा, ओमान के कप्तान जतिदर सिह और संयुक्त अरब अमीरात के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अजय कुमार को अप्रैल के लिए आईसीसी पुरु प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए सूचीबद्ध किया गया हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वाड्र्ट, श्रीलंका की बल्लेबाज इमेशा दुलानी और ब्राजील की ऑल-राउंडर लॉरा कार्डोसा महिला वर्ग के पुरस्कार की सूची में हैं। राणा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ घर पर तीन एकदिवसीय मैचों में प्लेयर ऑफ द सीरीज की कोशिश के बाद पुरु शॉर्टलिस्ट में जगह बनाई है, सिह ने नेपाल में आईसीसी पुरु क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 में अपने प्रदर्शन से इस लाईन में है , जबकि कुमार ने उसी सीरीज में अपने वनडे करियर की शानदार शुरुआत के बाद इस दौड़ में शामिल है।

# टॉप-4 की जंग में उतरेंगे राजस्थान-गुजरात

**जयपुर, वार्ता।** टीनएज बैटिंग के कमाल के खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी एक बार फिर राजस्थान रॉयल्स की उम्मीदों का बोझ अपने कंधों पर उठाएंगे, जब शनिवार को सवाई मानसिह स्टेडियम में होने वाले आईपीएल 2026 के एक अहम मुकाबले में उनका सामना गुजरात टाइटन्स से होगा। दोनों टीमें प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए जोरदार टक्कर दे रही हैं।

15 साल के इस सनसनीखेज खिलाड़ी ने इस सीजन की सबसे बड़ी कहानी लिख दी है, और राजस्थान रॉयल्स को इस टूर्नामेंट की सबसे खतरनाक बैटिंग यूनिट में से एक बना दिया है। 10 पारियों में 404 रन और 237-65 के जबरदस्त स्ट्राइक रेट के साथ, सूर्यवंशी ने अपनी कम उम्र के बावजूद आईपीएल 2026 के सबसे उभरते सितारों में से एक के तौर पर अपनी पहचान बना ली है। शनिवार का यह मुकाबला टूर्नामेंट के एक बहुत ही अहम मोड़ पर हो रहा है। राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटन्स, दोनों ही 10 मैचों में 12-12 अंकों पर बराबरी पर हैं, हालांकि रॉयल्स का नेट रन रेट अभी बेहतर है। लीग के कुछ ही मैच बाकी होने की वजह से, एक और हार किसी भी टीम के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को बड़ा झटका दे सकती है। राजस्थान के लिए दबाव और भी ज्यादा है, क्योंकि इस सीजन में अपने घरेलू मैदान पर उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। टूर्नामेंट की शुरुआत लगातार चार जीत के साथ जोरदार तरीके से करने के बावजूद, राजस्थान ने हैरानी की बात है कि जयपुर में अपने दोनों मैच गंवा दिए हैं। अब टीम के सामने टॉप-2 में जगह न बना पाने का खतरा मंडरा रहा है, जब तक कि वे सवाई मानसिह स्टेडियम में अपनी पुरानी धाक वापस न जमा लें। इस जिम्मेदारी का ज्यादातर बोझ सूर्यवंशी के कंधों पर है, जिनकी निडर बैटिंग ने फैंस और एक्सपर्ट्स, दोनों को ही अपना दीवाना बना लिया है। इस सीजन की शुरुआत में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सिर्फ 37 गेंदों में बनाए गए उनके शानदार 103 रन, इस टूर्नामेंट की सबसे यादगार पारियों में से एक हैं।



टॉप ऑर्डर में उनकी आक्रामक शुरुआत की वजह से राजस्थान लगातार बड़े स्कोर बनाने या उनका पीछा करने में कामयाब रहा है। इस युवा खिलाड़ी को यशस्वी जायसवाल का भी जोरदार साथ मिला है, जिन्होंने इस सीजन में चुपचाप 300 से ज्यादा रन बना लिए हैं। वहीं, विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने, पूर्व कप्तान संजू सैमसन के टीम से जाने के बाद, बैटिंग में अपनी बढ़ी हुई भूमिका में शानदार प्रदर्शन किया है। कप्तान रियान पराग भी पिछले मैच में 90 रनों की तूफानी पारी खेलकर अपनी पुरानी लय में लौट आए हैं, जिससे इस सीजन में उनके उतार-चढ़ाव भरे प्रदर्शन को लेकर उठ रही चिताएं भी दूर हो गई हैं।

# फीफा विश्वकप के एंथम 'दाई दाई' की सोशल मीडिया पर धूम

**(ब्राजील), वार्ता।** कोलंबिया की मशहूर गायिका शकीरा द्वारा अंतरराट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट फीफा विश्वकप 2026 के लिए पेश किये गये गीत 'दाई दाई' का टीजर सोशल मीडिया मंच धूम मचा रहा है।

पिछले कई सालों में देखा गया है कि जब तक शकीरा नहीं गाती है, तब तक यह फीफा विश्व कप शुरु नहीं होता।उन्होंने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ऑफिशियल एंथम दाई दाई का टीजर, कोलंबियाई सुपरस्टार के 2010 के अंतरराट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट, वाका वाका (दिस टाइम फॉर अफीका) का एंथम साउथ अफीका में गाने के 16 साल बाद और जर्मनी में 2006 फीफा वर्ल्ड कप की क्लोजिग सेरेमनी में हिप्स डोंट लाइ (बैम्बू) का अडैप्टेड वर्जन गाने के 20 साल बाद आया है। 2026 एंथम के टीजर में, शकीरा को ब्राजील के रियो डी जेनेरियो के मशहूर माराकाना स्टेडियम में डांसर्स की एक जो आने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली अलग-अलग फुटबॉल टीमों को ट्रिब्यूट देते हैं, जिसमें शकीरा ने कोलंबिया के पीले और नीले रंग के कपड़े पहने हैं। शकीरा ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, माराकाना स्टेडियम से, ये रहा 'दाई दाई', एटदारेट फीफावर्ल्डकप का आधिकारिक गाना 2026, साथ ही उन्होंने एफ्रोबीट्स स्टार बर्ना बॉय का भी जिक्र किया।

# पर्पल कैप टेबल में तीसरे स्थान पर पहुंचे प्रिंस यादव

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2026 में गुरुवार रात लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को नौ रन से हराया। हालांकि इस मैच के बाद ऑरेंज कैप टेबल में कुछ ज्यादा बदलाव नहीं हुआ, लेकिन पर्पल कैप की रेस जरूर दिलचस्प हो गई है। पर्पल कैप लीडरबोर्ड प्रिंस यादव: यह नाम अब विराट को. हली शायद लंबे समय तक नहीं भूलेंगे। एलएसजी के इस तेज गें. दबाज ने आरसीबी के स्टार बल्लेबाज को दूसरी ही गेंद पर शानदार इनस्विग से बोल्ड कर दिया। मैच में यह प्रिंस का पहला विकेट था।

बाद में उन्होंने कुल तीन विकेट लिए और इस सीजन अपने विकेटों की संख्या 16 तक पहुंचा दी। यह आंकड़ा गुजरात टाइटंस (जीटी) के कगिसो रबाडा और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के इशान मलिंगा के बराबर है। हालांकि बेहतर इकॉनमी रेट के कारण प्रिंस उनसे ऊपर हैं। प्रिंस की इकॉनमी 8.08 की है, जबकि रबाडा ने 9.23 और मलिंगा ने 9.44 रन प्रति ओवर दिए हैं। इन तीनों से ऊपर सिर्फ आरसीबी के भुवनेश्वर कुमार और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अंशुल कम्बोज हैं, जिनके नाम 17 विकेट हैं। भुवनेश्वर के पास टॉप पर अकेले पहुंचने का मौका था, लेकिन वह एलएसजी के खलिाफ विकेट नहीं ले सके। ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड भुवनेश्वर की तरह को. हली के पास भी रन स्कोरर्स की सूची में ऊपर जाने का मौका था, लेकिन वह इस मैच में खाता नहीं खोल सके।



# बीसीसीआई आईपीएल टीमों पर गाइडलाइंस के पालन की जांच करेगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि वह आईपीएल टीमों पर समय-समय पर जांच करेगा ताकि गुरुवार शाम को टीमों को जारी की गई नई गाइडलाइंस के पालन का पता चल सके। ये अचानक जांच बीसीसीआई/आईपीएल की ऑपरेशन टीमों द्वारा की जाएंगी।

बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने फ्रेंचाइजियों को भेजे अपने संदेश में कहा है कि बीसीसीआई/ आईपीएल ऑप रेशन टीम इस एडवाइजरी में दिए गए निर्देशों के पालन का पता लगाने के लिए समय-समय पर जांच कर सकती है। टीम मैनेजरों को सभी मंजूर मेहमानों के आने-जाने और होटल में उनकी गतिविधियों का रिकॉर्ड रखना जरूरी है। ऊपर बताए गए निर्देशों का कोई भी उल्लंघन होने पर, उसकी जानकारी जल्द से जल्द आईपीएल ऑपरेशन टीम या संबंधित आईपीएल वेन्यू टीम को खुद देनी होगी। बीसीसीआई को पूरा भरोसा है कि सभी आईपीएल फ्रेंचाइजियां इस एडवाइजरी को उतनी ही गंभीरता से लेंगी जितनी इसकी जरूरत है, और इंडियन प्रीमियर लीग की गरिमा और साख को बनाए रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएंगी। पालन न करने के नतीजे सैकिया ने टीमों को गाइडलाइंस का पालन न करने के नतीजों के बारे में भी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि किसी भी उल्लंघन को एक गंभीर अनुशासनात्मक मामला माना जाएगा, और साथ ही उन लोगों के खिलाफ संभावित कार्रवाई के बारे में भी बताया है जो नियमों का उल्लंघन करते पाए जाएंगे। सैकिया ने लिखा कि बीसीसीआई और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल यह पूरी तरह से साफ कर देना चाहते हैं कि इस एडवाइजरी में दिए गए निर्देशों का कोई भी उल्लंघन एक गंभीर अनुशासनात्मक मामला माना जाएगा। नियमों का पालन न करने पर, संबंधित आईपीएल फ्रेंचाइजी और संबंधित व्यक्ति को आईपीएल नियमों, बीसीसीआई के नियमों और विनियमों, और अन्य लागू कानूनों के तहत कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है, जैसा कि परिस्थितियों के अनुसार जरूरी होगा।

## हम जीत से बस दो ही शॉट पीछे रह गए: रजत पाटीदार

**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ गुरुवार को मिली हार आईपीएल 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की चौथी हार थी। पिछले सीजन जब टीम ने अपना पहला आईपीएल खिताब जीता था, तब पूरे टूर्नामेंट में उन्हें सिर्फ चार ही हार मिली थी। क्या इसका मतलब इस बार टीम के प्रदर्शन में तीव्रता की कमी है? कप्तान रजत पाटीदार ऐसा नहीं मानते। उनका कहना है, हम इस सोच के साथ नहीं खेल रहे कि हमें खतिाब डिफेंड करना है।

उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हम इस सीजन डिफेंडिंग चैंपियन की तरह नहीं खेल रहे हैं। हमारे पास फिर से चैंपियन बनने का मौका है। हमें आक्रामक क्रिकेट खेलनी है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए (एकल पैकेट प्रणाली) के अन्तर्गत खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | रोजा में लाइन स. 5 व 6 में स्थित माल गोदाम में बुनियादी ढांचागत सुविधाओं के प्रावधान के विस्तार सहित सेवा भवनों, माल गोदाम, आवगमन क्षेत्र के विद्युतीकरण के लिए सामान्य विद्युत आपूर्ति कार्य, RPF पोस्ट मुरादाबाद में अधीनस्थ अधिकारियों के लिए 2 कमरों सहित 60 बिस्तरों वाले पुरुष बैरक के नए निर्माण का विद्युतीकरण, जिसमें शौचालय, मेस, स्टोर, जिम, भोजन कक्ष, मनोरंजन कक्ष तथा छत पर सौर पैनल का प्रावधान शामिल हैं तथा उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/मुरादाबाद के अधिकार क्षेत्र में आने वाले किसी भी अन्य स्थल पर सामान्य विद्युत आपूर्ति कार्य। |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | ₹ 2,10,03,791.95/- |
| 4 | बयाना राशि जो जमा की जानी है | ₹ 4,20,100/- (ऑनलाइन जमा करें) बोली सुरक्षा या तो ई-पेमेंट गेटवे के माध्यम से नकद में जमा की जाएगी या भारत के किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में जमा की जाएगी या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है। बैंक गारंटी बांड अनुबंध-ए (1) के अनुसार होगा और बोली की वैधता अवधि के बाद 90 दिनों की अवधि के लिए वैध होगा। |
| 5 | ई-निविदा जमा करने एवं ई-निविदा खुलने की तिथि व समय | निविदा दिनांक 01.06.2026 समय 15:00 बजे तक आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर सकते हैं। निविदाकर्ता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक 01.06.2026 समय 15:00 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की जानकारी | विस्तृत ई-निविदा सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है एवं निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 17.05.2026 से दिनांक 01.06.2026 तक जमा करने के लिए उपलब्ध रहेगा। निविदाकर्ता जो ई-निविदा में भाग लेने को इच्छुक है उनको सलाह दी जाती है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपना ई-पंजीकरण करा ले जिसके लिए उन्हें क्लास III डिजिटल प्रमाणपत्र की आवश्यकता होगी (यदि पहले से उपलब्ध नहीं है), जो आई टी नियम-2000 के अन्तर्गत सीसीए द्वारा जारी की जाएगी। उपरोक्त निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में दिये गये है। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी देखा जा सकता है। |

प्रपत्र सं. 17-विद्युत/नि/टी/जी.पी.एस/एम.बी./65 दिनांक: 07.05.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1547/26

वास्ते प्रकाशन हेतु
**बअदालत अपर सिविल जज (वरिष्ठ प्रभाग) कक्ष सं0-2, बरेली।**
प्रकीर्ण वाद सं0-72 सन् 2019
श्रीमती सूफिया सुल्ताना ....**प्रार्थिनी**
**बनाम**
श्री कृष्ण आदि ....... **विपक्षीगण**
1.अनुराग शर्मा पुत्र स्व0 श्री कृष्ण,
2.श्रीमती खुशबू शर्मा पुत्री स्व0 श्री कृष्ण पत्नी हिमांशु शर्मा, समस्त निवासीगण मोहल्ला शक्तिनगर, कस्बा व तहसील चन्दौसी, जिला सम्भल।

चूँकि मुसम्मी सूफिया सुल्ताना ने आपके नाम एक प्रकीर्ण वाद सं0-72/2019 श्रीमती सूफिया सुल्ताना बनाम श्री कृष्ण आदि दायर किया है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 12.05.2026 असालतन या मारफत किसी वकील के जो हालात मुकदमा में बखूबी वाकिफ हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा। आज बतारीख 30/04/2026 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**बअदालत अपर सिविल जज (वरिष्ठ प्रभाग) कक्ष सं0-2, बरेली।**

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, मुरादाबाद वृत, लो0नि0वि0, मुरादाबाद**

**ई-निविदा आमन्त्रण सूचना (द्वितीय आमन्त्रण)**

पत्रांकः- 2752/ निविदा-मु0वृत्त/2026-27 दिनांक :- 02.05.2026

महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, मुरादाबाद वृत्त, लो0नि0वि0 मुरादाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदायें वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से कॉलम-8 के अनुसार अर्ह एवं पंजीकृत निविदादाताओं से दिनांक 12.05.2026 प्रातः 10 बजे से 18.05.2026 दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कॉलम-5 एवं 7 में दर्शायी गयी धनराशि E-Tender Portal पर Net Banking के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड दिनांक 18.05.2026 को दोपहर 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष मे उपस्थित/अधिकृत रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधियों के समक्ष गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाई पाये गये ठेकेदारों की फाईनेंशियल बिड खोले जाने के दिनांक व समय हेतु पृथक से सूचना इस कार्यालय द्वारा जारी की जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री-क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड उसी कम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्यो का विवरण निम्नवत् है-

| क्रसं | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि(वर्षा काल सहित) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी व जी0एस0टी सहित(रू) में | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मुरादाबाद | जनपद मुरादाबाद के मुरादाबाद टाण्डा दढ़ियाल (प्रमुख जिला मार्ग-65) मार्ग के चैनेज 20.000 से 25.000 तक में मार्ग का सुदृढ़ीकरण का कार्य | 508.64 | 10.18 | 12 माह | 300+2000+54 -2354 | "ए" (मार्ग श्रेणी) |

निविदा के नियम/शर्ते और विवरण वेबसाइट http://etender-up-nic.पद पर उपलब्ध हैं। शासनादेश सं-879(1)/23-7-2020 दिनांक 25-08-2020 एंव प्रमुख अभियन्ता (विकास) एंव विभागाध्यक्ष के पत्रांक-4650/4एन-एल0सी0/2020 दिनांक 27.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/prahari/ पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होगें।

(कुलदीप सन्त)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
मुरादाबाद

(एस0पी0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
मुरादाबाद वृत, लो0नि0वि0,
मुरादाबाद।
(महामहिम राज्यपाल की ओर से)

UPID-250925, DATE-07/05/2026
WEBSITE-www.up.gov.in

# कैथल गांव में महिला ने फांसी लगाकर दी जान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कैथल में शुक्रवार सुबह एक 58 वर्षीय महिला द्वारा जंगल में स्थित नलकूप की कोठरी में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने महिला के पति के कथित अवैध संबंधों को घटना की वजह बताया है। जानकारी के अनुसार गांव कैथल निवासी राजू यादव अपने परिवार के साथ गांव में रहते हैं। परिवार में उनके बेटे संतोष यादव, लक्ष्मण यादव, मुकेश यादव, घमंडी यादव तथा विवाहित बेटी गीता हैं। बताया गया कि बड़ा बेटा संतोष परिवार सहित अलग रहता है। मृतका की पहचान रुपवती के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार राजू यादव के एक महिला से कथित संबंध थे, जो पुरा गांव की रहने वाली बताई जा रही है। इसी बात को लेकर घर में अक्सर विवाद होता रहता था। आरोप है कि एक दिन पहले भी घर में झगड़ा और मारपीट हुई थी। परिवार के लोगों का कहना है कि उक्त महिला का घर में आना-जाना था, जिसका बेटे विरोध करते थे। बताया गया कि शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे रुपवती घास काटने के लिए घर से निकली थीं। इसके बाद वह गांव से लगभग दो किलोमीटर दूर कूड़ा संग्रह केंद्र के आगे स्थित एक नलकूप की कोठरी में पहुंचीं, जहां उन्होंने रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। क्षेत्र सुनसान होने और वहां आम आवाजाही कम रहने के कारण घटना की किसी को जानकारी नहीं हो सकी। करीब दो से ढाई घंटे बाद जब परिवार के अन्य लोग वहां पहुंचे तो कोठरी के अंदर महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका देख उनके होश उड़ गए। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। मृतका के सबसे छोटे बेटे पहलवान घमंडी यादव ने बताया कि वह पांच दिन पहले दंगल में भाग लेने बाहर गया था और उसे मां की मौत की सूचना फोन पर मिली। घटना की जानकारी मिलते ही इंस्पेक्टर चन्दौसी अनुज कुमार तोमर, हल्का दरोगा महेश यादव तथा महिला पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर जांच शुरू की। वहीं फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। सीओ दीपक तिवारी ने भी मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। इधर, परिजनों ने पुरा गांव की बताई जा रही महिला को घर में बंद कर लिया था, जिसे बाद में महिला पुलिस ने हिरासत में लेकर कोतवाली पहुंचाया। पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# छात्रा की आत्महत्या से उठे कई सवाल

## आखिर छात्रा ने क्यों की आत्महत्या...?

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर की पंचशील कॉलोनी निवासी 24 वर्षीय बीए की छात्रा दीपिका सिंह द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना ने क्षेत्र में कई सवाल खड़े कर दिए हैं। हंसमुख स्वभाव की बताई जा रही छात्रा ने आखिर ऐसा कदम क्यों उठाया, इसका स्पष्ट कारण अब तक सामने नहीं आ सका है। पुलिस मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार दीपिका सिंह पुत्री मेहताब सिंह, एस.एम. कॉलेज चन्दौसी में बीए पांचवें सेमेस्टर की छात्रा थी। वह सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय रहती थी। घटना के बाद पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ है। न ही छात्रा ने मोबाइल पर कोई वीडियो या संदेश छोड़ा, जिससे आत्महत्या के कारणों को लेकर रहस्य और गहरा गया है। सूत्रों के अनुसार परीक्षाओं के दौरान इतिहास विषय के पेपर में दीपिका को कथित रूप से नकल करते हुए पकड़ा गया था। इस मामले में कॉलेज प्रशासन द्वारा नकल अधिनियम के तहत कार्रवाई भी की गई थी। बताया जा रहा है कि इसी घटना के बाद वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगी थी। जानकारी यह भी सामने आई है कि परीक्षा में अन्य छात्र-छात्राओं पर भी नकल के आरोप लगे थे। चर्चा यह भी है कि कॉलेज से जुड़े एक व्यक्ति ऐसे मामलों में छात्रों को यूनिवर्सिटी स्तर पर राहत दिलाने का भरोसा देता है। बताया जा रहा है कि दीपिका भी इसी सिलसिले में उसके संपर्क में आई थी, लेकिन उसे कोई राहत नहीं मिल सकी। सूत्रों के मुताबिक बीए पांचवें सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम 15 अप्रैल 2026 को घोषित हुआ था। छात्रा का रिजल्ट अनुक्रमांक 240019390069 पर एक विषय में अनुत्तीर्ण दर्शाया गया। एक पेपर में फेल होने के बाद वह काफी तनाव में रहने लगी थी। माना जा रहा है कि रिजल्ट आने के बाद से वह मानसिक दबाव में थी। बुधवार, 06 मई को छात्रा ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वहीं क्षेत्र में भी इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। फिलहाल यह पुलिस जांच का विषय है।

## एक नजर

### एनसीसी कैडेट्स ने ऑपरेशन सिन्दूर की प्रथम बरसी पर वीर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

**मुरादाबाद।** सिविल लाइन स्थित चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में "ऑपरेशन सिन्दूर" की प्रथम बरसी पर देशभक्ति और राष्ट्रसेवा की भावना से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने अनुशासन, समर्पण और देशप्रेम का शानदार




प्रदर्शन करते हुए वीर सैनिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके बाद मेजर शिवकुमार के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स ने आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया। कैडेट्स ने हाथों में "ऑपरेशन सिन्दूर" से जुड़े पोस्टर लेकर देशभक्ति का संदेश दिया। पूरे परिसर में राष्ट्रभक्ति के नारों और देशभक्ति गीतों से वातावरण गूंज उठा।प्रधानाचार्य मेजर सुदेश कुमार भटनागर ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय सेना का शौर्य, साहस और सतर्कता ही देश की सीमाओं की सुरक्षा का सबसे बड़ा आधार है। उन्होंने कहा कि देश के सैनिक कठिन परिस्थितियों में भी मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं और युवाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स की अनुशासनप्रियता और देशसेवा की भावना की सराहना की।कार्यक्रम में कैडेट्स ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उपस्थित छात्र-छात्राओं को राष्ट्रहित में कार्य करने तथा सेना के सम्मान को बनाए रखने का संदेश भी दिया गया।इस अवसर पर 24 बटालियन एनसीसी के सुबेदार थान सिंह, हवलदार जोगिंदर सिंह, विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### दहेज की मांग को लेकर महिला का उत्पीड़न, कई पर एफआईआर

**कांठ ( शाह टाइम्स )** कस्बा निवासी पूजा पुत्री किशन स्वरूप मोहल्ला घोसीपुरा की शादी 2015 में बॉबी पुत्र बाबूराम निवासी चक्कर की मिलक थाना सिविल लाइन मुरादाबाद के साथ हुई थी जिसमें अपनी हैसियत अनुसार दहेज दिया गया लेकिन ससुराल वाले दहेज से खुश नहीं थे आरोप है कि बॉबी सिंह सोनू बाबूराम रामवती सीमा आदि बुलेट मोटरसाइकिल और 2 लाख रुपए की मांग को लेकर उसको प्रताड़ित करने लगे। विवाहिता ने मांग पूरी करने पर मजबूरी बताई तो उन्होंने मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते हुए मारपीट शुरू कर दी इस मामले को लेकर कई बार पंचायत हुई और वह ससुराल गई तो उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया गया 2 मई को शाम करीब 4:00 बजे उसके ससुराल वाले उसके पिता के मकान में घुस गए और गाली गलौज कर मारपीट करनी शुरू कर दी महिला ने ससुरालिओ द्वारा अश्लील हरकतें करने का भी आरोप लगाया लोग इकट्ठा हुए तो वह जान से मारने की धमकी देकर चले गए पीड़िता थाने पहुंची तो उसकी सुनाई नहीं हुई विवाहिता ने फिर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की गुहार लगाई उनके आदेश से पुलिस ने कई के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### जमीनी विवाद में मारपीट करने पर कई को किया पुलिस ने नामजद

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** थाना क्षेत्र के गांव हीरापुर निवासी वीर सिंह पुत्र कुंदन का आरोप था की 7 मई को शाम करीब 5:30 बजे रतन सिंह पुत्र बाबू सिंह ने जमीनी विवाद को लेकर उसके साथ गाली गलौज व मारपीट करनी शुरू कर दी। उसके साथ आए अंकुर राजीव संजीव और राकेश ने भी उन्हें मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित थाने पहुंचा और हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### महानगर में 18 केंद्रों पर आज और कल आयोजित होगी प्रवक्ता भर्ती परीक्षा, तैयारियां पूरी

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रवक्ता भर्ती परीक्षा 9 और 10 मई को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित की जाएगी। जनपद में परीक्षा के लिए कुल 18 केंद्र बनाए गए हैं, जहां अभ्यर्थी दो पालियों में परीक्षा देंगे। पहली पाली सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित होगी।

जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी केंद्रों पर व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी तथा सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए केंद्रों पर पेयजल, बैठने एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

अभ्यर्थियों को समय से पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचने और आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता या अनुचित गतिविधि पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

# जनपद के 1289 विद्यालयों में आयोजित हुआ गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बेसिक शिक्षा विभाग सम्भल एवं भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में जनपद के 1289 विद्यालयों में गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 2578 शिक्षकों एवं 6445 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। आयोजन का उद्देश्य गुरु-शिष्य परंपरा को मजबूत करना तथा संस्कारयुक्त शिक्षा को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम जनपद संभल में संचालित 'क, ख, ग, घ मिशन' के अंतर्गत मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में आयोजित किया गया। भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित इस विशेष अभियान के तहत विद्यालयों में जाकर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सम्मानित करने के साथ उन्हें प्रेरित भी किया गया। भारत विकास परिषद के प्रांतीय संयोजक (सम्पर्क) डॉ. एस.एन. शर्मा ने कहा कि गुरु और शिष्य का संबंध भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। शिक्षकों को विद्यार्थियों का सम्मान करना चाहिए तथा विद्यार्थियों को भी अपने गुरुओं के प्रति आदर की भावना रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्हें विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम की शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार और आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा भी देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को विद्यार्थियों को अपने बच्चों के समान समझकर भावनात्मक रूप से शिक्षण कार्य करना चाहिए ताकि छात्र जीवन में आगे बढ़ते हुए सफल और जिम्मेदार नागरिक बन सकें। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष सोम प्रकाश वार्ष्णेय, प्रांतीय कोषाध्यक्ष राहुल वार्ष्णेय, प्रांतीय पर्यावरण संयोजक अतुल शंकर चौधरी, चन्दौसी शाखा के संरक्षक महेश कठेरिया, अमित साहनी, अनिल कुमार शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# 'डिजिटल जागरूकता व साइबर सुरक्षा' विषय पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लिकेशंस द्वारा "मिशन शक्ति-5.0" के अंतर्गत "डिजिटल जागरूकता एवं साइबर सुरक्षा" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यशाला के मुख्य वक्ता व कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भविष्य में साइबर खतरों की चुनौतियां बढ़ती जाएंगी, इसलिए आज से ही युवाओं को प्रशिक्षित किया जाना अति आवश्यक है। वहीं कार्यशाला के अध्यक्ष व स्कूल के निदेशक डॉ.



राहुल कुमार मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी कार्यशालाएं विद्यार्थियों एवं स्टाफ को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ उन्हें सुरक्षित डिजिटल नागरिक बनने में भी सहायक होती हैं। डॉ. मिश्रा ने बताया कि यह कार्यशाला विशेष रूप से छात्राओं एवं महिला स्टाफ को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित व्यवहार एवं साइबर खतरों के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। कार्यशाला के दौरान स्कूल के शिक्षकों डॉ. रितु नगीला एवं डॉ शैली भारद्वाज ने भी प्रतिभागियों को साइबर अपराधों के प्रकार, उनसे बचाव के उपाय तथा डिजिटल सुरक्षा के व्यवहारिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन कंप्यूटर एप्लिकेशन विभाग की शिक्षिका श्रीमती याशिका रहेजा ने किया। कार्यक्रम में कंप्यूटर एप्लिकेशन विभाग की शिक्षिका श्रीमती सुगंध अहलावत एवं श्रीमती मेघा गुप्ता द्वारा साइबर क्राइम पोर्टल एवं वूमेन हेल्पलाइन 1090 पर अपना रजिस्ट्रेशन करके किस प्रकार अपनी कंप्लेंट रजिस्टर कर सकते हैं इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संकाय सदस्य श्रीमती अनुराग, श्रीमती राधिका शर्मा, सुश्री नेहा जोशी, सुश्री स्नेहा बंसल सहित डॉ. अभिषेक मिश्रा, डॉ. ललित जौहरी, डॉ. हरप्रीत चावला, श्री विमल कुमार एवं श्री मुनीश कुमार की विशेष भूमिका रही।

# आईटीआई चन्दौसी में रोजगार मेले का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) चन्दौसी में शुक्रवार को रोजगार सेवा योजना के अंतर्गत रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में बड़ी संख्या में बेरोजगार युवक-युवतियों ने भाग लेकर विभिन्न कंपनियों में रोजगार पाने के लिए साक्षात्कार दिए। देर शाम तक चली चयन प्रक्रिया के बाद योग्य अभ्यर्थियों को नियुक्ति संबंधी जानकारी प्रदान की गई। आईटीआई परिसर के विशाल हाल में आयोजित इस रोजगार मेले में बाहर से आई कई प्रतिष्ठित कंपनियों ने हिस्सा लिया। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने युवाओं की योग्यता, तकनीकी दक्षता एवं कार्य क्षमता का परीक्षण करते हुए साक्षात्कार लिए। चयनित अभ्यर्थियों को मौके पर ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। रोजगार मेले में भाग लेने वाले युवाओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। सुबह से ही अभ्यर्थियों की भीड़ आईटीआई परिसर में जुटनी शुरू हो गई थी। युवक-युवतियों ने अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र, तकनीकी योग्यता संबंधी दस्तावेज एवं बायोडाटा के साथ विभिन्न कंपनियों के स्टॉल पर पहुंचकर आवेदन किए। बताया गया कि इससे पूर्व भी लगभग तीन माह पहले राजकीय आईटीआई चन्दौसी में एक विशाल रोजगार मेले एवं औद्योगिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। उस दौरान भी विभिन्न कंपनियों ने आईटीआई पास युवाओं को रोजगार प्रदान किया था। उस आयोजन को युवाओं की ओर से काफी अच्छा प्रतिसाद मिला था। इसके अतिरिक्त नगर के एस.एम. महाविद्यालय में भी पूर्व में रोजगार मेले का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें हीरो, टाटा सहित कई नामी कंपनियों ने प्रतिभाग कर युवाओं का चयन किया था। लगातार आयोजित हो रहे ऐसे रोजगार मेलों से क्षेत्र के बेरोजगार एवं तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने के बेहतर अवसर मिल रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि रोजगार मेलों का मुख्य उद्देश्य तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवाओं को रोजगार से जोड़ना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार एवं विभाग की मंशा है कि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाए, जिससे वे अपने भविष्य को बेहतर बना सकें। इसी उद्देश्य के तहत भविष्य में भी इस प्रकार के रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता रहेगा।

## शिक्षा प्लस प्रोग्राम के तहत 2450 निरक्षरों को मिला साक्षरता प्रमाण-पत्र

**मुरादाबाद।** परिवर्तन "दी चेंज" संस्था द्वारा संचालित शिक्षा प्लस प्रोग्राम के अंतर्गत शुक्रवार को आयोजित प्रमाण-पत्र वितरण समारोह में 2450 लाभार्थियों को साक्षरता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम शिव नाडर फाउंडेशन के शिक्षा फॉर एडल्ट्स प्रोजेक्ट के तहत मुरादाबाद एवं छजलैट ब्लॉक में संचालित किया गया था। चार माह के इस विशेष अभियान के माध्यम से निरक्षर लोगों को पढ़ना-लिखना सिखाकर साक्षर बनाया गया।समारोह में मुख्य अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक सतानंद शर्मा ने कहा कि शिक्षा समाज को आगे बढ़ाने का सबसे मजबूत माध्यम है और ऐसे प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों में नई जागरूकता पैदा कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि शिव नाडर फाउंडेशन की शिक्षा फॉर एडल्ट्स प्रोग्राम मैनेजर भावना शर्मा तथा बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विशेष गुप्ता ने भी लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान नरेश, शिक्षा फॉर एडल्ट्स से संजीव झा सहित संस्था के पदाधिकारी, स्वयंसेवक, जनशिक्षक एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

# भूमि पर कब्जे का आरोप, महिला ने एसएसपी व एसडीएम सदर से लगाई न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सेहल मुस्तकम गांव निवासी माया देवी पत्नी महीलाल सिंह ने भूमाफियाओं पर जमीन कब्जाने और मारपीट का आरोप लगाते हुए एसडीएम सदर व एसएसपी को प्रार्थना पत्र दिया है।

प्रार्थिनी के अनुसार, उन्होंने गाटा सं. 274 रकबा 0.7610 हेक्टेयर में से 0.1142 हेक्टेयर भूमि का बैनामा 18.07.2025 को कराया था। तभी से वे उस पर काबिज हैं और कुछ हिस्से में मकान भी बनवा रखा है। आरोप है कि गांव के चरन सिंह ने षड्यंत्र के तहत अपनी पत्नी कविता देवी के नाम 13.08.2025 को रहमान से 160 वर्गमीटर भूमि का बैनामा करा लिया, जबकि मौके पर रहमान का कब्जा नहीं है। माया देवी का कहना है कि चरन सिंह के पुत्र अर्पित व आदित्य दबंग व भूमाफिया किस्म के हैं। इससे पहले भी गांव की वृद्ध महिला राजवती की जमीन हड़प चुके हैं। 06.05.2026 की सुबह 7 बजे चरन सिंह, कविता, अर्पित, आदित्य व अन्य लोग उनकी जमीन पर निर्माण कर कब्जा करने पहुंचे। विरोध करने पर प्रार्थिनी व पुत्रवधू मायावती पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। माया देवी के सिर में गंभीर चोट आई और पुत्रवधू के साथ मारपीट कर लज्जा भंग की गई। शोर सुनकर गांव वालों ने बचाया।

आरोपियों ने जाते-जाते जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि 02.05.2026 को तहसील दिवस में भी प्रार्थनापत्र दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। परिवार के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए उन्होंने राजस्व टीम से जांच कराकर पुलिस के जरिए आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# टीएमयू में एल्युमिनाई बोले, पॉजिटिव माइंडसेट सफलता की नींव

## टीएमयू के कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइंसेज एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी-सीसीएसआईटी में एल्युमिनाई टॉक सीरीज- संवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** क्लाउड एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर कैलेंस सॉफ्टवेयर प्रा.लि., गुरुग्राम में सीनियर सॉफ्टवेयर इंजीनियर एवम् टीएमयू सीसीएसआईटी के एल्युमिनाई श्री नितिन कुमार कश्यप ने फ्रेशर्स और कॉलेज छात्रों की ओर से जाने वाली गलतियां- मेरी यात्रा पर बोलते हुए कहा, पॉजिटिव माइंडसेट और निरंतर अभ्यास ही सफलता का आधार हैं। आज के प्रतिस्पर्धी युग में व्यावहारिक ज्ञान और कौशल ही सफलता की वास्तविक पहचान है। स्टुडेंट्स को दीर्घकालिक सफलता और संतोष ज्ञान एवम् निरंतर सीखने से ही प्राप्त होते हैं। उन्होंने स्टुडेंट्स से कहा, समय प्रबंधन, आत्म-अनुशासन और सही नेटवर्किंग करियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्टुडेंट्स अक्सर भय, आत्म-संदेह और तुलना की मानसिकता के कारण अपनी वास्तविक क्षमता का पूर्ण उपयोग नहीं कर पाते। श्री नितिन कुमार तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइंसेज एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी-सीसीएसआईटी में एलुमनाई टॉक सीरीज- संवाद में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। अंत में चले प्रश्नोत्तरी सत्र में करियर योजना, उद्योग की अपेक्षाएं, कौशल विकास, इंटर्नशिप सरीखे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। इससे पूर्व फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी, मुख्य वक्ता श्री नितिन कुमार कश्यप, डॉ. रूपल गुप्ता, एआरसी के सहायक निदेशक श्री सिद्धार्थ माथुर, डॉ. प्रियांक सिंघल, इवेंट कोऑर्डिनेटर श्री विनीत सक्सेना आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। एफओई के डीन प्रो. आरके द्विवेदी ने जीवन में विनम्रता, अनुशासन और निरंतर सीखने की भावना बनाए रखने का संदेश दिया। रामायण के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए बताया कि अहंकार मनुष्य की प्रगति में सबसे बड़ा अवरोध बन सकता है, जबकि विनम्रता और सकारात्मक सोच व्यक्ति को सफलता के शिखर तक पहुंचा सकती है। डॉ. प्रियांक सिंघल बोले, एल्युमिनाई और वर्तमान स्टुडेंट्स के बीच संवाद एक ऐसा मंच है, जो अनुभव और संभावनाओं के बीच सेतु का कार्य करता है। अंत में एआरसी के सहायक निदेशक श्री सिद्धार्थ माथुर ने सभी का आभार व्यक्त किया। संवाद में बीटेक-सीएसई, बीटेक सीएसई-एआई, एमएल एवं डीएल, बीटेक-साइबर सिक्योरिटी और बीसीए के स्टुडेंट्स मौजूद रहे। संचालन स्टुडेंट्स- गौरवी प्रजापति और अभिवंश जैन ने किया।



# राष्ट्रीय लोक अदालत में दो लाख से अधिक मामलों के निस्तारण की तैयारी, आज लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** (शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरादाबाद सै. माऊज बिन आसिम द्वारा प्रातः 10:00 बजे जिला न्यायालय परिसर में स्थित न्याय भवन से किया जाएगा। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती तपस्या त्रिपाठी ने बताया कि आज दिनांक 09 मई 2026 (शनिवार) को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय वाद, स्टांप वाद, राजस्व वाद, बैंक अकाउंट वसूली वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, वैवाहिक/पारिवारिक वाद, टैक्स संबंधी मामले, विद्युत चोरी वाद, चौक बाउंस से संबंधित धारा 138 एन. आई. एक्ट, चालान से संबंधित समस्त मामले, श्रम वाद, जलकर वाद और प्री-लेटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नहीं आए हैं ऐसे सभी चिन्हित वादों का निस्तारण कराने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत के अंतर्गत जनपद में करीब 220632 मामले चिन्हित किए गए हैं। इन सभी मामलों से संबंधित विभागीय अधिकारियों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुरूप समाधान सुनिश्चित कराने के संबंध में सक्षम स्तर से निर्देशित किया जा चुका है। जनपद स्तर पर आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर इस बार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशों के अनुरूप एक जनपद-एक उत्पाद, एक जनपद-एक व्यंजन के साथ-साथ कारागार में निरुद्ध बंदियों द्वारा तैयार किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के उत्पादों को भी प्रदर्शित कराया जाएगा।

इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल पर मेडिकल कैंप भी लगाया जाएगा जिसमें पहुंचकर आमजन स्वास्थ्य परीक्षण करा सकेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में तहसील न्यायालय से लेकर माननीय सर्वोच्च न्यायालय स्तर तक के किसी भी न्यायालय अथवा विभागीय मामलों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किए जाने हेतु आवेदन पत्र देकर अंतिम आदेश व निर्णय प्राप्त कर सदैव के लिए लंबित मामलों से छुटकारा पाने का बेहतरीन अवसर है। राष्ट्रीय लोक अदालत में विवादों का निस्तारण कराने के अनेक लाभ हैं। दो पक्षों के मध्य आपसी सुलह समझौते के आधार पर विवाद का निस्तारण, पक्षकार व्यक्तिगत स्तर पर स्वयं पहल कर सकता है।

लोक अदालत में निस्तारण के लिए किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं देना होता है और लोक अदालत में निर्णय के विरुद्ध किसी भी न्यायालय में अपील नहीं की जा सकती है, इसके साथ-साथ कानूनी जटिलताओं से परे लोक अदालत की प्रक्रिया सहज और आपसी समझौते पर आधारित होती है।

शाह टाइम्स

शनिवार, 9 मई 2026

# सम्पादकीय

## सुवेन्दु की ताजपोशी

कोलकाता स्थित कन्वेंशन सेंटर में भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। जिसमें देश के गृहमंत्री अमित शाह ने भी शिरकत की। यह बैठक इसलिए महत्वपूर्ण मानी जा रही थी कि इसमें यह तय होना था कि पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री कौन होगा। बैठक के बाद अमित शाह ने ऐलान किया कि सुवेन्दु अधिकारी पश्चिमी बंगाल के नए मुख्यमंत्री होंगे। हालांकि इसमें कुछ भी अप्रत्याशित नहीं है। सुवेन्दु अधिकारी का जिस तरह भाजपा के साथ समर्पण रहा है, उससे साफ था कि वह ही पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री होंगे। एक बात यह भी उनके पक्ष में जाती है कि सुवेन्दु अधिकारी ने पहले 2021 में ममता बनर्जी को नंदीग्राम में हराया और अब उन्होंने दूसरी बार भवानीपुर में ममता को भारी मतों से शिकस्त दी। निश्चित रूप से यह कोई कम उपलब्धि नहीं है कि कोई व्यक्ति 15 साल से जमे किसी प्रदेश के मुख्यमंत्री को दो बार हरा दे। ऐसे में यही माना जा रहा था कि सुवेन्दु अधिकारी के कद का कोई दूसरा नेता पश्चिम बंगाल में नहीं है और भाजपा भी नहीं चाहती थी कि कोई बाहरी नाम बंगाल पर थोंपा जाए। बैठक के बाद अपने संबोधन में अमित शाह ने राज्य के लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी पार्टी ने जो संकल्प पत्र जारी किया है उस पर पूरी तरह अमल किया जाएगा। उन्होंने भाजपा पर भरोसा कर बंगाल की जनता को धन्यवाद भी दिया। शनिवार को सुवेन्दु अधिकारी कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। यह एक भव्य आयोजन होगा, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह समेत एनडीए के कई बड़े नेता शामिल होंगे। बताया जा रहा है कि इस समारोह में 50 हजार लोग शिरकत करेंगे। अमित शाह का यह कहना बिल्कुल सही है कि जहां भाजपा के विधायकों का औसत मार्जिन जीत 28 हजार रहा, वहीं 3 से 77 और 77 से 207 की यात्रा अभूतपूर्व ही कही जाएगी। अब जबकि मुख्यमंत्री बनने के साथ ही सरकार बनाने का रास्ता साफ हो गया है ऐसे में अधिकारी के सामने सबसे बड़ी चुनौती तो इस समय वहां हिंसा को रोकना होगी। जो बड़े पैमाने पर जारी है और खुद उनके पीए की भी हत्या हो चुकी है। उन्होंने कहा भी है कि किसी भी लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। होनी भी नहीं चाहिए, लेकिन यह भी एक सच्चाई है कि भारी संख्या में सुरक्षाबल राज्य में तैनात होने के बावजूद व्यापक स्तर पर हिंसा का तांडव देखने में आया है।

# अफसोसनाक है राजनीति में बदले की भावना



शिबली रामपुरी



करीब पांच साल की बात रही होगी एक जगह पर सभासद का चुनाव हुआ जाहिर सी बात है कि उसमें एक ही को जीतना था और एक उम्मीदवार जीत गया और बाकी वहां पर आधा दर्जन से ज्यादा लोग खड़े थे उनको पराजय मिलनी थी तो वो हार गए। जिसकी चुनाव में जीत हुई थी उसने खुशी मनाई उसके समर्थकों ने ढोल वगैरा बजा मिठाई बांटी और बाकी को निराशा हुई। यह सब नॉर्मल बात है इसमें कोई बुराई नहीं क्योंकि जो जीतता है वह खुशी मनाता है और जो हारते हैं उनको गम होता है लेकिन इन्हीं लोगों में से कुछ ऐसे लोग भी थे कि जिन्होंने चुनाव में हारने के बाद लोगों को कसूरवार ठहराना शुरू कर दिया कि हमने इलेक्शन में उसको चाय पिलाई थी उसको मिठाई खिलाई थी लेकिन उसने हमें वोट नहीं दिया कुछ ने अपने रिश्तेदारों को ही जिम्मेदार ठहरा दिया कि उन्होंने मुझे हराया है। किसी के चुनाव हारने पर उसके भाइयों ने कुछ लोगों को सामने ना आकर आपस में बैठकर बुरा भला कहा कि उन्होंने वोट नहीं दिया तो इसलिए हमारे भाई की हार हुई है।

बहरहाल यह सभी नॉर्मल सी बात थी कि इसमें दिल की बात है किसी का दिल हल्का होता है और कोई बड़े से बड़ा दुख दर्द गम हार भी बर्दाश्त कर लेता है क्योंकि उसको पता है कि हार भी हो सकती है तो अगर हार हो जाती है तो इसमें वह किसी पर इस तरीके के इल्जाम नहीं लगाता और ना किसी को अपनी हार के लिए जिम्मेदार ठहराता है। लेकिन अब सियासत में जिस तरीके का एक चलन बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है उसको देखकर अफसोस होता है। यह चलन है पॉलिटिक्स में बदला लिए जाने की राजनीति का। पहले के दौर में ऐसा होता था कि जो कामयाब होता था वह हारने वाले को गले लगाता था और उसके घर जाकर भी अपनी कामयाबी की बधाई देता था और कहता था कि भले ही आप हार गए हैं लेकिन आपके अनुभव का हमें सम्मान है और हम आपके जज्बे और अनुभव को अहमियत देते हुए जनता का विकास करेंगे। लेकिन अब ऐसा नहीं देखने को मिल रहा है अब तो अधिकतर जगह यह होता है कि जो कामयाब होता है वह हारने वाले को बहुत ही हीनभावना से देखता है और उसका अपमान करने में भी वह पीछे नहीं रहता और मौका मिलते ही वह अपमान भी करता है और इसमें चुनावी मैदान में उतरने वाले लोग आपस में भले ही एक दूसरे से ना उलझे लेकिन उनके साथ काम करने वाले और उनकी पार्टी के कार्यकर्ता एक दूसरे से उलझना शुरू कर देते हैं। राजनीति में सफलता और असफलता मिलना कोई नई बात नहीं है। यह हमेशा से होता आया है, क्योंकि एक को सफलता मिलती है तो बाकी को असफलता मिलना स्वाभाविक है। लेकिन अब राजनीति में बदले की भावना जिस तरह बढ़ रही है, वह किसी भी तरह से सही नहीं है। इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है और राजनीतिक पार्टियों तथा उनके बड़े नेताओं को इस पर ध्यान देना चाहिए। कई जगहों से ऐसी खबरें सामने आती हैं कि जब एक राजनीतिक पार्टी सत्ता से जाती है और दूसरी सत्ता में आती है, तो वरिष्ठ नेताओं में तो ऐसा कम देखने को मिलता है, लेकिन पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच आपसी झड़प और लड़ाई-झगड़े तक हो जाते हैं। कई बार बदले की यह भावना इतनी बढ़ जाती है कि इसके गंभीर नुकसान सामने आते हैं। पहले ऐसा नहीं होता था। जब एक पार्टी जाती थी और दूसरी आती थी तब इस तरह की बदले की राजनीति देखने को नहीं मिलती थी कि हारने वालों के साथ दुर्व्यवहार किया जाए या उनके कार्यकर्ताओं को परेशान किया जाए। लेकिन मौजूदा दौर में यह सब देखने को मिल रहा है, जो पूरी तरह से चिंताजनक है। अगर यह प्रवृत्ति आगे बढ़ती रही, तो इसके भविष्य में गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। इसलिए इस तरह की राजनीति पर रोक लगनी चाहिए। तभी समाज के योग्य और बेहतर लोग राजनीति में आने की को. शिश करेंगे और माता-पिता भी चाहेंगे कि उनकी संतान एक अच्छा नेता बने।

**बहरहाल यह सभी नॉर्मल सी बात थी कि इसमें दिल की बात है किसी का दिल हल्का होता है और कोई बड़े से बड़ा दुख दर्द गम हार भी बर्दाश्त कर लेता है क्योंकि उसको पता है कि हार भी हो सकती है तो अगर हार हो जाती है तो इसमें वह किसी पर इस तरीके के इल्जाम नहीं लगाता और ना किसी को अपनी हार के लिए जिम्मेदार ठहराता है। लेकिन अब सियासत में जिस तरीके का एक चलन बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है उसको देखकर अपफसोस होता है।**

## श्रीमुख से...

### एनसीआरबी ने खोली मोदी सरकार की पोल



महिलाओं की सुरक्षा के मोर्चे पर पिछले 12 वर्षों में सरकार के दावों की वास्तविकता देश के सामने आ चुकी है, 2013 के बाद से महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 42.6 प्रतिशत, बच्चों के खिलाफ अपराधों में 204.6 प्रतिशत, दलितों के खिलाफ अत्याचारों में 41.3 प्रतिशत तथा आदिवासियों के खिलाफ अपराधों में 46.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, इस अवधि में साइबर अपराधों में 1,689 प्रतिशत का भारी इजाफा हुआ है। उनका यह भी कहना था कि 2024 में 10,546 किसानों, 52,931 दिहाड़ी मजदूरों और 14,488 विद्यार्थियों ने आत्महत्या की है, मोदी सरकार कानून-व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे करती रही, लेकिन वास्तविक आंकड़े इन दावों की पोल खोलते हैं।

-मल्लिकार्जुन खड़गे
अध्यक्ष, कांग्रेस

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**
पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजडू चुंगी, मेरठ रोड
मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003
Dainikshahtimes@gmail.com

# अब विपक्ष को गंभीर चिंतन की जरूरत



रजनीश कपूर

पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम और केरल के विधानसभा चुनाव परिणामों पर हर टीवी चौनल पर चुनावी पंडित और राजनैतिक वुशेषज्ञ गहन टिप्पणी कर रहे हैं। कुल मिलाकर इन विशेषज्ञों ने इन नतीजों को महज साधारण चुनावी उलटफेर नहीं, बल्कि लोकतंत्र की दिशा में एक बड़े बदलाव के रूप में चित्रित किया। चुनाव विश्लेषकएक ओर इसे बंगाल की विजय मानते हैं और दूसरी ओर विपक्षी दलों के लिए गंभीर आत्मचिंतन का क्षण मानते हैं। नतीजों से यह बात तो स्पष्ट है कि परिणाम केवल मतदाता रुझान नहीं, बल्कि प्रक्रियागत सवालों और विपक्ष की रणनीतिक कमजोरियों का मिश्रण हैं। लेकिन विपक्ष के लिए सबसे महत्वपूर्ण सबक यह है कि भविष्य के चुनावों के लिए उन्हें कुछ नया सोचना होगा और बेहतर रणनीति बनानी पड़ेगी। पश्चिम बंगाल की बात करें तो बीजेपी के वोट शेयर में मात्र 3 प्रतिशत की बढ़त के साथ काफी मात्रा में सीटें जीती। लेकिन तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि राज्यव्यापी विशेष गहन पुनरीक्षण SIR प्रक्रिया में लगभग 90 लाख मतदाताओं के नाम काटे गए, जिनमें अधिकांश मुस्लिम और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के पारंपरिक वोटर थे। यदि ए 4.3 प्रतिशत मतदाता वोट डाल पाते तो शायद नतीजा अलग होता। कुछ चुनवी विश्लेषक इसे क्यूरेटेड चुनाव कहते हैं। यानी परिणाम पहले से तय करने वाली प्रक्रिया। इसी तरह असम में भी बीजेपी की बड़ी जीत को चुनावी विश्लेषक सीमा-समस्या, ध्रुवीकरण और मतदाता सूची संशोधन से जोड़ कर देख रहे हैं। यदि तमिलनाडु की बात करें तो टीवीके की सफलता को सकारात्मक विकास माना जाए। डीएमके की सत्ता-विरोधी लहर और स्टालिन की अपनी सीट हारने जैसी घटना ने साबित किया कि पुरानी पार्टियां जनता से दूर हो चुकी हैं।

टीवीके की जीत नए चेहरे, युवा अपील और क्षेत्रीय आकांक्षाओं का प्रतीक है। वहीं केरल में कांग्रेस-नेतृत्व वाले यूडीएफ की जीत ने विपक्षी खेमे को कुछ राहत दी, लेकिन कुछ जानकर ऐसा मानते हैं कि क्या यह राष्ट्रीय स्तर पर बीज. पी के टेम्प्लेट का हिस्सा बन सकता है, जहां मतदाता सूची प्रबंधन, ध्रुवीकरण और संगठनात्मक ताकत एक साथ काम करती हो? गौरतलब है कि विशेष गहन पुनरीक्षण जैसी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की कमी और मतदाता सूची से नाम कटने के आरोप निश्चित रूप से जांच के योग्य हैं। चुनाव आयोग को इन सवालों का जवाब देना चाहिए, लेकिन केवल प्रक्रियागत दोषों पर जोर देकर विपक्ष अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकता। बंगाल में टीएमसी की 15 साल की सत्ता में भ्रष्टाचार, हिंसा और विकास की अनदेखी ने जनता को बीजेपी की ओर धकेला। तमिलनाडु में डीएमके का परिवारवाद और प्रदर्शन की कमी ने टीवीके जैसे नए विकल्प को रास्ता दिया। असम और केरल के नतीजे भी साबित करते हैं कि स्थानीय मुद्दे, विकास और नेतृत्व की विश्वसनीयता निर्णायक हैं। ऐसे में विपक्ष के लिए यह आत्मचिंतन का क्षण है, लेकिन विपक्ष को इसे केवल शिकायत में नहीं बदलना चाहिए। विपक्षी दलोंऔर इंडिया गठबंधन को भविष्य की रणनीति पर गंभीरता से काम करना होगा। पहलारू आंतरिक सुधार- पुरानी पार्टियां परिवारवाद, सत्ता-केंद्रित संस्कृति और भ्रष्टाचार से ग्रस्त हैं। टीएमसी और डीएमके को युवा, नए चेहरों और स्थानीय मुद्दों पर आधारित नेतृत्व विकसित करना चाहिए, जैसा टीवीके ने किया। कांग्रेस को अपने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना होगा, न कि केवल गठबंधनों पर निर्भर रहना। विपक्ष को सिर्फ बीजेपी-विरोध की राजनीति छोड़कर सकारात्मक एजेंडे पर काम करना चाहिए, जैसे कि रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान कल्याण और क्षेत्रीय अस्मिता। विपक्ष को विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे को राष्ट्रीय आंदोलन बनाना चाहिए। पारदर्शी मतदाता सूची, वीवीपीएटी की पूरी जांच, डिजिटल निगरानी और चुनाव आयोग की स्वायत्तता के लिए कानूनी लड़ाई लड़ी जाए। लेकिन यह लड़ाई केवल अदालतों तक सीमित न रहे, जमीनी स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाएं। मुस्लिम और पिछड़े वर्गों के मतदाताओं को सूची में शामिल कराने के लिए विशेष ड्राइव चलाई जाए, ताकि भविष्य में कोई क्यूरेटेड नतीजा न निकले। तीसरा, गठबंधन और रणनीतिक एकता - इंडिया गठबंधन को बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में सीट बंटवारे की बजाय विचारधारा आधारित साझेदारी पर जोर देना चाहिए। जहां टीवीके जैसी नई पार्टियां उभर रही हैं, वहां उन्हें सहयोगी बनाएं, न कि प्रतिद्वंद्वी। डिजिटल कैंपेनिंग, डेटा एनालिटिक्स और सोशल मीडिया का इस्तेमाल करके युवा वोटरों को जोड़ा जाए। विजय जैसे सेलिब्रिटी नेताओं की सफलता से सीखें, भावनात्मक जुड़ाव, साफ-सुथरी छवि और विकास-केंद्रित संदेश देना। चौथा, क्षेत्रीय मुद्दों पर फोकस- राष्ट्रीय स्तर पर बीजेपी की हिंदुत्व और विकास की दोहरी रणनीति का मुकाबला स्थानीय एजेंडे से करें।

**बंगाल में टीएमसी को हिंसा-मुक्त प्रशासन और औद्योगिक विकास का वादा करना चाहिए। तमिलनाडु में डीएमके को डीएमके-विरोधी लहर को 'क्षेत्रीय गौरव' में बदलना होगा। विपक्ष को महिला, युवा और किसान योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर देना चाहिए।**

# एक नाम, जिसमें पूरा जीवन सिमट जाता है वह है मां





कृति आरके जैन

जब जीवन पहली बार ममता की छाया में सांस लेना सीखता है, तभी मां का अर्थ समझ आता है। मई के दूसरे रविवार पर आने वाला यह दिन मां के निस्वार्थ प्रेम और अथाह त्याग का वह उजाला है, जिसमें हमारे अस्तित्व का सच्चा अर्थ साफ दिखाई देता है। भारत समेत अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में मई के दूसरे रविवार को मनाया जाने वाला मदर्स डे (मातृ दिवस) औपचारिक नहीं, उस मूल शक्ति का सम्मान है जो हर जीवन की नींव है। मां वह दीप है, जो स्वयं जलकर अंधकार हरती है, और वह आसमान है, जो हर तूफान समेट लेता है। सूरज बाद में उगता है, पर मां का स्नेह पहले ही रास्ता दिखा देता है। इसलिए यह दिन किसी रिश्ते का नहीं, उस दिव्यता का उत्सव है, जिसमें सृजन, संरक्षण और समर्पण एक साथ बसते हैं।

जहां शब्द रुक जाते हैं और समझ की सीमाएं छोटी पड़ जाती हैं, वहीं मां के प्रेम की असली गहराई शुरू होती है। विज्ञान भले बहुत आगे बढ़ जाए, पर इस अनुभूति को पूरी तरह समझ नहीं पाता। गर्भ में शिशु की पहली हलचल के साथ ही मां के तन-मन में अद्भुत बदलाव आते हैं। ऑक्सीटोसिन जैसे हार्मोन उसे पीड़ा सहने की शक्ति देते हैं, पर यह सिर्फ शरीर का विज्ञान नहीं, आत्मा का स्पंदन है। रात-रात जागकर बच्चे की देखभाल करना, अपने हिस्से का भोजन त्याग देनाकृए सामान्य नहीं, प्रेम की चरम अभिव्यक्ति हैं। भारतीय परंपरा में माता वही है जो सहेजती है, संरक्षण देती है और स्वयं को समर्पित कर देती है। रामायण की कौशल्या से महाभारत की कुंती तक और आज की हर मां तक, यह त्याग और समर्पण की धारा अनवरत बहती रही है।

जब प्रेम अपनी अंतिम सीमा पार कर त्याग में ढल जाता है, तब मां की ममता इतिहास नहीं, अमर सत्य बन जाती है। 1952 के कोरिया युद्ध की वह घटना आज भी संवेदनाओं को झकझोर देती है, जब एक मां ने अपने नवजात को ठंड से बचाने के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया। बर्फ से जमे पुल के नीचे जन्मे उस शिशु को जीवित रखने के लिए उसने अपने शरीर की आखिरी गर्मी तक उसे ओढ़ा दी। वर्षों बाद जब उस बेटे को यह सच्चाई पता चली, तो उसकी पीड़ा हर संवे. दनशील मन में गूंज उठी। यह कोई कथा नहीं, मातृत्व का वह कठोर सच है, जहां मां खुद मिटकर भी जीवन बचा लेती है। इसलिए मां की कोई तुलना संभव नहीं कृ वह हर उपमा से परे है। जब बाहरी जगमगाहट बढ़ती है और भीतर की गर्माहट कम होने लगती है, तब मां का मौन संघर्ष और गहरा हो जाता है। वह घर की सीमाओं से परे, समय और समाज के हर दबाव से लड़ते हुए बच्चों का भविष्य गढ़ती है। कभी अपने सपनों और करियर को पीछे रखकर, तो कभी बीमारी में भी मुस्कान के साथ वह हर जिम्मेदारी निभाती है। कठिन परिस्थितियों में भी बच्चों की सुरक्षा उसका अडिग संकल्प रहता है। वर्षों की मेहनत से उन्हें सफलता दिलाना और अपनी पीड़ा छुपाकर उनके सपने पूरे करनाकृयही मां की पहचान है। वह सच में ऐसी योद्धा है, जो बिना हथियार हर लड़ाई जीत लेती है। जब भावनाएं बाजार की चमक में सिमटती हैं, तब मातृ-दिवस का अर्थ धुंधला पड़ जाता है। समय के साथ यह अवसर उपहारों, कार्डों और औपचारिकताओं तक सीमित हो गया है, जबकि इसकी आत्मा कहीं गहरी है। मातृ-दिवस की पहल करने वाली अन्ना जार्विस ने इसके व्यावसाईकरण पर खेद जताया था। उनका मानना था कि मां के प्रति सच्चा सम्मान एक दिन नहीं, बल्कि रोजमर्रा के व्यवहार में झलकता है। मां के साथ बिताए गए सच्चे पल, उसकी बातों को ध्यान से सुनना और उसकी भावनाओं को समझना ही वास्तविक श्रद्धांजलि है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि मां के प्रति कृतज्ञता कोई क्षणिक भावना नहीं, बल्कि जीवनभर निभाया जाने वाला भाव है।

जहां से भविष्य की दिशा तय होती है, वहां मां की छाप सबसे गहरी होती है। वह सिर्फ परिवार की धुरी नहीं, बल्कि राष्ट्र की असली नींव है। एक शिक्षित और जागरूक मां अपने बच्चों के साथ समाज को भी सही राह दिखाती है। खेतों से शहरों तक, अनगिनत माताएं बिना वेतन और बिना विश्राम निरंतर राष्ट्र निर्माण में लगी हैं। उनका परिश्रम भले मौन हो, पर उसका प्रभाव असीम है। जब मां अपनी बेटी को शिक्षित करती है, तो वह एक नहीं, कई पीढ़ियों को सशक्त बना देती है। इसलिए मां की भूमिका इतनी विशाल है कि उसे शब्दों में पूरी तरह बांध पाना संभव नहीं। जब कृतज्ञता शब्दों से आगे बढ़कर संकल्प बन जाती है, तभी मातृ-दिवस का अर्थ पूर्ण होता है। 10 मई 2026 हमें केवल उत्सव नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों को पहचानने का अवसर देता है। मां के लिए एक स्नेहभरा फोन, उसके साथ बिताया गया थोड़ा-सा समय या एक सच्ची मुस्कान कृए छोटे कदम उसके जीवन में गहरी खुशी भर देते हैं। हमारा प्रयास होना चाहिए कि उसके चेहरे की मुस्कान कभी फीकी न पड़े और उसकी आंखों में आंसू न आएं। क्योंकि मां की प्रसन्नता ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है, और उसकी संतुष्टि से बड़ा कोई पुरस्कार नहीं। जब हर रिश्ता समय के साथ बदलता है, तब भी एक सत्य अडिग रहता है मां। उसका प्रेम वह सूक्ष्म धागा है, जो टूटे सपनों को फिर से जोड़ देता है और बिखरे जीवन को संवार देता है। 10 मई 2026 का यह मातृ-दिवस हमें याद दिलाता है कि हम उसी के अंश हैं, उसके त्याग और स्नेह का विस्तार हैं।



ठाणे। महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (एमएसबीएसएचएसई) की कक्षा 10 के परिणाम घोषित होने के बाद जश्न मनाते छात्र व छात्राएं।

## दक्षिण कोरिया में पहले रोबोट भिक्षु 'गाबी' को बौद्ध दीक्षा दी गई

**सोल।** दक्षिण कोरिया में बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर से पहले बौद्ध दीक्षा देकर पहले रोबोट भिक्षु 'गाबी' को आधिकारिक रूप से आध्यात्मिक सेवा में शामिल किया है। देश की राजधानी सोल स्थित जोग्येसा मंदिर के ड्युंगजेयोन हॉल में आयोजित एक विशेष समारोह के दौरान बुधवार को 130 सेंटीमीटर ऊंचे इस रोबोट ने पारंपरिक बौद्ध वस्त्र धारण कर भिक्षुओं के साथ प्रार्थना में भाग लिया। चीनी कंपनी यूनिट्री रोबोटिक्स द्वारा विकसित इस ह्यूमनॉइड रोबोट 'जी1' को जोग्ये ऑर्डर ऑफ कोरियन बुद्धिज्म द्वारा आयोजित दीक्षा समारोह में 'गाबी' नाम दिया गया। 'सुग्ये' नामक इस अनुष्ठान में रोबोट ने बुद्ध की शिक्षाओं और मठवासी समुदाय के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। दक्षिण कोरिया के इतिहास में यह अपनी तरह का पहला मामला है जब किसी ह्यूमनॉइड रोबोट को बौद्ध दीक्षा दी गई है।

# भारत के सामने कमजोर साबित हुआ पाक रक्षा नेटवर्क

## अफगान डायस्पोरा नेटवर्क की रिपोर्ट में बड़ा दावा: पाक के एयरफील्ड हैंगर और रडार सिस्टम को काफी नुकसान पहुंचा

**काबुल।** भारत का ऑपरेशन सिंदूर इस बात का सबसे बड़ा उदाहरण था कि पाकिस्तान की रक्षा व्यवस्था उतनी मजबूत नहीं निकली जितना दावा किया जाता था। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले साल भारत के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, जब पाकिस्तान के रक्षा प्रणालियों को रियल-टाइम टारगेटिंग, एकीकृत वायु रक्षा और इलेक्ट्रानिक युद्ध के विरुद्ध परखा गया तो वे उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे।

अफगान डायस्पोरा नेटवर्क की रिपोर्ट में कहा गया कि आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम से यह उम्मीद नहीं होती कि वह हर हमला रोक दे, लेकिन उससे कम से कम अहम सैन्य ठिकानों को बार-बार और एक साथ होने वाले हमलों से बचाने की उम्मीद जरूर की जाती है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ऐसा करने में नाकाम रहा। रिपोर्ट में बताया गया कि भारतीय हमलों से पाकिस्तान के एयरफील्ड, हैंगर और रडार सिस्टम को काफी नुकसान पहुंचा। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान का एचक्यू-9 लंबी

■ पाकिस्तान की तरफ से किए गए दावों को समर्थन देने वाला कोई ठोस सबूत अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में साझा नहीं किया गया



दूरी वाला सतह से हवा में मार करने वाला मिसाइल सिस्टम भी उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाया। इसे चीन के एक हाई-एंड सिस्टम के तौर पर पेश किया गया था, जो पश्चिमी और रूसी सिस्टम को टक्कर देने वाला माना जाता था। माना जा रहा था कि यह भारतीय एयर आपरेशंस को मुश्किल बना देगा और रणनीतिक एयर बेस की रक्षा करेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पाकिस्तान और चीन ने मिलकर विकसित किया जेएफ-17 मल्टीरोल फाइटर विमान भी कमजोर साबित हुआ। रिपोर्ट में कहा गया कि यह भारतीय हमलों को संवेदनशील सैन्य ठिकानों तक पहुंचने से नहीं रोक पाया। साथ ही शुरुआती हवाई लड़ाई के बाद भारतीय एयरबेस को किसी बड़े नुकसान का कोई साफ सबूत भी सामने नहीं आया। रिपोर्ट में कहा गया, जिस विमान को पाकिस्तान की सस्ती और मजबूत एयर पावर की रीढ़ बताया जाता था, उसके लिए यह प्रदर्शन भरोसा बढ़ाने वाला नहीं था। जे-10सी लड़ाकू विमान और पीएल-15 लंबी दूरी की एयर-टू-एयर मिसाइल के बारे में भी रिपोर्ट में कहा गया कि इनके किसी बड़े सामरिक सफलता के पक्के सबूत नहीं मिले। पाकिस्तान की तरफ से किए गए दावों को समर्थन देने वाला कोई ठोस सबूत अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में साझा नहीं किया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि जे-10सी की कथित रणनीतिक सफलता अब तक बड़े निर्यात में नहीं बदली है। पेंटागन की 2025 की चीन सैन्य रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया कि पाकिस्तान अभी तक जे-10सी का इकलौता विदेशी ग्राहक बना हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान लंबे समय से चीनी सैन्य उपकरणों के परीक्षण के लिए एक भरोसेमंद प्रयोगशाला की तरह काम करता रहा है, और उनकी कमियों का असर भी उसे ही झेलना पड़ा है। रिपोर्ट में कहा गया कि पाकिस्तान के सैन्य उपकरणों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लगातार भरोसे की कमी का सामना करना पड़ रहा है। ऑपरेशन सिंदूर ने सिर्फ कुछ सिस्टम को नुकसान नहीं पहुंचाया, बल्कि पाकिस्तान के इस दावे को भी कमजोर कर दिया कि उसकी रक्षा व्यवस्था पूरी तरह भरोसेमंद और युद्ध के लिए तैयार है।

# अमेरिका ने फिर की ईरान पर बमबारी

## वॉशिंगटन ने कहा: ईरानी सेना ने उसके जंगी जहाजों पर मिसाइल, ड्रोन और छोटी नावों से हमला किया था

**तेहरान/वाशिंगटन।** अमेरिका ने सीजफायर के बावजूद ईरान पर फिर बमबारी की। अमेरिका ने कहा कि ईरानी सेना ने उसके जंगी जहाजों पर मिसाइल, ड्रोन और छोटी नावों से हमला किया था। इसके जवाब में अमेरिकी सेना ने ईरान के सैन्य ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान ने डील नहीं की तो अमेरिका आगे भी हमले करेगा।

वहीं, ईरान का दावा है कि अमेरिकी हमले में सैन्य ठिकानों नहीं, नागरिक इलाकों को निशाना बनाया गया। ईरानी सेना ने कहा कि उसने जवाबी कार्रवाई में होर्मुज स्ट्रेट और चाबहार पोर्ट के पास मौजूद अमेरिकी सैन्य जहाजों को निशाना बनाया। ईरान ने आरोप लगाया कि अमेरिकी सेना ने ओमान की खाड़ी में उसके तेल टैंकरों को निशाना बनाया। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि ईरान के मिसाइल भंडार खत्म हो चुके हैं। अराघची ने कहा कि अमेरिकी सीआईए की इंटेलिजेंस गलत है। उन्होंने दावा किया कि ईरान का मिसाइल रिजर्व 120 प्रतिशत पर है और देश अपनी जनता की रक्षा के लिए 1000 प्रतिशत तैयार है। अराघची ने एक्स पर लिखा कि हर बार जब कूटनीतिक समाधान सामने आता है, अमेरिका सैन्य रास्ता चुनता है। ईरानी कभी दबाव में नहीं झुकेंगे। न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका और ईरान 30 दिन तक लड़ाई रोकने और होर्मुज स्ट्रेट खोलने के प्रस्ताव पर चर्चा कर रहे हैं। इसी दौरान स्थाई डील पर बातचीत जारी रहेगी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि होर्मुज से गुजर रहे अमेरिकी जंगी जहाजों पर मिसाइल और ड्रोन हमले हुए, लेकिन अमेरिकी सेना ने उन्हें मार गिराया और हईरानी छोटी नावों को तबाह कर दिया। संयुक्त राष्ट्र की समुद्री एजेंसी आईएमओ के मुताबिक, होर्मुज संकट के कारण खाड़ी क्षेत्र में करीब 1500 जहाज फंसे हुए हैं। तेल, गैस और सप्लाई चेन पर असर बढ़ रहा है, जबकि सोमालिया जैसे देशों में खाद्य संकट और गहरा गया है। इजरायल ने दावा किया कि उसने हिजबुल्लाह की रदवान यूनिट के कमांडर अहमद बलूत समेत कई बड़े कमांडरों को बेरूत हमले में मार गिराया। जवाब में हिजबुल्लाह ने दक्षिणी लेबनान में इजरायली टैंक और सैन्य ठिकानों पर हमलों का दावा किया। अमेरिका ने ईरान से जुड़े नेटवर्क पर नए प्रतिबंध लगाए। इनमें इराक के डिप्टी आयल मिनिस्टर अली मारीज अल-बहादली और कई कंपनियां शामिल हैं। अमेरिका का आरोप है कि ये लोग तेल कारोबार के जरिए ईरान और उसके समर्थित समूहों की मदद कर रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा-अमेरिका के तीन बड़े युद्धपोत सुरक्षित तरीके से होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर गए, जबकि उन पर हमला किया गया था। ट्रम्प के मुताबिक, इन जहाजों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा, लेकिन जवाबी कार्रवाई में ईरान के हमलावर पूरी तरह तबाह हो गए। कई छोटी नावें भी समुद्र में डुबो दी गईं, जिनका इस्तेमाल ईरान अपनी कमजोर पड़ चुकी नौसेना की जगह कर रहा था। ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिकी युद्धपोतों पर मिसाइलें और ड्रोन दागे गए, लेकिन अमेरिकी सेना ने सभी हमलों को हवा में ही नष्ट कर दिया।



■ ईरान का मिसाइल रिजर्व 1 प्रतिशत पर है और देश अपनी जनता की रक्षा के लिए 1000 प्रतिशत तैयार है: अराघची

### ट्रम्प ने तुलना में ईरान युद्ध को बहुत छोटा बताया

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर एक चार्ट साझा करते हुए दावा किया है कि ईरान के साथ जारी सैन्य संघर्ष, द्वितीय विश्व युद्ध और वियतनाम युद्ध जैसे ऐतिहासिक युद्धों की तुलना में काफी छोटा रहा है। ट्रम्प द्वारा 'ट्रूथ सोशल' पर साझा किए गए ग्राफिक में इस संघर्ष को ईरान अभियान (ईरान एक्सकर्शन) का नाम दिया गया है और इसके छह सप्ताह से जारी होने का दावा किया गया है। हालांकि, आंकड़ों के अनुसार ईरान के साथ यह युद्ध 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए संयुक्त मिसाइल हमलों के बाद शुरू हुआ था, जिसे अब नौ सप्ताह से अधिक का समय हो चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस संघर्ष को 'अविश्वसनीय रूप से सफल' बताते हुए कहा है कि यह बहुत जल्द समाप्त हो जाएगा। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि ईरान शांति समझौते को स्वीकार नहीं करता है, तो वे और भी बड़े स्तर के हमले के आदेश दे सकते हैं। ट्रम्प के इस चार्ट में अफगानिस्तान युद्ध (543 सप्ताह), इराक युद्ध (457 सप्ताह) और वियतनाम युद्ध (439 सप्ताह) की तुलना में ईरान संघर्ष की कम अवधि पर गर्व जताया गया है।

## इंडोनेशिया में ज्वालामुखी में विस्फोट तीन पर्वतारोहियों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक सुदूर हलमहेरा द्वीप पर स्थित माउंट दुकोनो में शुक्रवार सुबह अचानक हुए विस्फोट से तीन पर्वतारोही मौत हो गई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह हादसा तब हुआ, जब ज्वालामुखी से अचानक राख की मोटी परत और ज्वालामुखीय मलबा निकलने लगा। इससे क्रेटर के पास मौजूद पर्वतारोहियों का एक समूह फंस गया। अन्य जीवित बचे लोगों से मिली सूचना के बाद तड़के बचाव दल मौके पर पहुंचा। जहां ट्रैकिंग समूह के कई सदस्य भारी राख के कारण लगी मामूली चोटों और सांस संबंधी समस्याओं के साथ सुरक्षित निकलने में सफल रहे, वहीं तीन लोगों की मौत ज्वालामुखीय चट्टानों की चपेट में आने से हुई। स्थानीय अधिकारियों ने पुष्टि की कि जब विस्फोट हुआ, तब ये पर्वतारोही शिखर के पास प्रतिबंधित क्षेत्र में थे। माउंट दुकोनो के अलावा माउंट इबू में भी बड़ा विस्फोट हुआ है। उत्तरी मालुकु में स्थित इस ज्वालामुखी में स्थानीय समय के अनुसार आज दोपहर लगभग 1:41 बजे धमाका हुआ।

## होर्मुज स्ट्रेट में अमेरिका-ईरान युद्धविराम बरकरार: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि गुरुवार देर रात अमेरिका और ईरान दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी के बाद भी युद्धविराम बरकरार है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि पहले गोली किसने चलाई। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार ईरान के शीर्ष सैन्य कमान ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य की ओर आ रहे एक ईरानी तेल टैंकर और एक अन्य पोत को निशाना बनाया और कई तटीय क्षेत्रों पर 'हवाई हमले' किए।

इस बीच अमेरिका ने कहा कि उसने जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसेना के निर्देशित मिसाइल विध्वंसक पोतों पर ईरानी हमलों का जवाब 'आत्मरक्षा' के तौर पर दिया। ट्रम्प ने कहा कि ईरान ने 'आज हमसे खिलवाड़ किया'। ईरानी सरकारी मीडिया ने शुरू में होर्मुज जलडमरूमध्य में 'विस्फोटों' की सूचना दी, जिसे 'शत्रुता' के साथ 'गोलीबारी' बताया गया। इस बीच, स्थानीय मीडिया ने तेहरान में विस्फोटों की आवाजें सुनने की सूचना दी। इसके कुछ ही समय बाद, ईरान के शीर्ष सैन्य कमान के एक बयान में कहा गया कि अमेरिकी 'हवाई हमलों' ने बंदर खमीर, सिरिक और केशम द्वीप के तटों को निशाना बनाया। ईरान ने कहा कि उसने अमेरिकी सैन्य जहाजों पर तत्काल हमला करके जवाबी कार्रवाई की, जिससे 'काफी नुकसान' हुआ, और अमेरिका पर 'युद्धविराम का उल्लंघन' करने का आरोप लगाया। अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने ईरान के हमलों को 'बिना किसी उकसावे के' बताया और कहा कि जब अमेरिकी नौसेना के निर्देशित मिसाइल विध्वंसक स्ट्रेट से गुजर रहे थे, तब ईरानी सेना ने कई मिसाइलों, ड्रोन और छोटी नौकाओं से हमले किए। सेंटकॉम ने कहा कि उसने आने वाले खतरों को खत्म कर दिया है और अमेरिकी सेना पर हमला करने के लिए जिम्मेदार ईरानी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है।

■ ईरान ने अमेरिकी सैन्य जहाजों पर तत्काल हमला करके जवाबी कार्रवाई की जिससे 'काफी नुकसान' हुआ

## युद्धविराम के बीच इजरायल की कार्रवाई तेज

### लेबनान के गांव को खाली करने का दिया आदेश

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान के अल-अब्बासियाह गांव में इजरायली सेना ने जबरन विस्थापन का आदेश जारी किया है। यह गांव टायर शहर के पूर्व में स्थित है। इजरायली सेना के अरबी भाषा के प्रवक्ता अविचाई अद्राई ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर गांव के निवासियों से तुरंत अपने घर खाली करने को कहा।

पोस्ट में कहा गया कि अल-अब्बासियाह के लोग बिना देरी किए गांव छोड़ दें और कम से कम 1000 मीटर दूर खुले इलाकों की ओर चले जाएं। लेबनान में फिलहाल युद्धविराम लागू होने के बावजूद इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। दक्षिणी लेबनान में इजरायली सैन्य कार्रवाई और हवाई हमलों के चलते कई इलाकों से लोगों का पलायन जारी है। वहीं, हिजबुल्लाह और इजरायली बलों के बीच रुक-रुक कर संघर्ष भी जारी है। लेबनान में भारतीय दूतावास ने खाड़ी क्षेत्र में फंसे पांच भारतीयों को निकाला और उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की। इस मिशन के लिए दूतावास ने लेबनान की सरकार का आभार जताया है। दूतावास ने सोशल मीडिया में कहा, पांचों भारतीयों की सुगम वापसी में सहयोग व समर्थन के लिए लेबनानी अधिकारियों का हार्दिक धन्यवाद। वहीं अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल ने दक्षिण लेबनान के नबातियेह जिले में हवाई हमले किए हैं।



■ दक्षिण लेबनान पर इजरायली हवाई हमले, 11 लोगों की मौत

## हंतावायरस वाले जहाज पर 2 भारतीय, अब तक 3 की मौत

**प्राया।** अटलांटिक महासागर में क्रूज शिप डट होंडियस पर 2 भारतीय नागरिक शामिल है। यह वही शिप हैं, जिस पर हंतावायरस फैला है। बीबीसी के मुताबिक अब तक जहाज पर हंतावायरस संक्रमण के पांच मामलों की पुष्टि हुई है और 3 लोगों की मौत हो चुकी है।

वहीं, नीदरलैंड की लीडेन यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर में भर्ती हंतावायरस मरीज का इलाज कर रहीं डाक्टर करिन एलेन वेल्डकैंप ने कहा कि यह वायरस कोरोना जैसा नहीं है। उन्होंने कहा कि हंतावायरस का इंसान से इंसान में फैलना आसान नहीं है। इसका ट्रांसमिशन कोरोना की तुलना में काफी मुश्किल है। डच फ्लैग वाला यह जहाज स्पेन जा रहा है। यह 10 मई तक स्पेन के कैनरी आइलैंड तक पहुंच सकता है, जहां जहाज पर मौजूद सभी यात्रियों की जांच होगी। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि घटना गंभीर है, लेकिन फिलहाल आम लोगों के लिए खतरा कम माना जा रहा है।

■ डाक्टर बोले: यह कोरोना की तरह तेजी से नहीं फैलता, संक्रमण के पांच मामलों की पुष्टि हुई

## जर्मनी में भारतीय कामगारों की मांग

**संयुक्त राष्ट्र।** जर्मनी के बहुपक्षीय मामलों के कमिश्नर फ्लोरियन लाडी के अनुसार जर्मनी की देश-विशिष्ट माइग्रेशन नीति के तहत भारत पसंदीदा देश है। उन्होंने भारत को स्किल्ड कामगारों के सबसे महत्वपूर्ण सोर्स में से एक बताया। भारत के यूएन मिशन की ओर से आयोजित 'माइग्रेशन गवर्नेंस में डिजिटल इनोवेशन का फायदा उठाना' विषय पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरा लाउडी ने कहा कि दोनों देशों के बीच बेहतरीन सहयोग एक ट्रिपल विन है- माइग्रेंट्स के लिए, मेजबान जर्मनी के लिए जहां श्रमिकों की कमी है, और भारत के लिए जिसके पास बड़ी संख्या में कार्यबल उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि 'यह उन हजारों युवा भारतीय श्रमिकों के लिए जीत है, जो जर्मनी आए हैं। मैं इसे हर दिन बर्लिन की सड़कों पर देखता हूं। कुल मिलाकर, जर्मनी में भारतीय माइग्रेंट्स बेहद क्वालिफाइड हैं, खासकर विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में। उनकी असाधारण योग्यता उनकी औसत आय में भी दिखती है, जो जर्मनी की औसत आय से अधिक है। उन्होंने कहा कि अकेले 2025 में 1,80,000 भारतीयों ने जर्मनी के वर्कफोर्स में योगदान दिया है, जो पिछले दस वर्षों में 656 फीसदी की बढ़ोतरी दर्शाता है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

## प्रवासन पर भारत का दृष्टिकोण समग्र और व्यावहारिक

**न्यूयार्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में कहा कि वह प्रवासन के लिए एक समावेशी, मानवीय और भविष्य के लिए तैयार ढांचा बनाने की कोशिश कर रहा है। इसके अलावा, अनियमित प्रवासन और मानव तस्करी जैसी समस्याओं से भी निपट रहा है।

केंद्रीय मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने न्यूयार्क में ग्लोबल काम्पैक्ट फार माइग्रेशन (जीसीएम) के दूसरे अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन समीक्षा मंच (आईएमआरएफ) की पूर्ण बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा प्रवासन असल में लोगों, उनकी आकांक्षाओं, उनकी मेहनत और समाज में उनके योगदान के बारे में है। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसा ढांचा बनाने का प्रयास कर रहे हैं, जो समावेशी, मानवीय और भविष्य के लिए हो। साथ ही अनियमित प्रवासन, मानव तस्करी और सामाजिक सुरक्षा की कमियों जैसी चुनौतियों का भी समाधान करे। सिंह ने बताया कि भारत प्रवासन को एक 'समग्र और व्यावहारिक' ढांचे (फ्रेमवर्क) के जरिये प्रबंधित करता है, जिसमें प्रवासियों की सुरक्षा, प्रवासन प्रक्रिया के हर चरण की निगरानी और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के सबसे बड़े और सक्रिय प्रवासी समुदायों में से एक का घर है, जिसमें 3.4 करोड़ से अधिक लोग शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, भारत वैश्विक धन प्रेषण (रेमिटेंस) प्राप्त करने वाला प्रमुख देश है, यह देखता है कि प्रवासन जीवन, समुदायों और राष्ट्रों को कैसे बदल सकता है।

■ प्रवासन के लिए एक समावेशी, मानवीय और भविष्य के लिए तैयार ढांचा बनाने की कोशिश जारी: विदेश राज्य मंत्री

उ.प्र. शासन एवं उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
प्रदेश के निजी क्षेत्र में संचालित संस्थाओं में होम्योपैथिक भैषजिक (फार्मासिस्ट) के दो वर्षीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम हेतु डिप्लोमा इन होम्योपैथिक फार्मेसी
प्रवेश परीक्षा 2026-27
महर्षि चरक पैरा मेडिकल कॉलेज
देवबन्द जिला सहारनपुर (उ0प्र0) सीटें 100
मो. 9368119199, 7983332502
शैक्षिक योग्यता एवम शर्तें-इंटर मीडिएट विज्ञान वर्ग अथवा मान्यता प्राप्त समकक्ष योग्यता इण्टर मीडिएट परीक्षा में सम्मिलित छात्र भी पात्र होगे अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होने का प्रमाण-पत्र सक्षम प्राधिकारी से जारी देना होगा। अभ्यर्थी की आयु 31 अगस्त 2026 को 17 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। अन्य विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र प्रशिक्षण केन्द्रो से या वेबसाईट www.mcgcdeoband.com के द्वारा दिनाँक 31 मई 2026 सायं 5.00 बजे तक 500.00 (परीक्षा शुल्क सहित) नकद अथवा डी.डी. के माध्यम से जमा कर प्राप्त कर सकते हैं।
प्रवेश परीक्षा 2026-27 डी.एच.पी. (संयोजक)
महर्षि चरक पैरा मेडिकल कॉलेज देवबन्द जिला सहारनपुर (उ0प्र0)

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.



अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)